आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* मां कर्मादेवी जयंती
* पाप मोचनी ग्यारस

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 58 | उज्जैन, रविवार 15 मार्च, 2026 | चैत्र कृष्ण 12 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

5 दिन बाद कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई शुरू, सरकार ने कहा- घबराकर बुकिंग न करें

# दिल्ली के होटल-रेस्टोरेंट कचरे से बनी गैस इस्तेमाल करें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने 5 दिन बाद कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर पर लगी रोक हटा दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कमर्शियल सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है। सरकार ने 9 मार्च को कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पर रोक लगाई थी।

वहीं, सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण को रोकने के लिए देशभर में छापेमारी तेज कर दी गई है। सरकार ने कहा है कि घरेलू उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मिनिस्ट्री की जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि अब दिल्ली-एनसीआर की इंडस्ट्रीज, होटल, रेस्टोरेंट और दूसरी संस्थाओं को एक महीने के लिए नेचुरल गैस की जगह बायोमास से बने पेलेट्स, खासकर रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल पेलेट्स के अस्थायी इस्तेमाल की मंजूरी दे दी गई है।

## गैस एजेंसी के बाहर बुजुर्ग की हार्टअटैक से मौत



यूपी में रसोई गैस सिलेंडर का संकट जानलेवा हो गया है। फर्रुखाबाद में सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगे मोहम्मद मुख्तियार (76) की तबीयत बिगड़ गई। परिजन अस्पताल लेकर भागे, लेकिन उनकी मौत हो गई। घटना लाल सराय स्थित भारत गैस एजेंसी की है। मोहम्मद मुख्तियार शुक्रवार सुबह करीब 6.30 बजे एजेंसी पहुंचे थे। लाइन में लगे-लगे अचानक गिर पड़े। परिवार को इसकी सूचना दी गई। परिजन उन्हें सुबह 10 बजे आवास विकास स्थित प्राइवेट डॉक्टर उदय राज के पास ले गए। जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

महिला बोली- मन कर रहा खुदकुशी कर लूं, 8 दिन से सिलेंडर नहीं मिला

## एलपीजी लेकर आ रहे दो भारतीय जहाजों ने होर्मुज रूट पार किया



खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे दो भारतीय जहाज शनिवार सुबह सुरक्षित तरीके से होर्मुज रूट पार कर गए हैं। यह इलाका फिलहाल युद्ध की चपेट में है। शिपिंग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने मीडिया को बताया कि एलपीजी जहाज 'शिवालिक' और 'नंदा देवी' अब गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन जहाजों में 92,700 टन एलपीजी है और इनके 16 या 17 मार्च तक भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचने की संभावना है। माना जा रहा है कि इससे गैस की किल्लत कम हो सकती है। ये दोनों जहाज उन 24 जहाजों में शामिल थे, जो इस क्षेत्र में युद्ध शुरू होने के बाद से ही होर्मुज रूट के पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए थे।

## रोज 88 लाख लोग गैस बुकिंग कर रहे

- पहले रोज करीब 55 लाख सिलेंडर की बुकिंग होती थी, जो अब बढ़कर करीब 88 लाख तक पहुंची।
- कंपनियां रोज करीब 50 लाख सिलेंडर की डिलीवरी कर रही हैं।
- दो सिलेंडर की डिलीवरी के बीच कम से कम 25 दिन और ग्रामीण इलाकों में 45 दिन का अंतर तय है।
- भारत अपनी जरूरत का करीब 88% कच्चा तेल, 50% गैस और 60% एलपीजी आयात करता है।
- घरेलू उत्पादन पहले 10% फिर 25% बढ़ाया गया, अब इसे 31% तक बढ़ा दिया गया है।

## पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मिनिस्ट्री की जॉइंट सेक्रेटरी ने दी छूट

पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मिनिस्ट्री की जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि अब दिल्ली-एनसीआर की इंडस्ट्रीज, होटल, रेस्टोरेंट और दूसरी संस्थाओं को एक महीने के लिए नेचुरल गैस की जगह बायोमास से बने पेलेट्स, खासकर रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल पेलेट्स के अस्थायी इस्तेमाल की मंजूरी दे दी गई है। कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट यानी सीएक्यूएम ने यह आदेश जारी किया है। रिफ्यूज-डिराइव्ड फ्यूल असल में कचरे से बनाया गया एक तरह का ईंधन है। इसमें नगर निगम और इंडस्ट्रीज से निकलने वाले सूखे कचरे- जैसे प्लास्टिक, कागज, कपड़ा और लकड़ी को प्रोसेस किया जाता है।

## देश विदेश

### एअर इंडिया-इंडिगो के बाद अकासा की भी टिकटें महंगी

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया-इंडिगो के बाद अब अकासा एयर की फ्लाइट्स भी कल से महंगी हो जाएंगी। एयरलाइन कंपनी ने रविवार से सभी घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर फ्यूल सरचार्ज लगाने की घोषणा की है। अकासा एयर ने कहा कि 15 मार्च को रात 12.01 बजे के बाद बुक किए जाने वाले टिकटों पर 199 रुपए से लेकर 1,300 रुपए तक का एडिशनल सरचार्ज वसूला जाएगा। मिडिल ईस्ट तनाव और अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग की वजह से जेट फ्यूल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के कारण यह कदम उठाना पड़ रहा है। अकासा एयर के कहा कि अगर आपने 15 मार्च रात 12.01 बजे से पहले टिकट बुक कर लिया है, तो आपको अतिरिक्त पैसा नहीं देना होगा।

### सरकार ने सोनम वांगचुक पर लगा एनएसए हटाया, 170 दिन बाद जोधपुर जेल से रिहा

**नई दिल्ली।** केंद्र ने शनिवार को लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता और इंजीनियर सोनम वांगचुक पर लगा नेशनल सिक्युरिटी एक्ट हटा दिया। सरकार ने कहा कि यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया। गृह मंत्रालय के अनुसार, सोनम ने एनएसए एक्ट के तहत अपनी हिरासत की अवधि का लगभग आधा हिस्सा पूरा कर लिया है। इसके बाद सुबह करीब 10 बजे सोनम की पत्नी गीतांजलि जोधपुर जेल पहुंचीं। इसके बाद कागजी कार्रवाई पूरी की गई। फिर दोपहर सवा एक बजे पत्नी के साथ एक निजी गाड़ी से जेल से निकले। दरअसल, सोनम के अनशन के दौरान 24 सितंबर 2025 को लेह हिंसा हुई थी। दो दिन बाद 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत वांगचुक को हिरासत में लिया था। इसके बाद उन्हें फौरन जोधपुर शिफ्ट कर दिया था। 170 दिन से वे जोधपुर जेल में हैं। अब

### फिल्म इंडस्ट्री को लेकर अभिनेत्री तनुश्री दत्ता का गंभीर दावा



कहा-शोबिज में कई कलाकारों का इस्तेमाल हो जाता है; कुछ तो प्रॉस्टिट्यूशन में चले जाते हैं

**मुंबई।** एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री (शोबिज) में नए कलाकारों के शोषण को लेकर गंभीर दावे किए हैं। उन्होंने कहा कि मनोरंजन जगत में कई नए लोगों के साथ शोषण होता है और कुछ को तो देह व्यापार तक में धकेल दिया जाता है। यूट्यूब चैनल मेरी सहेली के साथ बातचीत में तनुश्री ने कहा कि इंडस्ट्री में आने वाले कई नए लोगों को पहले तारीफों और बड़े वादों से आकर्षित किया जाता है। उन्होंने कहा, किसी को कहा जाता है कि आप हीरोइन बनेंगे या बड़े स्टार बनेंगे, लेकिन कई बार यही बातें आगे चलकर एक जाल की शुरूआत बन जाती हैं। तनुश्री के अनुसार, कई लोग पहले नए कलाकारों की तारीफ करते हैं और फिर उन्हें अलग-अलग लोगों से मिलने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे माहौल में कलाकारों को बहुत संयम और सावधानी के साथ आगे बढ़ना पड़ता है। तनुश्री ने कहा कि बचपन में माता-पिता जो सावधान रहने की सीख देते हैं, वह बड़े होने के बाद भी लागू होती है। उन्होंने कहा कि जैसे बच्चों को अनजान लोगों के साथ न जाने की सलाह दी जाती है, वैसे ही इंडस्ट्री में भी सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने बताया कि यहां लालच अलग तरीके से दिया जाता है। उनके मुताबिक कई लोग कलाकारों की महत्वाकांक्षा, उम्मीदों और सपनों का इस्तेमाल करते हैं। तनुश्री ने कहा कि वह इन मुद्दों पर इसलिए बोलती हैं ताकि इंडस्ट्री में आने वाले नए लोगों को चेतावनी मिल सके। तनुश्री ने आशिक बनाया आपने, भागम भाग, ढोल, गुड बॉय बैड बॉय और रिस्क जैसी कई फिल्मों में काम किया है।

### मोबाइल का पासवर्ड नहीं बताने पर बड़े भाई की हत्या

**आगरा।** आगरा में मोबाइल का पासवर्ड नहीं बताने पर छोटे भाई ने बड़े भाई की पीट-पीटकर हत्या कर दी। बीच-बचाव करने आई मां को भी धक्का देकर गिरा दिया। वारदात के बाद वह भागने लगा। मां ने शोर मचाया। चीख-पुकार सुनकर गली के लोगों ने पीछाकर उसे पकड़ लिया। मां ने कहा- छोटे बेटे ने उनका पूरा संसार उजाड़ दिया। वह बड़े बेटे की शादी के लिए लड़की देख रहे थे, लेकिन उससे पहले ही उसे मार डाला। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना शुक्रवार देर रात थाना कोतवाली के टीला माईथान इलाके की है।

### पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में 2 विस्फोटक ड्रोन मार गिराए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सुरक्षा एजेंसियों ने विस्फोटकों से भरे दो ड्रोन मार गिराए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक ड्रोन फैजाबाद इलाके के पास गिरा, जबकि दूसरा क-9 सेक्टर में गिराया गया। इससे पहले अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के कोहाट क्षेत्र में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। दरअसल पाकिस्तान ने गुरुवार रात अफगानिस्तान की राजधानी काबुल और कंधार में हवाई हमले किए थे। तालिबान अधिकारियों के मुताबिक इन हमलों में 6 लोगों की मौत और 15 लोग घायल हुए। इस बीच पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने कहा कि इस्लामाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानें सामान्य रूप से जारी हैं और एयरपोर्ट बंद होने की खबरें गलत हैं।

एलपीजी से लेकर पेट्रोल-डीजल की प्रदेश में कोई कमी नहीं- सीएम यादव

# वैश्विक स्तर पर युद्ध के हालातों के बीच राहुल गांधी को सच्चाई समझनी चाहिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ग्वालियर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर जिले के घाटीगांव पहुंचे। उन्होंने यहां से प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपए अंतरित किए। शबरी माता मंदिर परिसर में आयोजित राज्यस्तरीय महिला सम्मेलन में लाड़ली बहनों को संबोधित करते हुए सीएम मोहन यादव ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कार्यक्रम में उन्होंने ग्वालियर जिले को 122 करोड़ रुपए के 54 विकास कार्यों की सौगात भी दी। ग्वालियर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मीडिया से भी मुखातिब हुए। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर देश को लज्जित करने का आरोप लगाया। सीएम मोहन यादव ने उन्हें गंभीर बनने की सलाह दी।

ग्वालियर में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में एलपीजी गैस और पेट्रोल-डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने दोहराया कि एलपीजी से लेकर पेट्रोल-डीजल की प्रदेश में कोई कमी नहीं है। सीएम मोहन यादव ने कालाबाजारी करनेवालों पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि प्रशासन को एलपीजी गैस और पेट्रोल-डीजल की उपलब्ध के संबंध में उचित निर्देश दिए गए हैं। कोई कालाबाजारी करता है तो अफसर कार्रवाई करने के लिए सक्षम हैं।

## अफवाहों पर ना दें ध्यानः सीएम मोहन यादव

गैस सिलेंडर को लेकर मची अफरा-तफरी के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बयान जारी करते हुए लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। 11 एलपीजी बॉटलिंग प्लांटों में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सीएम मोहन यादव ने अपील करते हुए लोगों से कालाबाजारी की शिकायत करने की अपील की है। इसको लेकर टोल फ्री नंबर्स जारी किए गए हैं। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के ग्राहक 1800-2333-555, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के ग्राहक 1800-258-7170 और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के ग्राहक 1800-22-4344 पर संपर्क कर सकते हैं।



## सीएम यादव ने की राहुल गांधी की निंदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान की कठोर शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा है कि वैश्विक स्तर पर युद्ध के हालातों के बीच राहुल गांधी को सच्चाई समझनी चाहिए। राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ हल्की भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए। जनता सब समझ रही है। इन्हीं हरकतों की वजह से कांग्रेस सत्ता से लगातार दूर बनी हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ईरान-अमेरिका-इजराइल युद्ध से वैश्विक हालात गंभीर बने हुए हैं। हमारे एशिया के नजदीक घट रही घटनाओं के बीच दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के सबसे बड़े पद पर आसीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए राहुल गांधी जिस प्रकार से हल्की भाषा बोलते हैं, मैं उनकी निंदा करता हूं।

## अडाणी पावर प्लांट में आगजनी, गाड़ियों में तोड़फोड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सिंगरौली

सिंगरौली जिले के माडा थाना क्षेत्र के बधौरा स्थित अडाणी पावर प्लांट में शनिवार सुबह मजदूर की मौत के बाद जमकर हंगामा हो गया। गुस्साए मजदूरों ने प्लांट परिसर में तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी। सामने आए वीडियो में दूर से काले धुएं का बड़ा गुबार नजर आ रहा है। प्लांट के अंदर एक साइट के नीचे भी आग लगी हुई है। हालात को काबू में करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, प्लांट में काम करने वाले मजदूर लल्लन सिंह की शुक्रवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। मृतक मूल रूप से झारखंड के गढ़वा जिले का रहने वाला था और लंबे समय से इसी प्लांट में काम कर रहा था। मजदूर की मौत की खबर फैलते ही साथी मजदूरों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने शव छिपाने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया।

# युद्ध के बीच ईरानी युवती ने गाया भगवान शिव का भजन




## सोशल मीडिया पर मची धूम

एजेंसी ▸▸ तेहरान

वैसे तो वैज्ञानिक समय-समय पर सनातन धर्म की प्राचीनता को प्रमाणित करते आए हैं। इन दिनों ईरानी युवती ने अमेरिका-इजराइल, ईरान युद्ध के तनाव के बीच शिव भजन को गाकर सबको अचंभित कर दिया है।

हर-हर महादेव शंकर भजन फारसी भाषा में गाया भजन है। जिसमें भगवान शंकर से ईरानी मुस्लिम आराधना करते दिखाई दे रहे हैं और भजन में भगवान शंकर से मदद मांगी जा रही है जिस तरह भगवान ने जहर पीकर सबको अमृत बांट दिया था उसी तरह कृपा करने को कहा गया है। भजन में पुराने चित्रों में शिवलिंग की आराधना करते ईरानी मुस्लिम दिखाए गए हैं और ईरान का पुराना सिक्का भी है जिसमें भगवान शंकर की आकृति बनी हुई है। ईरान अफगान बॉर्डर पर बने कई हिन्दू मंदिर दिखाए गए हैं जो किसी समय नष्ट कर दिए गए थे।

बेगूसराय में सीएम नीतीश की सुरक्षा में चूक

# हेलीपैड में घुसा बैल, पुलिस वालों को दौड़ाया

एजेंसी ▸▸ बेगूसराय

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा बेगूसराय पहुंची। सभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा, हम लोगों की सरकार आपके लिए लगातार काम कर रही है। केंद्र भी लगातार मदद कर रहा है। 2005 में एनडीए की सरकार बनी तब से राज्य में कानून का राज है।

हमारी सरकार आने से पहले पुरानी वाली सरकार ने बुरा हाल कर रखा था। शाम में लोग घर से निकलने से डरते थे। पहले शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट थी। हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे। उन लोगों का काम रद्दी था।'

सीएम के संबोधन के दौरान कुछ महिलाएं उठकर जाने लगीं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, अरे कहां भाग रहे हो हम बंद कर दें। कोई पीछे से भाग रहा है, कोई आगे से भाग रहा है, बैठिए अभी। हाथ उठाकर बताइए हम बोलें या नहीं। अब तो सब कुछ कर ही रहे हैं, फिर क्यों भाग रही हो। बैठिए और चुपचाप



सुनिए। बेगूसराय में दोनों डिप्टी सीएम और मुख्यमंत्री के सामने बिहार का सीएम कैसा हो, निशांत कुमार जैसा हो के नारे लगाए गए।

सीएम के पहुंचने से पहले उनकी सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली। समृद्धि यात्रा के तहत सीएम जिस हेलीपैड पर उतरने वाले थे वहां एक बैल घुस गया। बैल ने वहां मौजूद पुलिस वालों को दौड़ा दिया। बचने के लिए एक पुलिसकर्मी फायर ब्रिगेड की गाड़ी के ऊपर चढ़ गया। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई और उसे बाहर खदेड़ा। थोड़ी देर तक वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## महामना एक्सप्रेस के डिब्बे में धुआं से मची अफरातफरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ टीकमगढ़

भोपाल से खजुराहो जा रही महामना एक्सप्रेस ट्रेन के एक डिब्बे में धुआं भरने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना ललितपुर से टीकमगढ़ के बीच उदयपुरा के पास शनिवार 14 मार्च को हुई। ट्रेन के डी-4 कोच में धुआं भरने के बाद यात्रियों को नीचे उतरना पड़ा। बताया जाता है कि भोपाल-खजुराहो महामना एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 22163) जब ललितपुर से टीकमगढ़ की ओर जा रही थी, तभी उदयपुरा के पास उसके डी-4 डिब्बे में अचानक धुआं भरने लगा। धुआं देखते ही यात्रियों में दहशत फैल गई और ट्रेन को तत्काल रोका गया। ट्रेन रुकते ही यात्री डिब्बे से नीचे उतर गए।

बिहार गजब है : झोलाछाप डॉक्टर ने सिर फटने पर

# टाकों के बदले ठोंक दिए स्टेपलर पिन

एजेंसी ▸▸ नवादा

बिहार के नवादा जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां एक घायल युवक के इलाज के दौरान कथित तौर पर ऐसी लापरवाही सामने आई जिसे देखकर लोग हैरान रह गए। घटना वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के नरोमुरार गांव की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि एक युवक 3 मार्च को हुए एक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के दौरान



उसके सिर में गहरा घाव हो गया और काफी खून भी बहने लगा। घायल युवक इलाज के लिए पास के गणेश नगर इलाके में मौजूद एक ग्रामीण डॉक्टर के पास पहुंचा। उसे उम्मीद थी कि वहां उसका सही इलाज किया जाएगा, लेकिन जो हुआ उसने सभी को चौंका दिया।

## लोगों ने भी इलाज को देखा

युवक का आरोप है कि डॉक्टर ने उसके सिर के घाव को देखकर सामान्य चिकित्सा प्रक्रिया अपनाने की बजाय एक अजीब तरीका अपनाया। बताया गया कि डॉक्टर ने घाव पर टांके लगाने या सही चीजों का इस्तेमाल करने की जगह एक साधारण स्टेपलर मशीन का इस्तेमाल किया। उसने युवक के सिर के फटे हिस्से पर स्टेपलर की पिन लगा दीं। इस दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने भी इस पूरे इलाज को देखा और वे भी हैरान रह गए। लोगों का कहना है कि इस तरह का इलाज बेहद खतरनाक हो सकता है और इससे संक्रमण का खतरा भी बढ़ सकता है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## गैस संकट पर सियासी घेराबंदी... कांग्रेस करेगी कलेक्टर कार्यालय का घेराव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर में रसोई गैस सिलेंडरों की किल्लत और बढ़ती कीमतों से आमजन की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। गैस की अनियमित आपूर्ति और कथित मनमाने दामों को लेकर जनता में नाराजगी है। इसी मुद्दे को लेकर अब कांग्रेस ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शहर कांग्रेस कमेटी और जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने सोमवार, 16 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के घेराव का ऐलान किया है।

**सोमवार सुबह 11 बजे प्रदर्शन का ऐलान; गैस आपूर्ति, किसानों को 2700 रुपए समर्थन मूल्य और सड़क चौड़ीकरण में राहत की उठेगी मांग**

कांग्रेस का कहना है कि गैस संकट, किसानों के हित, बिजली बिलों की वसूली और शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण जैसे मुद्दों को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने के लिए यह प्रदर्शन किया जा रहा है। पार्टी नेताओं के मुताबिक यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को आगे और तेज किया जाएगा।

विधायक महेश परमार तथा शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने बताया कि शहर में गैस सिलेंडरों की कमी से आम परिवारों की रसोई प्रभावित हो रही है। लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहे और कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन मुद्दों को लेकर प्रशासन के समक्ष जनभावनाओं को रखेगी।

कांग्रेस ने किसानों के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया है। पार्टी का कहना है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में गेहूं खरीदी का भाव 2700 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग रखी जाएगी, ताकि किसानों को आर्थिक राहत मिल सके।

शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्यों को लेकर भी कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। नेताओं का कहना है कि कई स्थानों पर प्रस्तावित चौड़ाई के कारण रहवासी प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में पिपलीनाकाझगढ़कालिका मार्ग की चौड़ाई 80 फीट और एमआर-4 की चौड़ाई 60 फीट रखने की मांग की गई है। साथ ही, अन्य मार्गों पर भी स्थानीय परिस्थितियों और जनता की मांग के अनुरूप निर्णय लेने तथा प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा देने की बात कही गई है।

### सिंहस्थ के कामों में सुरक्षा का अभाव एक बार फिर सामने आया, अब तक 5 मजदूरों की मौत, विभागीय प्रश्रय में ठेकेदार चेताने के बाद भी सुरक्षाहीन स्थितियों में काम को अंजाम दिलवा रहे

# मजदूर की मौत, आक्रोशित परिजनों का चक्काजाम




निर्माण स्थलों पर सुरक्षा संसाधन एवं प्राथमिक चिकित्सा सुविधा व्यवस्था तक नहीं, दिसंबर से लेकर अब तक ठेकेदारों एवं संबंधित विभागों की नजरअंदाजी ने चार मजदूरों की जान ली

सिंहस्थ निर्माण में लापरवाही उजागर, घाट निर्माण में मजदूर की मौत


चौड़ीकरण में चौतरफा गरीब पर मार

पीपलीनाका-भैरवगढ़,गेल से नीलगंगा आदि गरीब क्षेत्रों में अधिक चौड़ीकरण का विरोध, - पीपलीनाका रहवासी 80 फीट पर अड़े, गेल-नीलगंगा रहवासियों की 15 मीटर की मांग, बोले विकास के पक्षधर विनाश को रोकें

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शुक्रवार शाम को चौडीकरण के काम के दौरान ठेका कंपनी बिलिफ बिल्डकान के मजदूर राकेश पिता रामचंद्र सूर्यवंशी 42 वर्ष निवासी खडोतिया की साईड पर करंट लगने से मौत हो गई थी। शनिवार सुबह उसके शव के पोस्टमार्टम के समय आक्रोशित परिजनों ने काम में लापरवाही और घटना की सूचना देरी से देने को लेकर जिला अस्पताल के सामने इंदौर झ कोटा मार्ग के शहरी भाग में चक्काजाम कर दिया । इस दौरान करीब 1 घंटे तक आगर रोड पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया था।


सिंहस्थ के निर्माणों को तेज गति से पूर्ण कराने पर ध्यान

निर्माण का निरीक्षण, कामगार की सुरक्षा नजरअंदाज

साईडों पर प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था तक नही, संसाधन अभाव में खतरों के बीच जारी काम

सिंहस्थ -2028 को लेकर शहर में सडकों के चौडीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। इसी में कोयला फाटक से कंठाल चौराहा तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान शुक्रवार शाम को राकेश निजातपुरा क्षेत्र में फूटी पाईप लाईन की रिपेयरिंग के दौरान कटर मशीन चलाने का काम कर रहा था। कटर मशीन गिरने पर खुले तारों से वह करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पाइपलाइन फूटने पर पानी फैला हुआ था और जमीन भी गीली हो चुकी थी। राकेश को कर्मचारी और सुपरवाइजर जयदीप अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर शव पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिया था। कोतवाली पुलिस ने मृतक मजदूर के परिजनों की जानकारी जुटाकर उन्हें रात को ही सूचना दी थी। रात में परिजन अस्पताल पहुंचे पुलिस ने मर्ग कायम किया और आज सुबह पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने लापरवाही का आरोप लगाते हुए देरी से सूचना देने की बात को लेकर चरक भवन के सामने चक्काजाम कर दिया। भाई राजेश का कहना था कि राकेश के साथ हुई घटना की जानकारी उन्हें नहीं देते हुए बॉडी को पोस्टमार्टम कक्ष में रख दिया गया था। कोतवाली पुलिस ने परिजनों को निष्पक्ष जांच का आश्वासन देते हुए चक्काजाम खुलवाया। चक्काजाम की सूचना पर एसडीएम एलएन गर्ग भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश देकर कहा कि मामले में जांच के बाद मृतक मजदूर के परिजनों को आर्थिक सहायता भी दिलवाई जाएगी।नगर निगम अपर आयुक्त पवन सिंह के अनुसार परिवार को सरकार के नियमों के अनुसार एवं ठेकेदार से अनुबंध आधार पर आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया गया है। ठेकेदारों को सुरक्षात्मक नियमों की अवहेलना पर नोटिस जारी किए जाएंगे। नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### अब तक 5 मजदूरों की मौत

शहर में सिंहस्थ निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें ब्रिज निर्माण, सड़क निर्माण घाट निर्माण जैसे कई कार्यों के लिए बाहर से मजदूर आए हुए हैं। पिछले तीन माह के दौरान विभिन्न निर्माण कार्य में अब तक 5 मजदूरों की मौत के मामले सामने आ चुके हैं। इनमें इंदौर- उज्जैन सिक्स लेन मार्ग पर बन रहे ब्रिज निर्माण के सरियों के नीचे झारखंड का मजदूर अशोक 39 वर्ष दब गया था जिसकी मौके पर मौत हो गई थी। बड़नगर मार्ग मुल्लापुरा क्षेत्र में चल रहे ब्रिज निर्माण के दौरान मशीन चलाते समय पश्चिम बंगाल के मजदूर राधे पिता विष्णु 32 वर्ष को हाथ में करंट लग गया था और उसकी जान चली गई । घाट निर्माण में बडवानी जिले के मजदूर सुरेश पिता नरसिंह 36 वर्ष की मिट्टी में दबने से मौत हो गई थी। दिसंबर माह में नेपाल के मजदूर की मौत भेरूगढ़ थाना क्षेत्र में चल रहे सीवरेज प्लांट निर्माण के दौरान हुई थी। शुक्रवार को कोतवाली थाना अंतर्गत राकेश पिता रामचंद्र सूर्यवंशी 42 वर्ष निवासी खडोतिया की करंट लगने से मौत हुई है। इसके सहित तीन अन्य मजदूरों की मौत के मामले अब पुलिस जांच में हैं।

### निरीक्षण में मात्र खानापूर्ति

**सिंहस्थ के निमार्णों का निरीक्षण मात्र खानापूर्ति बनकर रह गया है। अधिकारी या तो असुरक्षात्मक रूप से काम करने वालों को नजरअंदाज कर रहे हैं या फिर ठेकेदार सशक्त हैं और उनकी आंखों में धूल झोंकने की क्षमता रखते हैं। अधिकारियों के निरीक्षण के समय भी अधिकांश स्थलों पर साईड पर श्रमिक ऐसे ही काम करते देखे जा सकते हैं। सिर्फ अधिकारियों के निरीक्षण स्थल के आसपास ही सुरक्षात्मक उपकरण पहनाकर मजदूरों को घुमाया जाता है जिससे की फोटो में सुरक्षात्मक उपकरण के साथ काम करने के साक्ष्य भर रखे जा सकें। इसमें ठेका कंपनी एवं अधिकारियों दोनों के पक्ष के साक्ष्य खडे हो रहे हैं। उसके बाद के शेष समय में श्रमिक बगैर सुरक्षा संसाधन के ही अपने कामों को अंजाम दे रहे हैं,जिसे देखना भी वाजिब नहीं समझा जा रहा है।**

### एक भी नोटिस नहीं

इधर सामने आ रहा है कि एक के बाद एक मजदूरों की मौत पिछले तीन माह में हुई है। निर्माण से जुडे विभागों के पास असुरक्षात्मक रूप से काम लेने वाली एजेंसी को नोटिस देने का अधिकार होता है। विभागीय अधिकारी एवं साईड इंजीनियर इसे लेकर अधिकार रखते हैं। उसके बावजूद अब तक एक भी निर्माण ठेका एजेंसी को ऐसा कोई नोटिस देने का और पेनल्टी लगाने का काम नहीं किया गया है। न तो ऐसे किसी मामले में कार्रवाई ही की गई है।

### पर्यावरण नियम ताक पर

सूत्रों के अनुसार निर्माण के कामों में पर्यावरण के नियमों को भी ध्यान में रखकर काम को अंजाम दिया जाना है। जिसमें धूल कण ज्यादा न फैलें इसका भी ध्यान रखते हुए सुरक्षात्मक उपाय किए जाना हैं लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। न तो निर्माण स्थलों को आसपास से नीचे से कवर किया जा रहा है और न हीं उसके आसपास ग्रीन नेट और पानी के छिडकाव का ही उपयोग किया जा रहा है।यहां तक की घाट निर्माण में एनजीटी के नियमों को भी ताक में रखकर काम अंजाम दिया जा रहा है। इससे नदी क्षेत्र के जलीय जीवों का जीवन संकट में ही है।

### प्राथमिक चिकित्सा बाक्स का ही अभाव

**निर्माण के अनुबंधों के प्रारंभिक मांग में ठेकेदार से कार्यस्थल पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधा की मांग रखी जाती है। खास यह है कि सिंहस्थ के छोटे से बडे कामों में कहीं भी प्राथमिक चिकित्सा सुविधा कक्ष एवं बाक्स देखने तक को नहीं मिल रहे हैं। बडे ब्रिजों के पास तो ठीक यहां तक की बडे भवनों के निर्माण में भी शहर के मध्य ही इसे दरकिनार किया जा रहा है। निर्माण में लगे मजदूरों को न तो सुरक्षा के उपकरण का उपयोग ही करवाया जा रहा है और न ही उसे जरूरी समझा जा रहा है। अमूमन सामान्य दिनों में काम के दौरान श्रमिक चाहे जैसे काम कर रहे हैं लेकिन साईड के जिम्मेदार विभागीय अधिकारी का इन पर कोई अंकुश नहीं है । अधिकारियों के सामने ठेकेदारों की मनमानी से काम हो रहा है। अधिकारी भी इसे नजरअंदाज कर काम करवाने की प्राथमिकता देख रहे हैं । घाट निर्माण के स्थल पर भी यही हाल हैं तो खान के उपरी हिस्से के काम में भी यही सब देखा जा रहा है। स्थलों पर असुरक्षात्मक रूप से काम करते श्रमिक तो देखे जा सकते हैं लेकिन फर्स्ट एड की सुविधा ढुंढने से भी देखना मुश्किल होता है। शिप्रा को प्रवाहमान बनाने के लिए सेवरखेडी झसिलारखेडी के निमार्णो में भी यही स्थिति ग्रामीण बता रहे हैं।**

### सूचना पट्ट का अभाव

निर्माण स्थलों पर सामान्य सूचना पट्ट का अभाव भी देखा जा रहा है जिस पर काम का नाम स्वीकृत राशि, निर्माण की एजेंसी एवं ठेका कंपनी के साथ काम के लिए विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के नाम एवं नंबर तक ढुंढने से नहीं मिल रहे हैं। निर्माण स्थल के आसपास आमजन को सावधान करने वाले सूचना बोर्ड तक गायब हैं।

### सिंहस्थ निर्माण में कामगार की सुरक्षा नजरअंदाज

**सिंहस्थ 2028 के निर्माण कार्यो को तेज गति से पूर्ण कराने के लिए ध्यान दिया जा रहा है। कारगार की सुरक्षा को नजरअंदाज किया जा रहा है। निर्माण की साईडों पर प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था तक दिखाई नहीं देती है। संसाधन अभाव में खतरों से खेलते हुए ही निर्माण श्रमिक काम कर रहे हैं।**

**निर्माण के नियमों को ही सीधे तौर पर साईडों पर ताक कर रखकर काम किया जा रहा है लेकिन निरीक्षण में मात्र काम की गति देखी जा रही है निर्माण के नियमों को नहीं । काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा को भी सीधे तौर पर ही नजरअंदाज किया जा रहा है।**

### ठेका कंपनी पर प्रकरण दर्ज

कोतवाली थाना पुलिस ने राकेश पिता रामचंद्र सूर्यवंशी 42 वर्ष निवासी खडोतिया की मौत के मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया है। डीएसपी मुख्यालय भारतसिंह यादव के अनुसार ठेका कंपनी बिलिफ बिल्डकान के विरूद्ध लापरवाही का प्रकरण दर्ज किया गया है। जांच के आधार पर प्रकरण में कार्यवाही की जाएगी।

## तराना नगर, नागदा एवं खाचरोद में नि:शुल्क हृदय जांच शिविर संपन्न



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से संपूर्ण उज्जैन जिले में 'दिल से कहो अपने मोहन जी हैं न' नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान जारी है। इस अभियान की श्रृंखला में शनिवार को तराना विधानसभा के तराना नगर एवं नागदा-खाचरोद विधानसभा के नागदा एवं खाचरोद शहर में शिविर संपन्न हुए।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभियान के अंतर्गत 14 मार्च शनिवार तक उज्जैन जिले के 100 से अधिक शिविरों की श्रृंखला में 88 शिविर संपन्न हुए हैं। शनिवार को तराना विधानसभा के तराना नगर में अनंत हार्ट हॉस्पिटल भोपाल के सहयोग से, नागदा शहर में अरविंदो हॉस्पिटल इंदौर व खाचरोद शहर में गोकुलदास हॉस्पिटल इंदौर के सहयोग से शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में क्षेत्र की जनता-जनार्दन ने उत्साह से सहभागिता की एवं हृदय जांच, परामर्श तथा उपचार का नि:शुल्क लाभ लिया।

### आज 15 मार्च, रविवार को जिले में दो स्थानों पर शिविर

खोईवाल ने आगे बताया कि आज 15 मार्च, रविवार को तराना विधानसभा के ग्राम कायथा में अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देवास एवं बड़नगर विधानसभा के खरसोदकला में चोइथराम हॉस्पिटल इंदौर के सहयोग से शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में इन अस्पतालों के हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी नि:शुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे।

# तरबूज की आवक शुरू, महाराष्ट्र का सिंबा बाजार में

### गर्मियों का पंसदीदा फल तरबूज उज्जैन मंडी की शोभा बढ़ा रहा कई जगह सजी तरबूज की दुकानें, रमजान का महीना होने की वजह से बिक्री भी जमकर हो रही

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

गर्मी की शुरूआत के साथ ही बाजार में महाराष्ट्र के तरबूज, 'सिंबा की आवक शुरू हो गई है। यह तरबूज अपनी जबरदस्त मिठास और स्वाद के लिए पहचाना जाता है , जो बाजार में 30 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा है।

गर्मियों का पंसदीदा फल तरबूज इन दिनों उज्जैन मंडी की शोभा बढ़ा रहा है। कई जगह तरबूज की दुकानें सज गई है वहीं रमजान का महीना होने की वजह से इसकी बिक्री भी जमकर हो रही है।

### महाराष्ट्र का सिंबा तरबूज मार्केट में

महाराष्ट्र के नांदेड, शोलापुर के तरबूज की आवक हो रही है। सिंबा तरबूज अपनी अत्यधिक मिठास कुरकुरे गूदे और 65-70 दिनों में जल्दी तैयार होने के लिए मशहूर है। सिंबा तरबूज अपनी बेहतरीन गुणवत्ता और मध्यम से बड़े आकार के लिए जाना जाता है।जानकारों के अनुसार वैसे तो तरबूज की बाहुबली,मैक्स, जन्नत सहित कई अलग-अलग वैरायटियां है, लेकिन महाराष्ट्र का सिंबा तरबूज अपने स्वाद व मिठास कारण सबसे लाजवाब है। इसका वजन आमतौर पर 3.5 से 4 किलोग्राम के बीच होता है।

### सेहत के लिए भी फायदेमंद...

विशेषज्ञों के अनुसार तरबूज पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें 90 प्रतिशत पानी के साथ ही प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, पोटेशियम, सोडियम एवं जिंक सहित कई प्रकार के जरुरी विटामिन होते हैं। इससे यह हृदय, पेट, कैंसर, मांसपेशियां, दमा, रक्तचाप, नेत्र रोग, मधुमेह,हीट स्ट्रोक, हड्डी, मसूड़े, बाल व त्वचा सहित कई बीमारियों में लाभदायक है।





### अप्रैल में होगी बंपर आवक

लोहे के पुल महाकाल मार्ग पर दुकान लगाने वाले तरबूज व्यापारी शाहरुख व आमिर ने संयुक्त रूप से बताया कि कई वर्षों से वह तरबूज का व्यापार कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि महाराष्ट्र,राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पंजाब एवं हरियाणा में तरबूज की खुब पैदावार होती है। वहीं, अभी बाहर से प्रतिदिन कई क्विंटल तरबूज की आवक हो रही है। वहीं, मार्च के बाद कई क्षेत्रों से तरबूज की आवक शुरू होने से भाव में कमी आने की संभावना है।

### आवक बढ़ जाएगी तो भाव भी काम हो जाएगा

दौलतगंज के फल व्यापारी ईकबाल हुसैन ने बताया कि सिंबा तरबूज महाराष्ट्र से आता हैं। वर्तमान में इसका खैरची भाव 25 से 30 रूपए किलो चल रहा है। हालांकि जैसे-जैसे बाजार में तरबूज की आवक बढ़ जाएगी तो इसका भाव भी काम हो जाएगा। अभी वर्तमान में सिंबा तरबूज मार्केट में आया है। त्यौहार की वजह से तरबूज की डिमांड बढ़ गई है। रमजान का महीना चल रहा है ऐसे में सिंबा तरबूज की बिक्री जोरों पर है यह खाने में स्वादिष्ट होने के साथ ही मीठा होता है इसलिए लोग इसे बहुत ज्यादा पसंद कर रहे हैं। बाहुबली तरबूज भी मीठा लाजवाब होता है बाहुबली की आवक अप्रैल में शुरू हो जाएगी। सबसे पहले मार्केट में सिंबा तरबूज आता है इसकी फसल जल्दी तैयार हो जाती है।

## न्यूज कॉलम

### इंदौर में 2600 कॉलोनियों की गाइडलाइन दरों में वृद्धि का प्रस्ताव

**इंदौर।** जिला मूल्यांकन समिति की बैठक कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता तथा विधायक महेन्द्र हार्डिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, वरिष्ठ जिला पंजीयक अमरेश नायडू सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में इंदौर जिले में स्थित लगभग 2600 कॉलोनियों और लोकेशनों की गाइडलाइन दरों में वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में समिति के सदस्यों और अध्यक्ष द्वारा दिए गए निर्देशों के आधार पर कुछ क्षेत्रों में प्रस्तावित वृद्धि में संशोधन करते हुए कुछ और स्थानों पर दरों में बढ़ोतरी किए जाने पर भी सहमति बनी। इसके साथ ही वर्ष 2026 के लिए 158 नई लोकेशन और कॉलोनियों को गाइडलाइन में शामिल करने का प्रस्ताव भी रखा गया है।

### इंदौर में 24 घंटे में मिल रहा गैस पाइपलाइन कनेक्शन

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर शहर में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पाइपलाइन गैस से जोड़ने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। अवंतिका गैस लिमिटेड की विशेष टीम द्वारा लगातार नए कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। पिछले तीन दिनों में अवंतिका गैस कंपनी ने शहर के लगभग 12 से 13 स्थानों पर हॉस्टल, अभय प्रशाल, रेस्टोरेंट, छप्पन दुकान क्षेत्र तथा कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े प्रतिष्ठानों को गैस पाइपलाइन कनेक्शन दिए हैं और यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। 56 दुकान क्षेत्र में दो दिवस में सभी दुकानों पर गैस पाइपलाइन से कनेक्शन देने के निर्देश अवंतिका के मैनेजमेंट को जिला प्रशासन द्वारा दिए गए हैं ताकि 56 दुकान पर दुकानों के संचालन में कमर्शियल सिलेंडर के अभाव में किसी प्रकार का कार्य बाधित ना हो सकें।

### दुर्घटना से पीड़ित व्यक्तियों का होगा निःशुल्क इलाज

**डेढ़ लाख रुपए तक की मिलेगी कैशलेस उपचार सुविधा**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर जिले में पीएम राहत योजना के संचालन एवं क्रियान्वयन के संबंध में निजी एवं शासकीय चिकित्सालयों के संचालकों, प्रबंधकों की बैठक का आयोजन कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में किया गया। आयुष्मान योजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. योगेश तुकाराम भरसट विशेष रूप से मौजूद थे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि पी.एम. राहत योजना सड़क दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को तुरंत अस्पताल में भर्ती करने एवं सुनिश्चित उपचार उपलब्ध करवाने की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति जो सड़क दुर्घटना से ग्रस्त हुआ है उसे जीवन रक्षा प्रदान करना क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण है। इसलिए निजी एवं शासकीय चिकित्सालयों से अनुरोध है कि वह आज के इस उन्मुखीकरण में बताए गए प्रस्तुतीकरण के द्वारा योजना के विभिन्न पहलूओं को ध्यान से समझे तथा अधिक से अधिक अस्पताल पंजीकृत हों, ऐसी हमारी मंशा है। आयुष्मान योजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने बताया कि प्रदेश में अभी तक इस योजना अंतर्गत लगभग 200 से अधिक दुर्घटना ग्रस्त व्यक्तियों को लाभ दिया जा चुका है और इंदौर में सर्वाधिक 24 दुर्घटना ग्रस्त व्यक्तियों को लाभ दिया गया है, इसलिए यह उन्मुखीकरण सर्वप्रथम इंदौर जिले में ही रखा गया है।

### गौसंवर्धन के लिए बजट में किया 620 करोड़ रुपये का प्रावधान

**इंदौर।** इंदौर संभाग में खरगोन जिले के करही में गौसंरक्षण और संवर्धन निराश्रित गौवंश के प्रबंधन के लिए पंजीकृत गौशाला नायाब काम कर रही है। 34 वर्ष पहले नगर के समाज सेवक स्व.श्री अमोलक चंद छाजेड़ ने निजी तौर पर 10 से 11 गौवंश के साथ एक गौशाला प्रारम्भ की थी। आज यह गौशाला क्षेत्र की सबसे बड़ी व विश्वसनीय गौशाला के तौर पर संचालित है। यह गौशाला आज 300 से अधिक गायों के लिए आसरा बनी हुई है। इस तरह की गौशालाओं की आर्थिक तंगी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उस निर्णय का सहारा मिला है,जिसे उन्होंने गौसंवर्धन को बढ़ावा देने के लिए प्रारम्भ किया है।

### नेशनल लोक अदालत में आपसी सुलह से 180 मामलों का हुआ निराकरण

**इंदौर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर के प्रशासनिक न्यायाधिपति विजय कुमार शुक्ला साहब के आदेशानुसार म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत के समक्ष सिविल (एम.ए.सी.टी.आदि), रिट, क्रिमिनल एवं अन्य प्रकृति के कुल 482 प्रकरणों को सुनवाई हेतु रखा गया था, जिसमें से कुल 180 प्रकरण निराकृत किये जाकर लगभग राशि 3 करोड़ 8 लाख 47 हजार 806 रुपये के अवार्ड पारित हुए, उक्त प्रकरणों के निराकरण से 965 पक्षकार लाभान्वित हुए।

### जल संसाधन मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज निज निवास में एमपीआरडीसी, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। मंत्री सिलावट ने समीक्षा बैठक के दौरान एमपीआरडीसी के महाप्रबंधक गगन को इन्दौर-सांवेर-उज्जैन 44 किलोमीटर की निर्माणाधीन 40 प्रतिशत सड़क को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये और कहा कि सांवेर की निर्माणाधीन 4 पुलियाओं और सर्विस लेन का निर्माण बरसात के पूर्व कर चालू कराये। उन्होंने इन्दौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड कोरिडोर 48 किलोमीटर की बनने वाली सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

# गुड़ी पड़वा पर महाकाल मंदिर के शिखर पर लहराएगा ब्रह्म ध्वज

## केसरिया रंग के इस ध्वज में दो पताका तथा मध्य में सूर्य का अंकन है, यह चतुर्दिक विजय का प्रतीक है

### 2 हजार साल पहले सम्राट विक्रमादित्य ने की थी शुरूआत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर के शिखर पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुड़ी पड़वा पर 19 मार्च को ब्रह्म ध्वज आरोहण होगा। दो हजार साल पहले उज्जयिनी के सम्राट विक्रमादित्य ने इसकी शुरूआत की थी। गौरवशाली परंपरा को अविस्मरणीय बनाने के लिए उन्होंने सिक्के भी जारी किए थे। महिदपुर के अश्विनी शोध संस्थान में आज भी यह मुद्राएं संरक्षित हैं।

पुराविद डॉ. रमण सोलंकी ने बताया कि ब्रह्म ध्वज शक्ति, साहस तथा विजय का प्रतीक है। केसरिया रंग के इस ध्वज में दो पताका तथा मध्य में सूर्य का अंकन है, यह चतुर्दिक विजय का प्रतीक है। सम्राट विक्रमादित्य चैत्र शुक्ल





प्रतिपदा पर इसी ब्रह्म ध्वज का आरोहण किया करते थे। उन्होंने इस दिग्विजय परंपरा पर उज्जयिनी मुद्रा भी जारी की थी। इस मुद्रा के एक भाग में भगवान शिव सूर्य दंड लिए दिखाई देते हैं तथा दूसरी ओर उज्जयिनी का मार्का बना हुआ है। उस कालखंड में उज्जयिनी मुद्रा की साख थी तथा उज्जैन विदेशी व्यापार का बड़ा व प्रमुख केंद्र था।

### मुख्यमंत्री ने किया परंपरा का पुनर्प्रवर्तन

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक डॉ. श्रीराम तिवारी ने बताया कि विक्रमोत्सव के दौरान चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर सम्राट विक्रमादित्य की ब्रह्म ध्वज आरोहण की चतुर्दिक परंपरा का पुनर्प्रवर्तन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया है। उन्होंने ब्रह्म ध्वज को महत्वपूर्ण मानते हुए ज्योतिर्लिंग महाकाल तथा शहर के प्रमुख भवनों पर इसका आरोहण कराने का निर्णय लिया है।

### भक्त भी चढ़वा सकते हैं शिखर पर ध्वज

महाकाल मंदिर के शिखर पर भक्त भी ध्वज चढ़वा सकते हैं। इसके लिए मंदिर कार्यालय में 1100 रुपये की शासकीय रसीद कटवाना होती है। कोई भी श्रद्धालु मंदिर कार्यालय पहुंचकर निर्धारित राशि की रसीद कटवाकर ध्वजारोहण की बुकिंग करा सकते हैं। शासकीय रसीद के अलावा भक्त को ध्वज खरीदना, ध्वज पूजा, अखाड़े की भेंट तथा शिखर पर चढ़कर ध्वज लगाने वाले कर्मचारी का मेहनताना अलग से देना होता है। यह राशि करीब तीन हजार रुपये बताई जाती है।

### इस चिह्न से विश्व में पहचानी जाती थी उज्जयिनी मुद्रा

सम्राट विक्रमादित्य ने महत्वपूर्ण अवसरों पर अनेक मुद्राएं जारी की। उज्जयिनी मुद्रा के मध्य में जोड़ (प्लस) का चिह्न तथा उसकी चार भुजाओं पर गोलाकार आकृति निर्मित रहती थी। इसका अर्थ यह है कि उज्जैन पृथ्वी के मध्यम में स्थित है और जल, वायु तथा जमीनी मार्ग से अन्य देशों से जुड़ा है। आवागमन तथा व्यापार की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण देश है।

**नर्मदा लाइन का टी कनेक्शन 1 साल से अटका**

# गंभीर डेम में 84 दिन का पानी



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गर्मी की शुरूआत के साथ जलप्रदाय को लेकर शहरवासियों को हमेशा की तरह चिंता सताने लगी है। इसे दूर करने के लिए नगर निगम ने नर्मदा से पानी लेकर सप्लाय की योजना 2023 में बनाई। दो साल में लाइन तो लगभग पूरी डाल दी पर इसे जोड़ने के लिए टी कनेक्शन बाकी रह गया। यह अब तक पूरा नहीं हुआ है।

अफसरों का कहना है हरिफाटक से चिंतामण ब्रिज तक फोरलेन निर्माण के चलते पीएचई का फिल्टर प्लांट का हिस्सा भी हटाया जाना था। पर पूरे शहर पर असर होने के चलते बचा लिया गया। इन सबके चलते ही केवल टी कनेक्शन इतने समय तक अटका रहा। अब कनेक्शन हो जाएगा तो शहरवासियों को रोज ही जलप्रदाय किया जा सकेगा।पिछले साल 15 अप्रैल से निगम के पीएचई विभाग ने एक दिन छोड़कर जलप्रदाय शुरू कर दिया था। इससे जून तक बारिश नहीं होने तक लोग रोज ही पानी के लिए जूझते रहे।

### इस बार 10 दिन का पानी ज्यादा

शहर के प्रमुख जलस्त्रोत गंभीर डेम में पिछले साल 12 मार्च को 70 दिन का पानी शेष था। इस बार 12 मार्च को गंभीर डेम में 84 दिन का पानी है। यानी पिछले साल की तुलना में 10 दिन का पानी ज्यादा है। हालांकि निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस बार नर्मदा का पानी उपलब्ध हो जाएगा। इसलिए फिलहाल एक दिन छोड़कर जलप्रदाय लागू करने को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया है।

# डिजिटल कॉपी जांच की नई व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 12 की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए शुरू की जा रही डिजिटल ऑन-स्क्रीन मार्किंग व्यवस्था के ट्रायल चरण में इंदौर में कुछ शुरूआती चुनौतियां सामने आई हैं। ट्रायल के दौरान कई शिक्षकों को कंप्यूटर स्क्रीन पर कॉपी जांचने की प्रक्रिया समझने में अपेक्षा से अधिक समय लगा। दरअसल, नई व्यवस्था के तहत उत्तरपुस्तिकाओं को स्कैन कर सॉफ्टवेयर के माध्यम से परीक्षकों को उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे स्क्रीन पर ही कॉपी का मूल्यांकन कर सकें। इसके लिए शिक्षकों को सैंपल कॉपियां भेजकर अभ्यास कराया गया। इस ट्रायल में शिक्षकों को समझने में लगा ज्यादा समय दौरान अनुभवी परीक्षक जहां एक कॉपी 20 से 30 मिनट में जांचने में सफल रहे, वहीं कई शिक्षकों को पहली बार में एक कॉपी जांचने में करीब एक घंटे से लेकर 90 मिनट तक का समय लगा।

**गर्मी के मौसम में**

# ठंडा-ठंडा कूल कूल करने वाले फल खिरनी सेतुत की आई बहार



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गर्मी के भीषण तपन में ठंडा ठंडा कूल कूल वातावरण का एहसास करने वाले फल खिरनी और सेतुत बाजारों में आ चुके हैं। हालांकि फल महंगा होने से आमजन की पहुंच से दूर हो रहा है। फिर भी कोठी रोड स्थित दुकानदार ने बताया कि फल की बिक्री हो रही है। आमजन सेतुत और खिरनी को पसंद कर रहे हैं। दुकानदार के अनुसार खिरनी और सेतुत भीषण गर्मी में भी राहत देने वाले फल हैं। इस फल से लू और तपन से राहत मिलती है। इन फलों की कम आमद की वजह लगातार ऐसे फलों के वृक्षों की कटाई होना बताई जा रही है। गर्मी के मौसम में ककड़ी तरबूज आम संतरा अंगूर खरबूजा शकरबट्टी जैसे फल भीषण गर्मी में आमजन को राहत देते हैं। इनकी कम आमद होने से इनके भाव में उतार-चढ़ाव बने रहते हैं। जानकारी के मुताबिक आमजन ऐसे फलों से दूर होते जा रहे हैं और प्लास्टिक बंद बोतल में फलो के फ्लेवर वाले शीतल पेय पदार्थ की ओर रुचि बढ़ा रहे हैं। हालांकि कची केरी का पना गन्ने का रस आम रस इत्यादि प्राकृतिक फलों के पेय पदार्थ भी शौकीन लोग इस्तेमाल कर कर गर्मी से राहत पा रहे हैं।

# पब्लिक टॉयलेट में इंडक्शन पर खाना बनाया नगर निगम ने लगाया 1 लाख रुपये का जुर्माना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सार्वजनिक शौचालय परिसर में नियमों के विरुद्ध हीटर से खाना बनाते पाए जाने पर उज्जैन नगर निगम ने सुलभ इंटरनेशनल पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। नगर निगम द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर सुलभ शौचालय बनाए गए हैं, जिनका संचालन सुलभ इंटरनेशनल द्वारा किया जाता है।

हाल ही में निगम की टीम ने नीलगंगा, गऊघाट और नरसिंह घाट स्थित सुलभ शौचालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित केयरटेकर शौचालय परिसर में इंडक्शन का उपयोग कर खाना बना रहा था, जो नियमों के विरुद्ध है और स्वच्छता मानकों का उल्लंघन माना गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम



प्रशासन ने सुलभ इंटरनेशनल पर एक लाख रुपये का आर्थिक दंड लगाया। धिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्य के लिए ही होना चाहिए और परिसर में इस प्रकार की गतिविधियां पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। निगम आयुक्त ने सभी सुलभ शौचालयों के केयरटेकरों को सख्त हिदायत दी है कि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा सामने आने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही शहर के अन्य सुलभ शौचालयों की नियमित जांच और निगरानी के निर्देश भी दिए गए हैं।

# साधिका नंदगिरी बनीं किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

अघोर साधना के लिए चर्चित महाकाली नंदगिरी को किन्नर अखाड़े का महामंडलेश्वर बनाया गया है। लेडी अघोरी माता के नाम से प्रसिद्ध नंदगिरी लंबे समय से सनातन परंपरा के प्रचार से जुड़ी रही हैं।

देशभर में लेडी अघोरी माता के नाम से प्रसिद्ध तेलंगाना की सबसे कम उम्र की अघोरी साधिका महाकाली नंदगिरी को किन्नर अखाड़े का महामंडलेश्वर बनाया गया है। बताया जाता है कि करीब 18 वर्ष पहले उन्होंने असम स्थित कामाख्या धाम में तंत्र साधना सीखी थी और तब से लगातार अघोर साधना कर रही हैं। वे सनातन परंपरा के प्रचार-



प्रसार और गौ संरक्षण के लिए भी सक्रिय बताई जाती हैं।

महाकाली नंदगिरी मूल रूप से तेलंगाना के मंचेरियल जिले के कुशनपल्ली क्षेत्र की रहने वाली हैं। बताया जाता है कि उन्होंने कम उम्र में ही घर छोड़कर साधना का मार्ग अपना लिया था। इसके बाद उन्होंने कामाख्या धाम में अघोर साधना सीखी और धीरे-धीरे अघोरी महाकाली नंदगिरी के रूप में पहचान बनाई। तेलंगाना में एक मंदिर में आत्मदाह की घोषणा को लेकर भी वे कुछ समय तक चर्चा में रही थीं।

- महामंडलेश्वर बनने के बाद महाकाली नंदगिरी ने कहा कि लोग अक्सर अघोरी शब्द का गलत अर्थ निकालते हैं। उनके अनुसार अघोरी का मतलब भयानक नहीं बल्कि निडर होता है। अघोर परंपरा में साधक भय से मुक्त होकर आध्यात्मिक जागृति पर ध्यान देता है। इस परंपरा में साधना के दौरान वैराग्य, जीवन-मृत्यु के सत्य और आत्मिक साधना पर विशेष ध्यान दिया जाता है।
- महाकाली नंदगिरी ने बताया कि उन्हें अलग-अलग पहचान से जाना जाता है, लेकिन वे स्वयं को सनातन परंपरा की साधिका मानती हैं। अतीत में उनके कुछ विवादित बयानों के कारण भी वे चर्चा में रही थीं। उनका कहना है कि वे सनातन संस्कृति के संरक्षण और धार्मिक परंपराओं के प्रचार के लिए कार्य करती रहेंगी।

# प्रदेश में तीन सुपर स्पेशिलिटी चिकित्सालय प्रारंभ होने के बाद इंदौर में तैयारी

## मेडिकल टूरिस्म को बढ़ावा देने में सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा का होगा अहम योगदान, नवीन संकल्पना के साथ निजी चिकित्सालय की ओर जाने वाले मरीज होंगे प्रेरित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2018 में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नवीन संकल्पना के साथ उपलब्ध कराने के लिए सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा प्रारम्भ करने का निर्णय लिया था। इसके बाद शासन द्वारा चार सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय बनाये गए, इसमें इंदौर, जबलपुर, रीवा एवं ग्वालियर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस चिकित्सालय भी खोले, जिसमें जबलपुर में पलमोनरी मेडिसिन के लिए, ग्वालियर में न्यूरोलॉजी के लिए और इंदौर में नेत्र से सम्बंधित बीमारियों के निवारण के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है।

एमजीएम डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय प्रारम्भ कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए कई व्यवस्थाओं में बदलाव किया गया। इनमें चिकित्सकों के लिए स्पेशल प्रोत्साहन पैकेज बनाए गए। जिसके तहत असिस्टेंट प्रोफेसर को डेढ़ लाख, एसोसिएट प्रोफेसर को ढाई लाख और प्रोफेसर को 3 लाख रुपये सैलरी रखी गयी।




साथ ही प्रतिवर्ष 8 प्रतिशत कंपाउंडिंग दर से इंक्रीमेंट निर्धारित किया गया। इसके साथ ही सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन राशि का प्रावधान भी रखा गया, जिसमें उनके द्वारा किए गए इंटरवेंशन प्रोसीजर ऑपरेशंस के लिए उनके द्वारा जनरेट की गई रेवेन्यू का 20 प्रतिशत और सायंकालीन पैड ओपीडी में जनरेट किए गए रेवेन्यू का 50 प्रतिशत इंसेंटिव का प्रोविजन रखा गया। सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय के चिकित्सकों के लिए प्राइवेट प्रैक्टिस अलाउड नहीं होगा। इसके लिए डॉक्टर्स का क्लीनिकल समय सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। वहीं 5:30 बजे से 6:30 बजे इवनिंग राउंड के लिए समय निर्धारित किया गया। साथ ही 6:30 से 8:30 तक सायंकालीन पैड ओपीडी का समय निर्धारित किया गया। सायं कालीन पैड ओपीडी का उद्देश्य उन मरीजों को आकर्षित करना है। जो मरीज प्राइवेट चिकित्सालय में महंगा उपचार ले रहे हैं। वर्तमान में किसी भी प्राइवेट अस्पताल में सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी की सेवाओं के लिए रुपए 1000 से लेकर 3000 तक निर्धारित है। इंदौर में एमजीएम सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय में सायंकालीन ओपीडी केवल 600 रुपये प्रति व्यक्ति प्रतिशत दिवस के लिए निर्धारित की गई है, जो प्रचलित प्राइवेट चिकित्सालय की दरों की तुलना में 50 परसेंट से भी कम है। इसका उद्देश्य मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देना सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा सुविधा ऐसे मरीजों तक पहुंचाना भी है जो प्रातः कालीन 10 रुपये की होती ओपीडी में बढ़ती हुई लाइन एवं भीड़ की वजह से नहीं आ पाते हैं ऐसी जनता जो शासकीय चिकित्सकों को दिखाना तो चाहती है लेकिन समय अभाव की वजह से दिन में नहीं आ पाती।

### कम से कम 5 लाख की प्रतिमाह सैलरी मिलती

सायंकालीन ओपीडी प्रारंभ होने से ऐसे मरीज जो सुपर स्पेशलिटी चिकित्सकों की सेवाएं प्राइवेट चिकित्सालय से ले रहे हैं एवं महंगी दरों पर ले रहे हैं उन्हें सस्ती दरों पर प्राइवेट से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। डीन डॉ. घनघोरिया ने कहा कि अगर हम इस लक्ष्य में सफल होते हैं तो ऐसी स्थिति में इंदौर चिकित्सा महाविद्यालय से संबंध एमजीएम सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय में एवं स्कूल आफ एक्सीलेंस फॉर ए चिकित्सालय में प्राइवेट में उपचार ले रहे हैं मरीजों को आकर्षित कर पाएंगे साथ ही इंदौर में शासकीय चिकित्सालय में मेडिकल टूरिज्म को भी आकर्षित कर पाएंगे। इसका एक उद्देश्य यह भी है कि हम सुपर स्पेशलिटी चिकित्सकों की उपलब्धता एवं नियुक्तियां जो की कमी है की पूर्ति कर पाएंगे सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा शासकीय सेवा में आने के लिए आकर्षित होंगे क्योंकि वर्तमान में अगर एक सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा प्राइवेट चिकित्सालय में सेवाएं देता है तब ऐसी स्थिति में उसे कम से कम 5 लाख रुपए की प्रतिमाह सैलरी मिलती है। उसकी तुलना में सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय में सैलरी कम है लेकिन उनकी सेवाएं अगर वह सायंकालीन ओपीडी में देंगे और अच्छा कार्य करेंगे तो इंसेंटिव से 20 प्रतिशत राशि एवं ओपीडी से 50 प्रतिशत राशि कार्य करने वाले अच्छे चिकित्सकों को अच्छा पैकेज एवं आकर्षित कर पाएगी।

न्यूज-कॉलम



## आबकारी विभाग की कार्रवाई में 156 पेटी अवैध शराब की गई जब्त

**आलीराजपुर।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 156 पेटी अवैध शराब जब्त की है। यह कार्रवाई कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती बसंती भूरिया के नेतृत्व में की गई।आबकारी विभाग द्वारा बताया गया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर उनकी टीम ने वृत्त जोबट के उदयगढ़-खंडाला रोड के पास एक नाले में झाड़ियों के बीच छुपाकर रखी गई शराब को बरामद किया। कार्रवाई के दौरान कुल 156 पेटी अवैध मदिरा जब्त की गई, जिसकी मात्रा लगभग 1464 बल्क लीटर है।आबकारी विभाग के अनुसार जब्त की गई शराब की अनुमानित कीमत लगभग 6 लाख 42 हजार रुपए है। विभाग द्वारा की गई कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) एवं 34(2) के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।इस दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी.एस. रावत,आबकारी उपनिरीक्षक जयश्री त्रिपाठी, मोहित बिरला तथा आरक्षक हितेंद्र सिंह चावड़ा सहित आबकारी टीम मौजूद रही।

## झाड़ियों में मिली15 दिन पुरानी लाश: जींस-ग्रे शर्ट से पहचान की कोशिश

**बाग।** बाग में बायपास रोड पर एक अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव झाड़ियों में मिला। शव की स्थिति देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि यह लगभग 15 दिन पुराना है। राहगीर की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाग अस्पताल पहुंचाया। मृतक युवक की उम्र करीब 30-35 साल बताई जा रही है। उसने काले रंग की जींस पैंट और ग्रे रंग की शर्ट पहन रखी थी। थाना प्रभारी कैलाश चौहान के अनुसार, बायपास रोड पर मिट्टी परीक्षण केंद्र के पास झाड़ियों में शव पड़े होने की सूचना सैनिक मुकाम सिंह को एक राहगीर ने दी थी। सैनिक ने रात में मौके पर जाकर शव देखा। सैनिक की सूचना पर बाग पुलिस थाने में धारा 194 के तहत मर्ग कायम किया गया है। पुलिस ने शव को बाग अस्पताल पहुंचाया और शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में भी सूचना भेजकर मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने नेपानगर में 363 करोड़ 82 लाख रुपए के 127 विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नेपानगर में 363 करोड़ 82 लाख रुपए के 127 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार जनजातीय समुदाय के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में विकास के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर शामिल हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के सभी नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने बताया कि सरकार ने जनजातीय समुदाय के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें छात्रवृत्ति, आवास योजना और रोजगार के अवसर शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया, जिनमें सड़क निर्माण, जल आपूर्ति और विद्युत परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के सभी गांवों में बिजली और पानी की सुविधा उपलब्ध हो ।

## मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों को राशि हस्तांतरित की

**बड़वानी ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 13 मार्च को ग्वालियर जिले की घाटीगाँव से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की बहनों के खातों में राशि अंतरित की है। बड़वानी जिले की 234875 महिलाओं के खाते में 34वी किश्त की राशि की गई है। 2,34,875 बहनों के खातों में 345118700 रुपये की राशि सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित की गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरूआत जून 2023 से की गई थी। योजना के अंतर्गत माह नवंबर 2025 से राशि में 250 रुपये की वृद्धि की गई है। अब पात्र हितग्राही महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

## बाल श्रम के विरुद्ध जन जागरूकता रैली

**बड़वानी ।** श्रम पदाधिकारी कार्यालय बड़वानी के श्रम निरीक्षको सहित टास्क फोर्स के सदस्यों ने शुक्रवार को बस स्टैंड के आस पास एव राजघाट रोड पर बाल श्रम के विरुद्ध जन जागरुकता रैली का आयोजन किया। इस दौरान उन्होने दुकानों पर जाकर बाल श्रम निषेध है कि सूचना पटल पर चिपकाई एवं बाल श्रम निषेध अधिनियम के प्रावधानों के संबंध जानकारी प्रदाय की ।

## दीक्षांत समारोह का स्थान तय नहीं, अभ्यास स्वर्ण जयंती हॉल में होगा

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में अब केवल चार दिन शेष हैं। अब तक समारोह का स्थान तय नहीं हो पाया है। विश्वविद्यालय के जिम्मेदार कृषि अध्ययनशाला की निमार्णाधीन बिल्डिंग के पास ही समारोह कराने पर अड़े हैं। बिल्डिंग का काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने समारोह के एक दिन पहले स्वर्ण जयंती हॉल में रिहर्सल को लेकर पत्र जारी किया है।विश्वविद्यालय का ३०वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च को होना है। जिम्मेदार चाहते हैं कि अध्ययनशाला परिसर में 17 करोड़ रुपए की लागत से बन रही कृषि अध्ययनशाला की बिल्डिंग के पास दीक्षांत समारोह हो। दीक्षांत के साथ ही नए भवन का लोकार्पण अतिथियों से कराने की तैयारी है। कृषि अध्ययनशाला की बिल्डिंग का काम ढाई साल से अधिक समय बीतने के बाद भी अधूरा है।

**महिलाओं को भारतीय संविधान की प्रस्तावना के फोटो फ्रेम भेंट**

**उज्जैन।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 11 मार्च को ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन कॉन्फ्रेंस हॉल जिला न्यायालय परिसर में किया।

# बाग में सुहागिन महिलाओं ने की दशामाता का व्रत

### घर में सुख-समृद्धि व पति की लंबी उम्र कामना की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को दशा माता का नगर की महिलाओं ने व्रत रख (नीम, पीपल और बरगद) त्रिवेणी वृक्ष की पूजा संयुक्त रूप से की गई। दशा माता की पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है और परेशानियों से छुटकारा मिलता है। इस दिन महिलाएं दिन भर व्रत करती हैं और शाम को एक समय भोजन कर उपवास पूर्ण करती है।

नगर के दस से अधिक स्थानों पर शुक्रवार को महिलाओं ने पूजा अर्चना को। अलसुबह से ही पूजा अर्चना का दौर शुरू हो जाएगा, जो दोपहर तक चलता रहा। साई सिटी कालोनी में श्री सिद्ध बाघेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महिलाएं सुबह त्रिवेणी पेड़ पर पूजन के लिए पहुंची। वही श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर पर के समीप त्रिवेणी कि पुजन उपस्थिति महिलाओं द्वारा दशा माता की कथा सुनाई गई। महिलाओं ने पूजा कर सुख-शांति

की कामना की। पूजन करने आई श्रद्धालु महिला दिलखुश निरेश सेठिया ने बताया कि इस व्रत को करने से घर में सुख-शांति बनी रहती है ग्रहदशा भी सुधरती है व समृद्धि प्राप्त है। नगर के मध्य कुमार मोहल्ले स्थित शिवालय पर पूजन करने आई श्रुति कमल वैष्णव ने बताया कि महिलाएं दशा माता के लिए बेसन के गहने भी बनाती हैं। पीपल, बरगद और नीम के पेड़ों की त्रिवेणी के पूजन का भी विधान है। दशमी पर वतधारी महिलाएं सुबह पूजा का संकल्प लेकर पीपल को भगवान विष्णु का स्वरूप मानकर पूजन करती हैं। कच्चे सूत का 10 तार का डोरा बनाकर उसमें 10 गांठ लगाई जाती हैं। फिर महिलाएं पीपल के पेड़ के चारों ओर दस बार घूमती हैं और उसके तने पर पवित्र सूती धागे को घुमाती हैं। श्री जबरेश्वर महादेव मंदिर के समीप पुजन करने आई वैशाली कान्हा शर्मा ने बताया की राजा नल और उनकी रानी दमयंती की कथा सुनती है। इस दिन उपवास रखकर विवाहित महिलाएं अपने परिवार की सुख-समृद्धि कि कामना करती है। एक बार व्रत करने के बाद उसे जीवनभर जारी रखना पडता। पूजा के बाद घर के मुख्य द्वार कि दिवार पर कुंमकूम और हल्दी से रेखाचित्र बनाए जाते है। इस प्रकार, महिलाए अपने घर को कुखं और नकारात्मकता से बचने के लिए देवी देवताओं से प्रार्थना करती है। नारी शक्ति का एक सरूप है। ऊट पर सवार आरूद देवी मां के इस रूप को चार हाथो से दशार्या गया है। वह ऊपरी दाएं और बाएं हाथ में तलवार और त्रिशूल रखती है। और निचले दौर और बाएं हाथों में उनके पास कमल और कवच है। महिलाएं पढ़ती है राजा नल और रानी दमयंती की कहानी सुनी जाती है।

## सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने किया डोम निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**बुरहानपुर।** रास्तीपुरा वार्ड के गीता दत्त नगर में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मनोज माने ने डोम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। यह डोम 10 लाख की लागत से बनने वाला है, जो सांसद की विशेष निधि से दिया गया है। इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि यह डोम क्षेत्र के नागरिकों के सामाजिक, धार्मिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार विकास के निरंतर कार्य कर रही है। विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस और महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने भी अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम शहर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों में नागरिकों के सहयोग की भी सराहना की।

## पति के निधन के 12 घंटे बाद पत्नी की मौत, एक साथ निकली अंतिम यात्रा, दोनों का एक चिता पर हुआ दाह संस्कार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



नगर में पति की मौत के करीब 12 घंटे बाद पत्नी की भी मौत हो गई। शुक्रवार शाम पति प्रभु लाल प्रजापत की हार्ट अटैक से मौत हुई, वहीं शनिवार सुबह उनकी पत्नी छोटाबाई प्रजापत का भी दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। पति-पत्नी दोनों की अंतिम यात्रा एक साथ निकाली गई। दोनों का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

62 वर्षीय प्रभु लाल प्रजापत को शुक्रवार शाम अचानक दिल का दौरा पड़ा था। उन्हें बड़वानी अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनका निधन हो गया। शनिवार को उनकी अंतिम क्रिया होनी थी। इसी बीच, शनिवार सुबह उनकी पत्नी छोटाबाई प्रजापत को भी अचानक दिल का दौरा पड़ा और उनका भी तत्काल निधन हो गया।

पति-पत्नी के निधन के बाद नगर में उनकी अंतिम यात्रा एक साथ निकाली गई। बाग के मुक्तिधाम पर स्वर्गीय प्रभु लाल और स्वर्गीय छोटाबाई की पार्थिव देह एक ही चिता पर रखी गई। उनके दोनों पुत्रों कृष्णा और महेंद्र ने माता-पिता को मुखाग्नि दी।

इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम यात्रा में सभी समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, पति-पत्नी दोनों की एक साथ अंतिम यात्रा की ऐसी घटना पहली बार देखी गई है। प्रजापत दंपत्ति धार्मिक प्रवृत्ति के थे और विभिन्न धार्मिक आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेते थे। मुक्तिधाम पर एक ही चिता पर पति-पत्नी का दाह संस्कार देखकर कई लोगों की आंखें नम हो गईं, और सभी ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सिविल न्यायालय सनावद में 166 प्रकरणों का हुआ निपटारा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

नेशनल लोक अदालत के शुभारंभ होते ही पति पत्नी मिले तो कहीं भाई बहन के झगड़े समाप्त हुए तो कहीं संपत्ति के विवाद में हुआ राजीनामा लोक अदालत में जिसमें मो असलम दहलवी साहब के न्यायालय में क्लेम के 4 एवं सिविल प्रकरणों में 28 एवं आपराधिक 2 निपटारा हुआ। जिसकी क्लेम राशि 7 लाख 25 हजार 700 वसूली बजावारी के 21 प्रकरण में जिसकी राशि 1 करोड़ 12 लाख 4 हजार 950 वसूली हुई कुल 30 में राजीनामा हुआ । न्यायाधीश महोदय योगेश चालीसा के न्यायालय में 136 प्रकरण में राजीनामा हुआ जिसमे 34 चेक बाउंस के मामले में 49 लाख 97 हजार 558 की राशि आई लड़ाई झगड़े के 61 प्रकरणों समाप्त हुए । वैवाहिक प्रकरण में 30 प्रकरण का निपटारा हुआ। बैंक वसूलीकी राशि 10 लाख 94 हजार 500 की राशि आई कुल 136 प्रकरणों में राजीनामा हुआ। प्री



लिटिगेशन के 127 प्रकरण समाप्त हुए नगर पालिका के जलकर संपत्तिकार राशि ७ लाख 10 हजार वसूली हुई। ये समस्त राजीनामे एवं प्रकरण निपटारा न्यायाधीशगण द्वारा एवं अधिवक्ता गण के अथक प्रयासों से उचित सलाह समझाइश से लोक अदालत में मामलों का निपटारा हुआ नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष गणेश मालवीय,कृष्ण राव सोनाने, जी जेके यादव, जेएस यादव वकील, आशीष मिश्रा, रिंकेश जैन, गोपाल चौहान, स्वेता महेश्वरी, ज्योति चौहान, दीपिका गोस्वामी, रश्मि चौहान, एम के यादव, गोरी शंकर जोशी, अनित खेड़े,के सी चौधरी, के सी सोहनी, शादाब नोमान, राधेश्याम सिसौदिया, भारत पटेल, आदि उपस्थित थे।

### द्वय आचार्यो का हुआ मंगल प्रवेश

## सभी समाजजनों ने अपने अपने घरों पर पाद प्रक्षालन कर अगवानी की

**सनावद।** संयम तप साधना के लिए जाने वाले अनेक साधुओं की नगरी सनावद में द्वय आचार्यो का मंगल प्रवेश हुआ।सन्मति जैन काका ने बताया की अनेक संतो की नगरी में साधु परमेष्टि का आना जाना निरंतर जारी है इसी क्रम में द्वय आचार्य प पूज्य आचार्य श्री कुमुद नंदी महाराज एवं प पूज्य आचार्य विप्रणत सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश बेड़ियां की ओर से हुआ। नगर में विराजमान आर्यिका आगम मति माताजी के साथ सभी समाजजनों ने चौधरी फ्यूल्स खरगौन रोड पर पधार कर आचार्य महाराज जी की आगवानी की । आचार्य महाराज ने नगरों के जिन मंदिरों के दर्शन कर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर पहुंचे जहां आचार्य श्री विप्रणत सागर जी महाराज ने श्री जी का पंचामृत अभिषेक एवं मंगल शांतिधारा संपन करवाई। तत्पश्चात आचार्य श्री ने मंदिर के हॉल आचार्य श्री की मंगल देशना संपन्न हुई सभा का शुभारंभ संगीता पाटोदी मंगलाचरण से हुई तत्पश्चात आचार्य श्री ने अपनी देशना में कहा की कला जिसके अंतरंग में जाग जाया करती है वह संसार के विषय सुखों से परामूर्त हुवा करता है। जब तक ज्ञान नहीं हे जब तक प्रचंड मोहका साम्राज्य हुआ करता हे ओर जब ज्ञान हों जाया करता हे तो मोह का सूर्य अस्ताचल की और चला जाया करता है। इसी क्रम आज की आचार्य विप्रणत सागर जी महाराज को आहारदान देने का सोभाग्य सावित्री बाई कैलाशचंद जटाले परिवार को प्राप्त हुआ। शाम को आचार्य श्री के द्वारा तत्व चर्चा धर्मिक क्लास एवं आरती भक्ति सभी समाजनों की उपस्थिति में हुवे इस अवसर पर सभी समाजजन उपस्थित थे।

## 19 मार्च से शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

### कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



आगामी 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के सफल क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिए गए निर्देशों के परिपालन में तथा जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के निर्देशन में आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत, जोबट विधायक श्रीमती सेना पटेल, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती संघमित्रा गौतम सहित सभी जनपद पंचायतों के सीईओ एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा तैयार की गई कार्ययोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा गत वर्ष किए गए कार्यों का भी मूल्यांकन किया गया। बैठक में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण और जल संरचनाओं के निर्माण एवं संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जाएंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत तालाब निर्माण, खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज स्ट्रक्चर, बोरी बंधान, चेक डेम, रिचार्ज पिट सहित विभिन्न जल संरचनाओं का निर्माण एवं संवर्धन किया जाएगा। वहीं जल संसाधन विभाग द्वारा स्टॉप डेम, बैराज और नहरों के सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाएगा। नगरीय प्रशासन विभाग शहर की नदियों की सफाई, फिल्टर प्लांट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा तालाबों की साफ-सफाई करेगा।

# यातायात नियमों का पालन समझाइश के साथ करवाया जाए - सांसद पटेल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



बड़वानी जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन के साधनों की कमी होने के कारण वाहनों के ओवर लोडिंग होने की समस्या प्रायरू देखी गई है। इस समस्या का निराकरण जन जागरूकता से ढूंढा जाए। इन वाहनों में आवागमन करने वाले लोगों को यह समझाइश दी जाए कि उनका जीवन बहुत कीमती है अतः वे इस प्रकार के वाहन में सवारी न करें । साथ ही वाहन का बीमा एवं ड्राइवर का लाइसेंस भी चेक किया जाए।

लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उक्त बातें कहीं । इस दौरान लोकसभा सांसद श्री पटेल ने कहा कि जिले वासियों को यातायात नियमों की समझाइए पहले दी जाए, उसके बाद भी नियमों का पालन न करने वालो पर सख्ती के साथ कार्यवाही की जाए।

दो पहिया वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने वालों को समझाया जाए कि उनका जीवन अमूल्य है, घर पर उनका परिवार उनका रास्ता देख रहा है अतः वे वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात नहीं करें। जिले के ब्लैक स्पॉट वाली जगहो पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था हो जिससे की घटना एवं दुर्घटनाएं ना हो। जिले की ट्रैफिक की व्यवस्था को सुधारने के लिए जनप्रतिनिधि, पुलिस प्रशासन एवं जनता का सहयोग लिया जाए।

जिले में सड़कों के जो निर्माण कार्य हो रहे हैं उनमें प्रारंभ से ही मानकों का ध्यान रखा जाए। जिले में नगरीय क्षेत्रों में ठेलों पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों की सीमा निर्धारित की जाए। सीमा निर्धारण के साथ ही उन्हें यह बताया जाए कि वह इस सीमा से बाहर दुकान ना लगाए, जिससे कि यातायात बाधित न हो। सड़कों पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों को भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समझाइश दी जाए कि यातायात सुगम बनाने के लिए वह सड़कों पर अपनी दुकान न लगाए। बैठक में सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल, पानसेमल विधायक श्री श्याम बरडे, बड़वानी विधायक श्री राजन मंडलोई, कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्म विलोचन शुक्ला, उपस्थित थे।

## नए आयकर अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं से किया लोगों को जागरुक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, भोपाल तथा श्री राहुल रमन, मुख्य आयकर आयुक्त (, इंदौर एवं आयकर विभाग, क्षेत्र-1, अपर आयकर आयुक्त डॉ. अक्षय जैन के मार्गदर्शन में आयकर विभाग, आयकर उपायुक्त, श्री दिनेश कजोट की अध्यक्षता में गत दिनों आयकर कार्यालय द्वारा "नए आयकर अधिनियम, 2025 पर आधारित आयकर जागरूकता एवं संवाद आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन निजी होटल में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आयकर अधिनियम, 2025 की प्रमुख विशेषताओं, सरल अनुपालन प्रक्रियाओं एवं उसके व्यवहारिक पहलुओं के संबंध में करदाताओं एवं व्यवसायिक वर्ग को जागरूक करना था। कार्यक्रम में श्री दिनेश कजोट, आयकर उपायुक्त, श्री रूपनारायण पटेल, आयकर अधिकारी, श्री निलेश अग्रवाल, अध्यक्ष, कर सलाहकार संघ, श्री आतुष जैन, अध्यक्ष, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन एवं अन्य व्यावसायिक संगठनों के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा व्यापारीगण सहित लगभग 60 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की।इस अवसर पर श्री रूपनारायण पटेल, आयकर अधिकारी द्वारा प्रतिभागियों को नए आयकर अधिनियम के उद्देश्यों एवं प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा यह स्पष्ट किया गया कि आयकर अधिनियम, 2025 एक सरल एवं करदाता-हितैषी कर व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रभावी पहल है।कार्यक्रम के दौरान अकाउंटेंट्स एवं कर सलाहकार संगठनों के सदस्यों सहित उपस्थित प्रतिभागियों से अपील की गई कि वे अन्य करदाताओं को भी नए आयकर अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराएं।

## हार्वेस्टर संचालकों की नरवाई प्रबंधन के अंतर्गत बैठक में विस्तार से चर्चा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन में विकासखंड खाचरौद अंतर्गत तहसील नागदा में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती रंजना पाटीदार की अध्यक्षता में हार्वेस्टर संचालकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में गेहूं फसल कटाई के उपरांत नरवाई प्रबंधन के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में उपस्थित सभी हार्वेस्टर संचालकों को निर्देशित किया गया कि गेहूं फसल की कटाई के पश्चात नरवाई काटने वाले यंत्र (स्ट्रॉ रिपर) का उपयोग सुनिश्चित करें। जिससे खेतों में फसल अवशेषों का वैज्ञानिक प्रबंधन किया जा सके। साथ ही किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी गई। किसानों को समझाइश दी गई कि गेहूं की फसल कटाई के बाद स्ट्रॉ रिपर के माध्यम से भूसा बनाकर उसे पशु आहार के रूप में उपयोग करें।बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि नरवाई जलाने से पर्यावरण एवं भूमि की उर्वरता को गंभीर नुकसान होता है। अतः किसानों से अपील की गई की वे नरवाई न जलाएं और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें। यदि कोई किसान नरवाई जलाते हुए पाया जाता है तो पर्यावरण क्षति की भरपाई के लिए नियमानुसार अर्थदंड की कार्यवाही की जाएगी।बैठक में तहसीलदार श्रीमती मधु नायक, कृषि विभाग से सहायक संचालक श्री कमलेश कुमार राठौर , अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्रीमती अनुप्रिया असाठी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री संदीप करोडे, उपस्थित थे।

## न्यूज -कॉलम

### चरक भवन के पास बिजली के तारों में लगी आग



**उज्जैन।** शासकीय चरक भवन के पास सीएमएचओ कार्यालय के सामने शनिवार शाम बिजली के तारों में आग लग गई। पोल पर विद्युत डीपी भी लगी थी, आग की लपटे देख लोग दहशत में आ गये। इस दौरान क्षेत्र की बिजली भी गुल हो गई। आगजनी की खबर मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच गये थे। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। पूर्व में भी चरक भवन के पास से गुजर रहे बिजली के तारों में फाल्ट होने के मामले सामने आ चुके है। यहां डीपी लगी है, जिसमें पहले भी आग लग चुकी है। पूर्व में आग लगने पर यहां तारों के बीच चप्पल फंसा दी गई थी, ताकि तार आपस में ना टकराये।

### खुले स्थानों पर नशा करने तीन युवकों को पकड़ा

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी में खुले स्थानों पर नशा करना प्रतिबंधित है। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार धरपकड़ अभियान चलाया जाता है और कार्रवाई की जाती है। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने गश्त के दौरान शुक्रवार-शनिवार रात 52 क्वार्टर के सामने खेत किनारे गांजे का नशा करते पवन पिता बसंतीलाल चंदेल निवासी ग्राम पुरीखेड़ा भैरवगढ़ को पकड़ा। उसके पास से गांजे की पुड़िया, चीलम माचिस जप्त कर मादक पदार्थ का सेवन करने की धारा 8/27 में प्रकरण दर्ज किया। इसी प्रकार नीलगंगा थाना पुलिस ने धन्नालाल की चाल से निलेश पिता श्यामपुरी निवासी श्रीराम कालोनी, लोटि तिराहे से सन्नी उर्फ विकास पिता विनोद कुमार निवासी वर्धमान नगर आगररोड और कवेलू कारखाना से विजय प्रकाश उर्फ शून पिता ओमप्रकाश जाटवा निवासी अजीत नगर को शराब का खुले में सेवन करते गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ आबकारी की धारा 36 बी का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### पानी पताशी जल्दी नहीं खिलाने पर युवक से मारपीट

**उज्जैन।** भिंड का रहने वाला शंकर पिता मानपाल कुशवाह 19 साल वर्तमान में किराये कवेरी रेसीडेंसी नागझिरी में निवास करता है और देवासरोड कार शोरूम के सामने तिराहे पर पानी-पताशी की दुकान लगाता है। रात 8 बजे दुकान पर नागझिरी क्षेत्र में रहने वाला जितेन्द्र पिता रमेश शिंदे पहुंचा और जल्दी पताशी खिलाने की बात कहने लगा। दुकान पर दूसरे ग्राहक उससे पहले आये हुए थे, उसने कुछ देर रूकने के लिये कहा तो जितेन्द्र ने विवाद शुरू कर दिया और डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट होने पर मौके पर आसपास खडे लोग दहशत में आ गये। शंकर ने मामले की शिकायत नागझिरी थाने पहुंचकर की। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच की और आसपास लोगों के बयान दर्ज कर मामले में शंकर के साथ मारपीट करने वाले जितेन्द्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

### उज्जैन-जावरा हाइवे पर सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**उज्जैन।** खाचरौद थाना क्षेत्र के उज्जैन-जावरा हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार सावरिया पिता शंकरलाल सोलंकी 30 साल निवासी ग्राम मीण की मौत हो गई और उसका साथी धर्मेन्द्र पिता कन्हैयालाल सोलंकी गंभीर घायल हो गया। खाचरौद पुलिस के अनुसार दुर्घटना कार क्रमांक एमपी 13 सीई 3027 से होना सामने आया है। मृतक और घायल अपने गांव मीण से खाचरौद आ रहे थे। मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था। कार से दुर्घटना का एक मामला खाकचौक क्षेत्र में हुआ। कार क्रमांक एमपी 13 सीई 1003 के चालक ने कुलदीप पिता संतोषसिंह बडगुर्जर निवासी इंदिरानगर को टक्कर मार दी। कुलदीप को घायल हालत में उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिमनगंज थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### चाकू के साथ हिरासत में आया आदतन बदमाश

**उज्जैन।** रात के समय ग्राम खारपा मार्ग पर चाकू लेकर घूम रहे बदमाश की सूचना मिलने पर तराना पुलिस ने घेराबंदी की, अंधेरे में बदमाश की तलाश के लिये पुलिस ने टार्च का उपयोग किया। इस दौरान एक संदिग्ध दिखाई दिया, उसके हाथ में चाकू था। पुलिस टीम ने तत्काल उसे हिरासत में लिया और चाकू बरामद किया। संदिग्ध थाना क्षेत्र का आदतन बदमाश इमरान उफ 5 मुन्ना पिता अनवर 32 साल निवासी शुक्ला गली काजीचौक होना सामने आया। जिसके खिलाफ पूर्व में भी 6 संगीन अपराध दर्ज थे। चाकू के साथ हिरासत में आने पर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | | 337-5 | 248-4 |
| मेन बाजार | | | |
| कल्याण नाइट | | | |
| मिलन डे | | 447-5 | 237-2 |
| मिलन नाइट | | 467-7 | 115-7 |
| मधुर डे | | 779-3 | 137-1 |
| मधुर नाइट | | 127-0 | 370-0 |
| शुभांक | 4 | 4 | 9 |

## न्यायालय के आदेश पर 4 लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ प्रकरण...

# तीन लोगों से एक मकान का सौदा कर ठगे 31 लाख

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



6 साल पहले एक मकान का सौदा 3 लोगों से करने के बाद उनके नाम लोन कराकर 31 लाख की राशि अपने पास रखकर धोखाधड़ी करने वाले परिवार के 4 सदस्यों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर माधवनगर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर घट्टिया तहसील के ग्राम नई खेड़ी में रहने वाले लोकेन्द्र उर्फ अर्जुन पिता हरिदास बैरागी, हरिदास पिता गंगाराम बैरागी, श्यामाबाई पति हरिदास बैरागी और गोपालदास बैरागी निवासी महिदपुररोड के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 420 का प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की जांच शुरू कर चारों आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। बताया जा रहा है कि चारों ने 2 हजार स्क्वेयर फीट के मकान का सौदा नईखेड़ी में रहने वाले मोहन पिता रतनलाल मालवीय, ग्राम मऊखेड़ी के ओमप्रकाश मेवाड़ा और इंदिरानगर उज्जैन निवासी तुलसी लेखवानी से कर दिया था। आरोपियों ने तीनों को मकान की राशि अलग-अलग बताई थी और ए. यू. स्माल फायनेंस कंपनी से लोन कराकर करीब 31 लाख की राशि भी प्राप्त कर ली थी। थाना प्रभारी के अनुसार धोखाधड़ी का शिकार हुए तीनों लोगों के साथ वर्ष 2019 में सौदा किया गया था। तीनों ने वर्ष 2024 में न्यायालय में परिवाद लगाया था, जहां से आदेश मिलने पर मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है।

### खुद को बताया था नगर निगम कर्मचारी

धोखाधड़ी के आरोपी हरिदास बैरागी ने मकान का सौदा पुत्र लोकेन्द्र उर्फ अर्जुनदास के माध्यम से किया था और खुद को नगर निगम का कर्मचारी होना बताया था। मोहन मालवीय को बताया गया था कि मकान 10 लाख में बेचना है, 2-3 साल बाद ही कीमत 20 से 22 लाख हो जायेगी। मोहन मालवीय ने सौदा कर लिया था, लेकिन तीनों पिता-पुत्र और मां ने मिलकर अपने साथी गोपालदास बैरागी के माध्यम से उसका 14.50 लाख का फायनेंस करा दिया था। वहीं तुलसी लेखवानी को अपनी बातों में फंसा कर उससे सौदा कर 11.50 लाख का लोन ए.यू. स्माल फायनेंस से करा दिया था। ओमप्रकाश मेवाडा से 5 लाख में सौदा कर लोन पास कराया और सभी की राशि अपने पास रख ली।

### लोन किश्त जमा नहीं होने पर चला पता

धोखाधड़ी का शिकार मोहन मालवीय ने बताया कि मकान का सौदा करने के बाद आरोपी लोकेन्द्र उर्फ अर्जुनदास ने कहा था कि उसके माता-पिता उज्जैन में मकान देख रहे है। मकान मिलने पर खाली कर देगें।

लेकिन सालभर बाद कोराना महामारी के चलते बात टल गई। लोन की किश्त भी लोकेन्द्र बैरागी का दे रहे थे। लेकिन उसने लोन भी जमा नहीं किया, ना रजिस्ट्री कराई। जानकारी जुटाने पर पता चला कि बैरागी परिवार 2 ओर लोगों से इसी तरह मकान का सौदा कर चुका है।

# छात्राओं के साथ उज्जैन आये मुस्लिम युवक की हुई पिटाई

## हिन्दू संगठन ने रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी कर पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रेलवे स्टेशन परिसर में शुक्रवार शाम हिन्दूवादी संगठन ने युवक को घेर लिया और नाम-पता पूछने के बाद उसकी पिटाई कर दी। युवक 3 छात्राओं के साथ उज्जैन आया था। मामले में जीआरपी युवक और छात्राओं से पूछताछ कर रही है।

बताया जा रहा है कि सतना का रहने वाल शेख अमन भोपाल में अध्ययन करता है। वह साथ में पढ़ाई करने वाली 3 हिन्दू छात्राओं के साथ उज्जैन घूमने आया था। इस बात की खबर हिन्दू संगठन को लगी तो युवक की तलाश शुरू की गई। शेख अमन शाम को तीनों छात्राओं के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचा था, जहां उसे संगठन के लोगों ने घेर लिया और नाम-पता पूछने के बाद पिटाई शुरू कर दी। जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बीच-बचाव किया।

मामला जीआरपी से जुड़ा होने पर युवक और तीनों छात्राओं को थाने लाया गया, जहां हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता पहुंचे और कार्रवाई की मांग करने लगे। जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि छात्राओं और युवक से पूछताछ की जा रही है। सभी भोपाल में पढ़ाई करते है, छात्राओं ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। उनके परिजनों से संपर्क किया गया है, सभी बालिग है, परिजनों के आने पर उनके सुपुर्द किया जायेगा। फिलहाल किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। विदित हो कि देशभर के अलग-अलग शहरों से आये दिन हिन्दू-मुस्लिम युवक-युवती उज्जैन पहुंच रहे है। जिनकी जानकारी लगने पर हिन्दू संगठन द्वारा उन्हे पकड़ा जा रहा है। मामला लव जिहाद से जुड़ा होने का बताकर कार्रवाई की मांग की जा रही है। पुलिस द्वारा युवतियों द्वारा शिकायत नहीं करने और उनके बालिग होने पर अधिकांश मामलों में प्रकरण दर्ज नहीं कर रही है। कुछ मामलों में शिकायत मिलने पर प्रकरण दर्ज किये गये है।

### चार ट्रक चारा एवं भूसा जप्त



**उज्जैन।** मंदसौर जिले में पशु चारे की उपलब्धता बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा चारा एवं भूसे के जिले से बाहर निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसी के तहत चारा/ भूसा के अवैध परिवहन पर नजर रखी जा रही है। भावगढ़ से दलौदा मार्ग पर कार्रवाई करते हुए चार ट्रकों को जप्त किया गया। ये ट्रक पशु चारा एवं भूसे से ओवरलोड होकर जिले की सीमा से बाहर अन्य उपयोग के लिए जावरा ले जाए जा रहे थे।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा जारी आदेश के अनुसार पशुओं के आहार में आने वाले सभी प्रकार के चारा, भूसा, घास, ज्वार आदि का उपयोग ईंट भट्टों एवं फैक्ट्रियों में जलाने तथा जिले की सीमा से बाहर निर्यात करने पर 31 मई 2026 तक प्रतिबंध लगाया गया है। मंदसौर एसडीएम ग्रामीण श्री शुभम पाटीदार ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में भावगढ़ से दलौदा मार्ग पर कार्रवाई करते हुए चार ट्रकों को जप्त किया गया। ये ट्रक पशु चारा एवं भूसे से ओवरलोड होकर जिले की सीमा से बाहर अन्य उपयोग के लिए जावरा ले जाए जा रहे थे। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि प्रतिबंध अवधि के दौरान चारा एवं भूसे के अवैध परिवहन, भंडारण या अन्य उपयोग पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार दलौदा ने पटवारी दल के साथ मौके पर पहुंचकर चारों ट्रकों को जप्त किया तथा उन्हें थाना भावगढ़ की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। जप्त किए गए ट्रकों के क्रमांक इस प्रकार हैं

# हिरासत में आया सफाईकर्मी पर तलवार तानने वाला युवक

## गीला-सूखा कचरा अलग करने पर हुआ था विवाद



**उज्जैन।** फाजलपुरा में शनिवार सुबह गीला-सूखा कचरा अलग करने की बात पर एक युवक ने सफाईकर्मी के साथ मारपीट कर तलवार तान दी थी। घटनाक्रम के बाद पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने चंद घंटे में आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। जिसके खिलाफ मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया है।

नगर निगम द्वारा शहर में कचरा कलेक्शन का काम किया जाता है। सफाईकर्मी प्रतिदिन शहर में घरों से कचरा कलेक्शन करते है। शुक्रवार सुबह सफाई कर्मी कचरा गाड़ी के साथ फाजलपुरा पहुंचे थे। जहां घरों से कचरा एकत्रित किया जा रहा था। गली नम्बर 3 में सफाईकर्मी फैजान पिता जफर निवासी हेलावाड़ी पहुंचा। जहां एक युवक कचरा लेकर आया। फैजान ने गीला-सूखा कचरा अलग देने के लिये कहा तो युवक ने विवाद कर मारपीट शुरू कर दी। यहीं नही उसने घर में रखी तलवार निकाली और फैजान को मारने दौड़ा। सफाईकर्मी ने भागकर जान बचाई। घटनाक्रम की जानकारी अन्य सफाईकर्मियों को लगी तो सभी एकत्रित हो गये। नगर निगम के दरोगा भी फाजलपुरा पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

फैजान के साथ हुई घटना से सफाईकर्मी आक्रोशित हो गये और चिमनगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि सफाईकर्मियों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ मारपीट करने और शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया। फाजलपुरा पहुंचकर युवक के परिजनों से पूछताछ की गई और कुछ घंटे बाद आरोपी कादर को हिरासत में ले लिया गया। जिससे पूछताछ की जा रही है। रविवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

# उज्जैन-गरोठ मार्ग पर हादसा 11 साल के मासूम की मौत

## घायल माता-पिता, भाई का मेडिकल कॉलेज में उपचार

**उज्जैन।** गरोठ-उज्जैन मार्ग पर शुक्रवार देर शाम सड़क हादसा हो गया। बाइक सवार परिवार को पीछे से आये अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के 11 साल के मासूम की मौत हो गई। माता-पिता और भाई घायल हुआ। जिन्हे उपचार के लिये आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया।

चिमनगंज थाना एसआई दिनेश भट ने बताया कि आगररोड स्थित शराब दुकान से कुछ दूरी पर उज्जैन-गरोठ फोरलेन पर बाइक सवार परिवार के चार लोगों को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन चारों घायलों को आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लोगों की मदद से पहुंचाया जा चुका था। घायलों में शामिल 11 साल के मासूम की मौत होने पर बॉडी चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष भेजी गई थी। घटनाक्रम में घायलों और मृतक बालक की जानकारी जुटाने के लिये पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंची, जहां मृतक बालक का नाम हाशिब पिता मुकरम हुसैन 11 साल निवासी श्यामगढ़ सामने आया। उसके पिता मुकरम पिता शरफउद्दीन हुसैन, मां निगार हुसैन और भाई मुकरीब हुसैन सामने आये। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि मुकरम हुसैन का ससुराल उज्जैन में है। चारों बाइक से उज्जैन आ रहे थे। लेकिन घायल यह नहीं बता पाये कि पीछे से किस वाहन ने टक्कर मारी है। घटनाक्रम की जानकारी घायलों के परिजनों को दी गई है। जिनके देर रात तक उज्जैन पहुंचने की संभावना है। फिलहाल मामले में चरक भवन से सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया है। रविवार सुबह मृतक बालक का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं अज्ञात वाहन का पता लगाने के लिये घटनास्थल के आसपास लोगों से जानकारी जुटाकर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जायेगें।

## गैस की किल्लत बनी कमाई का जरिया.. सप्लाई करने वाला हाकर बोला 2000 रूपए दो अभी मिल जाएगी टंकी

**उपभोक्ता से फोन पर 2000 रुपये मांगने की कॉल रिकॉर्डिंग भी सामने आई, गैस सिलेंडर नहीं मिलने पर हाकर ने दिया 'ब्लैक' ऑफर, पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर तक पहुंची, जांच की मांग**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

एलपीजी सप्लाई में आई कमी का फायदा उठाकर शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। सिलेंडर की कमी के बीच एजेंसी से टंकी उपलब्ध नहीं होने पर एक हाकर द्वारा उपभोक्ता से भरे हुए सिलेंडर के लिए 2000 रुपये मांगने की बात सामने आई है। इस पूरे मामले की कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य सबूत दैनिक अवंतिका के पास मौजूद हैं।

जानकारी के अनुसार शहर के एक उपभोक्ता ने गैस एजेंसी में बुकिंग के बाद भी समय पर सिलेंडर नहीं मिलने पर टंकी सप्लाई करने वाले हाकर से संपर्क किया। बातचीत के दौरान हाकर ने भरा हुआ घरेलू सिलेंडर करीब 2000 रुपये में उपलब्ध कराने की बात कही। सामान्य दर से कहीं अधिक राशि मांगने का यह मामला सामने आने के बाद उपभोक्ता ने इसकी शिकायत जिला प्रशासन से की है।

### सप्लाई संकट का उठाया जा रहा फायदा

बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित होने से कई उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। इस स्थिति का फायदा उठाकर कुछ हाकर और एजेंसी से जुड़े लोग ब्लैक में सिलेंडर उपलब्ध कराने का ऑफर देकर मनमानी रकम वसूलने की कोशिश कर रहे हैं।

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर तक पहुंचने के बाद उपभोक्ता ने कालाबाजारी में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि समय पर प्रशासन ने जांच कर कार्रवाई नहीं की, तो गैस संकट के बीच आम लोगों को महंगे दामों पर सिलेंडर लेने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।



### स्वास्थ्य केंद्र पर सभी को करीब दो घंटे उपचार दिया गया

**उज्जैन।** इंदौर-सनावद एवं अन्य स्थलों के कवियों पर सैलाना के केक्टस गार्डन में मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इसमें आधा दर्जन से अधिक कवि एवं उनके परिजन घायल हुए हैं। सभी को सैलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार दिया गया है। करीब डेढ घंटे के प्राथमिक उपचार के उपरांत सभी अस्पताल से छुट्टी लेकर चले गए। ये सभी रतलाम की काव्य गोष्ठी में शामिल होने के बाद सैलाना केक्टस गार्डन पहुंचे थे। सैलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लाक मेडिकल आफीसर डा. शैलेन्द्र डांगे के अनुसार शनिवार अपरांह् में मधुमक्खियों के काटने से घायल हुए रेखा पति प्रदीप मंडलोई 59 वर्ष निवासी इंदौर, सागर पिता मदनलाल विश्वकर्मा 26 वर्ष निवासी इंदौर, कारूलाल पिता मोहनलाल 52 वर्ष जावरा, जयश्री पति शिशिर उपाध्याय 65 वर्ष इंदौर ,शिशिर पिता शिवनारायण उपाध्याय 68 वर्ष निवासी इंदौर के साथ अन्य लोग अस्पताल पहुंचे थे। इन सभी को यहां करीब डेढ से दो घंटे भर्ती कर उपचार दिया गया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)**

क्रमांक /210/ स्वा.वि /2026 देवास, दिनांक : 12/03/2026

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा पत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 2026 - UAD - 489931 - 1<br>12/03/2026 | नगरीय सीमा क्षेत्र में प्राकृतिक / दुर्घटनाजन्य मृत मवेशियों को उठाने एवं वैज्ञानिक विधि से डिस्पोजल करने हेतु ऑनलाइन ई-निविदा प्रपत्र। | 12 माह<br>27,00,000/- + GST | 5,000/-<br>81,000/- | 02/04/2026<br>06:00 pm |

**नोट :-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, देवास**

# सब समझ का कमाल



समझ यानी वह तमीज, जिससे भलाई-बुराई में फर्क किया जाता है। मेरा ख्याल है कि अगर इंसानों के दिल को चीरकर उनका हाल देखा जाए, तो दाना और नादान, दोनों के दिलों में थोड़ा ही फर्क निकलेगा। दोनों के दिलों में हमेशा बहुत से बेमतलब और बेकार ख्याल आते हैं। दोनों में यही फर्क होता है कि दाना आदमी समझता है कि कौन से ख्यालात ऐसे हैं, जिनको गुफ्तगू में लाना चाहिए, और कौन से ऐसे हैं, जिनको छोड़ देना चाहिए। नादान आदमी ऐसा नहीं करता और जो ख्याल उसके दिल में आता है, वह बगैर सोचे-समझे मुंह से बकता चला जाता है। दानिशमंद आदमी दोस्तों के साथ बातचीत करने में नादान की मानिन्द रहता है और उसके ख्यालात बुलंद आवाज में ही सामने आते हैं।

पिस्टली साहब का यह कौल है कि इंसान को दुश्मन के साथ भी ऐसा बर्ताव रखना चाहिए कि उसको दोस्त बनाने का मौका बना रहे और दोस्त से इस तरह बर्ताव करना चाहिए कि अगर वह कभी दुश्मन हो जाए, तो उसके नुकसान से बचने की जगह रहे। इस कौल की पहली बात जो दुश्मन के साथ बर्ताव की है, निहायत उम्दा है, मगर पिछली बात, जो दोस्त के साथ बर्ताव की है, वह कुछ अच्छी नहीं। उसमें समझ की कुछ भी बात नहीं, बल्कि निरी मक्कारी है। ऐसे बर्ताव से इंसान जिंदगी की बहुत बड़ी खुशी से महरूम रहता है। अपने दिली दोस्तों से भी दिल की बात नहीं कह सकता। यह सच है कि कई बार दोस्त दुश्मन हो जाते है और दोस्त के भेद को खोल देते हैं, मगर दुनिया उन्हीं को दगाबाज व बुरा कहती है और दोस्त पर भरोसा करने वाले को नासमझ नहीं कहती। हां, दोस्तों के बीच फर्क करने और उन्हें समझने के लिए बड़ी समझ चाहिए।

समझ सिर्फ बातों या कथनी पर निर्भर नहीं है, यह हर किस्म के कामों से संबंधित है। इंसान में बहुत-सी बड़ी उम्दा सिफतें हैं, मगर समझ सबसे ज्यादा मुफीद है। समझ के सबब से ही तमाम सिफतों की कद्र होती है। समझ के ही सबब से वे तमाम सिफतें अपने-अपने मौके पर काम आती हैं। समझ से ही सिफत वालों को फायदा होता है। बगैर समझ इंसान अपने बर्ताव में गलतियां करता है और नुकसान पर नुकसान उठाता है। जिस शख्स को बड़ी से बड़ी लियाकत हासिल हो, पर समझ न हो, तो वह किसी अंधे आदमी की मानिन्द है। किसी शख्स को दुनिया में सब तरह के कमाल हासिल हों, मगर समझ न हो, तो वह दुनिया में किसी काम का नहीं। एक मुसन्निफ का कौल है कि समझ ही ऐसी रौनक चीज है, जिसका कभी अभाव नहीं, जो इसे चाहते हैं, आंखों के सामने देखते हैं, जो इसे ढूंढ़ते हैं, वे इसे आसानी से पाते हैं। इसकी तलाश में उनको बहुत दूर जाना नहीं पड़ता, क्योंकि वे इसे अपने ही दरवाजे पर पाते हैं।



**सम्पादकीय**

## एक और महाभियोग

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए विपक्षी सांसदों ने संसद के दोनों सदन में जो नोटिस दिया है, वह ऐतिहासिक है। कई लोगों को इस पर अफसोस होगा और कई लोग इसके पीछे सिर्फ सियासत देख रहे होंगे, पर सच यही है कि इस नोटिस या महाभियोग को लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों का समर्थन मिल चुका है। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के प्रयासों से यह विपक्षी अभियान चल रहा है। देश में यह पहली बार है, जब मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग वाला नोटिस पेश किया गया है। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त पर मुख्यतः सात आरोप लगाए गए हैं, जिनमें पक्षपातपूर्ण व्यवहार, चुनावी धोखाधड़ी की जांच में जान-बूझकर बाधा डालने और सामूहिक मताधिकार से वंचित करने जैसे आरोप शामिल हैं। देश में पहले भी विपक्षी दल चुनाव आयुक्तों पर पक्षपात के आरोप लगाते थे, पर कभी महाभियोग की जरूरत नहीं पड़ी थी। यह कहना ही चाहिए कि विपक्षी दल मिलकर इतिहास रचने जा रहे हैं।

विगत कुछ वर्षों से विपक्ष वोट चोरी जैसे आरोप कुछ ज्यादा ही लगाता आया है और चुनाव आयोग की भी शिकायत करता आया है। अच्छा मौका है, अब विपक्ष सदन में साबित कर दिखाए कि वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त कैसे अनैतिकता बरत रहे हैं। हाल ही में विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भी हटाने के हर मुमकिन उपाय किए थे, पर सफलता नहीं मिली। अब क्या मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने में सफलता मिलेगी? विपक्ष के पास संख्या बल नहीं है, पर क्या विपक्ष नैतिक रूप से इतना सुदृढ़ है कि वह मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ अकाट्य तथ्य पेश कर सकता है? यहां यह ध्यान रखने की जरूरत है कि एक लंबा दौर देश में ऐसा रहा है, जब चुनाव आयुक्तों को सत्तारूढ़ दल सिर्फ अपनी मर्जी से नियुक्त करता था। पहले की केंद्र सरकारों ने रिटायर हो चुके चुनाव आयुक्तों को ऊंचे पद दिए हैं, केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी शामिल किया है। देश में शायद ही कोई ऐसा दौर रहा हो, जब चुनाव आयुक्तों को आरोपों का सामना न करना पड़ा हो। खैर, विपक्षी दल अपने अधिकार के तहत महाभियोग ला रहे हैं और अगर मुख्य चुनाव आयुक्त अनैतिक हैं, तो उनके लिए चुनाव आयोग में जगह नहीं होनी चाहिए। वाकई, वोट चोरी और फर्जी मतदान को यह देश बर्दाश्त नहीं कर सकता। उम्मीद है, महाभियोग पर सदन में जो बहस होगी, उससे देश को कुछ सबक हासिल होंगे।

### क्षणिक लोकप्रियता पाने की लालसा

# फॉलोअर्स की भूख और रिश्तों की नीलामी

डिजिटल युग ने अभिव्यक्ति के नए दरवाजे खोले हैं। इंटरनेट और सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को अपनी बात दुनिया तक पहुँचाने का अवसर दिया है। पहले जहां सूचना और मनोरंजन के साधन सीमित थे, वहीं आज कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल फोन के जरिए वीडियो बना सकता है, ब्लॉग लिख सकता है और लाखों लोगों तक अपनी बात पहुँचा सकता है। यह बदलाव लोकतांत्रिक भी है और प्रेरणादायक भी। लेकिन हर बदलाव के साथ कुछ नई चुनौतियाँ भी जन्म लेती हैं।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

आज सोशल मीडिया की दुनिया में लोकप्रियता की एक नई परिभाषा बन चुकी है–फॉलोअर्स, लाइक्स, शेयर और व्यूज। जितने ज्यादा ये आंकड़े होते हैं, उतना ही किसी व्यक्ति को सफल माना जाता है। इसी होड़ ने कई कंटेंट क्रिएटर्स को ऐसी राह पर ला खड़ा किया है, जहां निजी जीवन की मर्यादाएं भी कंटेंट का हिस्सा बनती जा रही हैं। बीते कुछ वर्षों में एक नया ट्रेंड तेजी से उभरा है–पारिवारिक झगड़ों और निजी विवादों को कैमरे के सामने लाकर सोशल मीडिया पर साझा करना। पति-पत्नी के विवाद, भाई-बहन के मतभेद, सास-बहू की तकरार या परिवार के अंदर की छोटी-छोटी बहसें–जो पहले घर की चारदीवारी में सुलझा ली जाती थीं–अब वीडियो और पोस्ट के रूप में लाखों दर्शकों के सामने परोसी जा रही हैं।

कई यूट्यूबर्स और ब्लॉगर इसे रियल लाइफ कंटेंट का नाम देते हैं। उनका तर्क होता है कि दर्शक वास्तविकता देखना चाहते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या हर वास्तविक घटना को सार्वजनिक करना जरूरी है? क्या निजी रिश्तों को दर्शकों की जिज्ञासा के लिए खोल देना उचित है? असल में सोशल मीडिया का एल्गोरिथ्म भी इस प्रवृत्ति को बढ़ावा देता है। जिस कंटेंट में विवाद, भावनात्मक प्रतिक्रिया या सनसनी होती है, वह तेजी से वायरल होता है। लोग ऐसे वीडियो पर ज्यादा कमेंट करते हैं, अपनी राय देते हैं और कभी-कभी पक्ष या विपक्ष में बहस भी करते हैं। यही कारण है कि कुछ क्रिएटर्स जानबूझकर ऐसे विषय चुनते हैं जो लोगों की भावनाओं को भड़का सकें।

दुर्भाग्य की बात यह है कि कई बार ये झगड़े वास्तविक होते हैं और परिवार के सदस्यों की निजता दांव पर लग जाती है। एक छोटी सी तकरार को कैमरे के सामने लाकर बड़ा मुद्दा बना दिया जाता है। इससे न केवल रिश्तों की गरिमा प्रभावित होती है, बल्कि परिवार के अन्य सदस्यों–विशेषकर बच्चों–पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। कुछ मामलों में तो यह भी देखने में आया है कि विवादों को जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है या फिर पूरी तरह से स्क्रिप्टेड होता है। यानी झगड़ा असली नहीं होता, लेकिन उसे असली दिखाने की कोशिश की जाती है ताकि दर्शकों का ध्यान खींचा जा सके। यह स्थिति मनोरंजन और वास्तविकता के बीच की रेखा को धुंधला कर देती है।

सोशल मीडिया के इस दौर में वायरल होना ही सफलता का पर्याय बन गया है। जब किसी वीडियो को लाखों व्यूज मिलते हैं और हजारों नए फॉलोअर्स जुड़ते हैं, तो क्रिएटर को लगता है कि उसने सही रास्ता चुना है। लेकिन यह लोकप्रियता अक्सर क्षणिक होती है। जिस विवाद ने एक दिन दर्शकों का ध्यान खींचा, वही अगले दिन किसी और नए विवाद से दब जाता है। इस प्रवृत्ति का एक सामाजिक पहलू भी है। जब दर्शक बार-बार ऐसे कंटेंट देखते हैं, तो धीरे-धीरे उन्हें यह सामान्य लगने लगता है कि निजी रिश्तों को सार्वजनिक मंच पर लाकर चर्चा का विषय बनाया जाए। इससे समाज में गोपनीयता और मर्यादा की भावना कमजोर पड़ सकती है।

हमारे समाज में परिवार को हमेशा एक मजबूत संस्था माना गया है। परिवार केवल साथ रहने की व्यवस्था नहीं है, बल्कि भावनात्मक सुरक्षा, विश्वास और आपसी समझ का आधार भी है। जब परिवार के अंदर की समस्याओं को सार्वजनिक तमाशा बना दिया जाता है, तो यह उस भरोसे को कमजोर करता है जो रिश्तों की नींव होता है। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर आने वाले दर्शकों में बड़ी संख्या युवा और किशोरों की भी होती है। वे जो कुछ देखते हैं, उससे प्रभावित होते हैं। अगर वे बार-बार यह देखेंगे कि लोकप्रियता पाने के लिए निजी विवादों को सार्वजनिक करना सामान्य बात है, तो उनके मन में भी यही धारणा बन सकती है कि जीवन में सफलता के लिए किसी भी हद तक जाना स्वीकार्य है।

यह भी सच है कि सभी कंटेंट क्रिएटर्स ऐसे नहीं होते। बहुत से यूट्यूबर्स, ब्लॉगर और डिजिटल क्रिएटर्स ऐसे भी हैं जो ज्ञानवर्धक, रचनात्मक और सकारात्मक सामग्री प्रस्तुत करते हैं। शिक्षा, विज्ञान, कला, संस्कृति, यात्रा और सामाजिक मुद्दों पर काम करने वाले अनेक लोग सोशल मीडिया को एक सकारात्मक मंच के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। उनके प्रयास यह साबित करते हैं कि लोकप्रियता पाने के लिए विवाद और ड्रामा ही एकमात्र रास्ता नहीं है।

असल सवाल जिम्मेदारी का है। जब किसी के पास हजारों या लाखों लोगों तक पहुंचने की ताकत होती है, तो उसके साथ एक सामाजिक जिम्मेदारी भी जुड़ जाती है। कंटेंट क्रिएटर्स को यह समझना चाहिए कि उनकी सामग्री केवल मनोरंजन ही नहीं करती, बल्कि लोगों की सोच और दृष्टिकोण को भी प्रभावित करती है।

दर्शकों की भी इसमें भूमिका कम नहीं है। आखिर वही तय करते हैं कि किस प्रकार का कंटेंट ज्यादा देखा जाएगा और किसे नजरअंदाज किया जाएगा। अगर दर्शक केवल सनसनी और विवाद वाले वीडियो को ही बढ़ावा देंगे, तो स्वाभाविक है कि ऐसे कंटेंट की संख्या बढ़ती जाएगी। लेकिन अगर वे रचनात्मक और सकारात्मक सामग्री को अधिक समर्थन देंगे, तो डिजिटल दुनिया का माहौल भी बदल सकता है।

आज जरूरत इस बात की है कि सोशल मीडिया के उपयोग में संतुलन और समझदारी लाई जाए। निजी जीवन की सीमाएं तय की जाएं और यह समझा जाए कि हर घटना को सार्वजनिक करना आवश्यक नहीं होता। लोकप्रियता और फॉलोअर्स का महत्व अपनी जगह है, लेकिन रिश्तों की गरिमा और व्यक्तिगत सम्मान उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। अंततः यह याद रखना जरूरी है कि सोशल मीडिया एक साधन है, लक्ष्य नहीं। इसका उपयोग ज्ञान, संवाद और सकारात्मक बदलाव के लिए किया जा सकता है।

## मशीनी ममता

रतलाम की वह दोपहरी कोई मौसम नहीं, बल्कि एक सरकारी फाइल की तरह तपती हुई लंबी उबासी थी। सूरज आसमान में वैसे ही आग के गोले छोड़ रहा था, जैसे कोई नया-नवेला अफसर पुरानी फाइलों पर 'अर्जेंट' की मुहर मारता है। नगरपालिका के कचरा-घरों के पास जो कुत्ते घूम रहे थे, उन्हें यह भारी किस्म की गलतफहमी थी कि वे 'आजाद भारत' के प्रथम श्रेणी के नागरिक हैं। बेचारे बेवकूफ! उन्हें क्या पता था कि इस गणतंत्र में नागरिक होने के लिए केवल दो टांगें काफी नहीं, बल्कि एक अदद राशन कार्ड और भ्रष्टाचार की गंगा में कम से कम एक डुबकी लगाने की न्यूनतम योग्यता अनिवार्य है। कुत्ता होना इस देश में सबसे बड़ा नैतिक अपराध है, क्योंकि वह वफादारी के उस पुराने ढर्रे पर चलता है जिसे हमारी व्यवस्था ने कब का 'आउटडेटेड' घोषित कर कूड़ेदान में डाल दिया है।

उसी डामर की पिघलती सड़क पर 'आधुनिकता' अपनी दो-पहिया स्कूटी पर सवार होकर गुजरी, जिसकी गति विकास के वादों जैसी तेज और खोखली थी। स्कूटी पर दो महिलाएँ विराजमान थीं–ऐसी 'सभ्य' कि जिन्हें देखकर लगे कि इन्होंने बचपन में ही दया-धर्म के सारे अध्याय रटकर फाड़ दिए होंगे ताकि भविष्य में कोई 'कन्फ्यूजन' न रहे। उनके पीछे एक रस्सी थी और रस्सी के अंतिम छोर पर एक पिल्ला, जिसे यह मुगालता था कि वह 'सैर' पर निकला है। पिल्ले ने अभी 'भौंकना' ठीक से सीखा नहीं था, पर उसे 'घिसटना' अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग के साथ सिखाया जा रहा था। स्कूटी की रफ्तार बढ़ते ही पिल्ले के नन्हे पंजे सड़क पर वैसे ही घिसने लगे, जैसे कलेक्ट्रेट की सीढ़ियों पर किसी बेवा की पेंशन की अर्जी घिसती है। पीछे बैठी महिला बीच-बीच में मुड़कर उसे ऐसे देख लेती थी, जैसे कोई अनुभवी आयकर अधिकारी किसी ईमानदार आदमी की जेब टटोलता है कि कहीं कुछ 'बाकी' तो नहीं रह गया। हमारे महान देश में 'ममता' का इतना विज्ञापन हुआ है कि अब वह सिर्फ विज्ञापनों और राजनीतिक रैलियों के नारों में ही सुरक्षित बची है। उस स्कूटी पर बैठी ममता शायद पीछे किसी चौराहे पर ट्रैफिक हवलदार को रिश्वत देकर वहीं अपना 'धर्म' भूल आई थी। पिल्ले की खाल उधड़ रही थी और सड़क का डामर उसके खून से 'स्मार्ट सिटी' की ड्राइंग जैसा लाल हो रहा था।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 15 मार्च 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:39 सूर्यास्त 18:32
चैत्र मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - एकादशी 09:17 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र - श्रवण 05:56 उपरांत धनिष्ठा
योग - परिघ 10:25 उपरांत शिव
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मकर में रहेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 25 तारिख

**मेष-** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**वृषभ-** कारोबार में वृद्धि होगी। आय के नए स्त्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। नए विचार दिमाग में आएंगे।

**मिथुन-** प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा।

**कर्क-** मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

**सिंह-** आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। लाभ होगा।

**कन्या-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। विवाद से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**तुला-** पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति की बातों में न आएं।

**वृश्चिक-** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। आय के नए स्त्रोत प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु-** व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। धनहानि की आशंका है।

**मकर-** प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। थकान रहेगी। किसी कार्य की चिंता रहेगी।

**कुंभ-** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। थकान व कमजोरी रह सकती है। व्यापार व व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मीन-** नौकरी में चैन रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

**समसामयिक**

## भोजन एवं स्नान के प्रकार..?

भीष्म पितामह ने गीता में अर्जुन को चार प्रकार से भोजन ना करने के लिए बताया था।ये निषिद्ध है। पहला भोजन,जिस भोजन की थाली को कोई लांघ कर गया हो वह भोजन की थाली नाले में पड़े कीचड़ के समान होती है।इस भोजन को नही करना चाहिए।दूसरा भोजन, जिस भोजन की थाली में ठोकर लग गई ,पाव लग गया वह भोजन की थाली भिष्टा के समान होता है।निषिद्ध है।तीसरे प्रकार का भोजन जिस भोजन की थाली में बाल पड़ा हो, केश पड़ा हो वह दरिद्रता के समान होता है।अभक्षणीय है।चौथे नंबर का भोजन,अगर पति और पत्नी एक ही थाली में भोजन कर रहे हो तो वह मदिरा के तुल्य होता है। विशेष सूचना,और सुन अर्जुन बेटी अगर कुवारी हो और अपने पिता के साथ भोजन करती है एक ही थाली में उस पिता की कभी अकाल मृत्यु नहीं होती, क्योंकि बेटी पिता की अकाल मृत्यु को हर लेती है । इसीलिए बेटी जब तक कुमारी रहे तो अपने पिता के साथ बैठकर भोजन करें क्योंकि वह अपने पिता की अकाल मृत्यु को हर लेती हैं। स्नान कब और कैसे करे घर की समृद्धि बढाना हमारे हाथ में है। सुबह के स्नान को धर्म शास्त्र में चार उपनाम दिए है। मुनि स्नान,जो सुबह चार से पांच के बीच किया जाता है। देव स्नान, जो सुबह पांच से छह के बीच किया जाता है।मानव स्नान जो सुबह छह से आठ के बीच किया जाता है।राक्षसी स्नान,जो सुबह आठ के बाद किया जाता है। मुनि स्नान सर्वोत्तम है।देव स्नान उत्तम है। मानव स्नान सामान्य है। राक्षसी स्नान धर्म में निषेध है। किसी भी मानव को आठ बजे के बाद स्नान नही करना चाहिए।मुनि स्नान,घर में सुख ,शांति ,समृद्धि, विध्या , बल , आरोग्य , चेतना , प्रदान करता है। देव स्नान,आप के जीवन में यश ,कीर्ति, धन वैभव,सुख ,शान्ति, संतोष , प्रदान करता है।मानव स्नान,काम में सफलता ,भाग्य ,अच्छे कर्मो की सूझ ,परिवार में एकता , मंगल मय , प्रदान करता है। राक्षसी स्नान,दरिद्रता , हानि , कलेश ,धन हानि , परेशानी, प्रदान करता है। किसी भी मनुष्य को आठ बजे के बाद स्नान नही करना चाहिए। पुराने जमाने में इसी लिए सभी सूरज निकलने से पहले स्नान करते थे। खास कर जो घर की स्त्री होती थी। चाहे वो स्त्री माँ के रूप में हो,पत्नी के रूप में हो,बहन के रूप में हो।



दिनेश गंगराड़े
(दैनिक अवन्तिका)

घर के बडे बुजुर्ग यही समझाते सूरज के निकलने से पहले ही स्नान हो जाना चाहिए। ऐसा करने से धन,वैभव लक्ष्मी, आप के घर में सदैव वास करती है। उस समय एक मात्र व्यक्ति की कमाई से पूरा हरा भरा पारिवार पल जाता था और आज मात्र पारिवार में चार सदस्य भी कमाते है तो भी पूरा नही होता। उस की वजह हम खुद ही है । पुराने नियमो को तोड़ कर अपनी सुख सुविधा के लिए नए नियम बनाए है।प्रकृति का नियम है, जो भी उस के नियमों का पालन नहीं करता ,उस का दुष्टपरिणाम सब को मिलता है।इसलिए अपने जीवन में कुछ नियमों को अपनाएं । और उन का पालन भी करे।आप का भला हो ,आपके अपनों का भला हो। मनुष्य अवतार बार बार नही मिलता।अपने जीवन को सुखमय बनाये। जीवन जीने के कुछ जरूरी नियम बनाये।याद रखियेगा, संस्कार दिये बिना सुविधायें देना, पतन का कारण है।सुविधाएं अगर आप ने बच्चों को नहीं दिए तो हो सकता है वह थोड़ी देर के लिए रोए पर संस्कार नहीं दिए तो वे जिंदगी भर रोएंगे।ऊपर जाने पर एक सवाल ये भी पूछा जायेगा कि अपनी अँगुलियों के नाम बताओ,अपने हाथ की छोटी उँगली से शुरू करें,जल,पृथ्वी,आकाश वायु,अग्नि ये वो बातें हैं जो बहुत कम लोगों को मालूम होंगी।पांच जगह हँसना करोड़ो पाप के बराबर है,श्मशान में अर्थी के पीछे,शौक में,मन्दिर में,कथा में अकेले हो? परमात्मा को याद करो परेशान हो ग्रँथ पढ़ो,उदास हो? कथाए पढो, टेन्शन मे हो? भगवत गीता पढो। फ्री हो तो चिंतन करो?

# गर्मियों में पुदीना खाने के हैं कई फायदे



गर्मियों में पुदिना सेहत के लिए बेहद लाभकारी है । गहरे हरे रंग की पत्तियों वाला पुदीना न सिर्फ आपको ठंडक का अहसास देता है, बल्कि कई स्वास्थ्य जटिलताओं से भी आपको बचाए रखता है।

इस मौसम में मेरी मम्मी हमें हर रोज अलग-अलग पकवानों में पुदीना खिलाती हैं खासकर पुदीने का रायता और पुदीने की चटनी।

जी हां पुदीने की पत्तियों की खुशबू लाजवाब होती है और तन-मन को फ्रेश कर देती है। गर्मियों में इसकी चटनी खूब खाई जाती है। पुदीने की पत्तियां कैलोरी में कम होती हैं और इनमें प्रोटीन और गुड फैट मौजूद होता है। यह विटामिन ए, सी और बी-कॉम्पलेक्स में भरपूर होती हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखने के साथ त्वचा को भी निखारती हैं।

अगर आपकी मांसपेशियों में दर्द रहता है तो पुदीने की चटनी को अपनी डाइट में शामिल कीजिए। क्योंकि यह सामान्य सिरदर्द को भी आसानी से ठीक कर देता है। पुदीने की तेज और ताजा खुशबू सिरदर्द को कम करने में मदद कर सकती है।

देश के मशहूर आयुर्वेदिक विशेषज्ञ के अनुसार, यह ब्लड के स्त्रल को एसिडिक नहीं होने देता, इसलिए क्लोटिंग की समस्या से भी बचाता है। पुदीने की चटनी खाने से इम्यूनिटी बढ़ती है। क्योंकि पुदीने को आयरन, पोटेशियम और मैंगनीज का अच्छा स्त्रोत माना जाता है, जो मेमोरी भी बढ़ाता है और हीमोग्लोबिन में सुधार करता है।

आयुर्वेदिक विशेषज्ञ का कहना है कि अगर आप वजन घटाने की सोच रहे है तो डाइट में पुदीने की चटनी को शामिल कीजिए। क्योंकि पुदीना पाचन एंजाइमों को उत्तेजित करता है, जो भोजन से पोषक तत्वों के बेहतर अवशोषण में मदद करते हैं। एक अच्छा मेटाबॉलिज्म वजन घटाने में मदद करता है। ऐसे में पुदीने की चटनी बहुत काम आ सकती है।

पुदीना मुंह के अंदर के बैक्टीरिया के विकास को रोकता है। इसके साथ ही दांतों पर प्लाक को साफ करता है। साथ ही जीभ और मसूड़ों को स्वस्थ रखने में भी मदद करता है। यही वजह है कि पुदीने की पत्तियों को चबाने से सांस की बदबू को भगाने में मदद मिलती है।

आयुर्वेदिक विशेषज्ञ के मुताबिक पुदीना नाक, गले और फेफड़ों को साफ करने के लिए जाना जाता है। इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पुरानी खांसी के कारण होने वाली जलन से राहत देते हैं। साथ ही यह फेफड़ों का भी स्वस्थ रखने में मदद करता है।

कोरोना काल में इम्यून सिस्टम को स्ट्रॉन्ग करने के लिए आप पुदीने की चटनी का सेवन कर सकते हैं। क्योंकि इस समय इम्यूनिटी का मजबूत होना बहुत जरूरी है। पुदीने की चटनी इम्यूनिटी को बूस्ट कर शरीर को कई बीमारियों से दूर रखती है ।

**धर्म-आस्था**

# क्या मन की शांति के बिना जीवन सचमुच बेकार है?



सच्ची महानता लेने में नहीं, बल्कि देने में है। जैसे एक वृक्ष पत्थर खाने के बाद भी मीठे फल देता है, वैसे ही हमें भी जीवन में दूसरों को सुख, प्रेम और करुणा देना सीखना चाहिए।

मन की शांति ही जीवन का वास्तविक सुख है जीवन में धन, साधन और सुविधाएँ सब हो सकती हैं, लेकिन यदि मन शांत नहीं है तो सब कुछ अर्थहीन है। संसार स्वयं दुख नहीं है। संसार के प्रति हमारा मोह, अपनापन और आसक्ति ही दुख का कारण बनते हैं। जब हम आसक्ति से मुक्त होते हैं, तभी जीवन में सच्ची स्वतंत्रता और शांति मिलती है।

महावीर पेड़ के नीचे ध्यान मग्न थे। पेड़ पर आम लटक रहे थे। कुछ बच्चे भी खेल रहे थे वहां। वे पत्थर फेंककर आम तोड़ने लगे। एक पत्थर महावीर को लग गया और उनके सिर से रक्त बहने लगा। बच्चे डर गए। बोले, 'प्रभु! हमें माफ करें, हमारे कारण आपको कष्ट हुआ है।' प्रभु बोले, 'नहीं, मुझे कोई कष्ट नहीं हैं।' 'तो फिर आपकी आंखों में आंसू क्यों?' महावीर बोले, 'पेड़ को तुमने पत्थर मारा तो इसने तुम्हें मीठे फल दिए, पर मैं तुम्हें कुछ नहीं दे सका, इसलिए मैं दुखी हूं।'भोजन में और सब कुछ हो, सिर्फ नमक न हो तो भोजन बेकार है। मंदिर में और सब कुछ हो, सिर्फ मूर्ति न हो तो मंदिर बेकार है। अस्पताल में और सब कुछ हो, सिर्फ डॉक्टर न हो तो अस्पताल बेकार है। गाड़ी में और सब कुछ हो, सिर्फ ब्रेक न हो तो गाड़ी बेकार है। जीवन में और सब कुछ हो, सिर्फ मन की शांति न हो तो जीवन बेकार है।

संसार दुख नहीं है। संसार के प्रति जो आसक्ति है, वह दुख है। मकान में आग लगी। पिता जोर-जोर से रोने लगा। पड़ोसी ने कहा, 'यह मकान तो कल तुम्हारे बेटे ने बेच दिया था।' पिता का रोना एकदम बंद हो गया। बेटा दौड़ता आया और बोला, 'पिताजी! मकान जल रहा है और आप...।' पिता ने कहा, 'लेकिन, तुमने तो यह मकान बेच दिया है ना!' पुत्र बोला, 'बेचने की बात चली थी, मगर बिका नहीं।' इतना सुनना था कि पिता फिर दहाड़ मारकर रोने लगा। अपनापन है, इसलिए रोना आता है।

कठिनाइयों से घबराइए मत। रात से भयभीत हो गए तो सुबह कभी नहीं आएगी। मजबूती से आगे बढ़िए, बस! सुबह होने को ही है। अपने मन को मजबूत कीजिए। कमजोर मन से यहां कुछ नहीं होता। याद रखें- मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। जो मन से हार गया, समझ लो उसकी नैया डूब गई। जो मन से मजबूत हो गया, समझ लो सिकंदर बन गया।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,58,300, रवा- 1,58,200 चांदी- टंच- 2,61,000 पाट- 2,61,000।

## उज्जैन किराना
### अशोक कुमार भगवानदास
**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**
editor.awantika@gmail.com



## शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के विरोध में राज्य कर्मचारी संघ ने दिया ज्ञापन

**गुना।** राज्य कर्मचारी संघ जिला गुना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर नेहा चौधरी को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के विरोध में ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव संतोष सिंह परिहार ने कहा कि शिक्षक पात्रता परीक्षा पूर्ण रूप से अन्यायपूर्ण है, हम इसका विरोध करते हैं। वहीं मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला गुना के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना ने बताया कि शासन को शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरुद्ध उच्च न्यायालय में रिव्यू पिटीशन लगाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने बालों में जिला संभागीय उपाध्यक्ष राजकुमार सेलर, कोषाध्यक्ष संतोष सक्सैना, ब्लाक अध्यक्ष मोहन सिंह उरैया, राजकुमार रघुवंशी, प्रदीप पाण्डे, जगदीश आदिवासी, गुमानसिंह, कुशवाह, सुदर्शन शर्मा, शोभाराम धाकड़, लक्ष्मण चंदेल, राजन रजक आदि सम्मिलित थे।

### टैक्स बार एसोसिएशन स्पोर्ट्स लीग में ऐतिहासिक बल्लेबाजी

## आईटीओ के 16 छक्कों की बौछार से अनूप चैंपियन बनी विजेता

**गुना।** गुना टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय स्पोर्ट्स लीग 2026 का भव्य समापन गत दिवस हुआ। इस खेल प्रतियोगिता में शहर के ख्यातनाम अधिवक्ताओं, टैक्स कंसल्टेंट्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने कोर्ट और दफ्तर की व्यस्तता छोड़ मैदान पर जमकर पसीना बहाया। क्रिकेट फाइनल, मीणा की टूनार्मेंट का सबसे यादगार और रोमांचक पल क्रिकेट का फाइनल मुकाबला रहा। अनूप चैंपियन और संजय सुपर किंग्स के बीच खेले गए इस मैच में आईटीओ केआर. मीणा ने अपनी आतिशी बल्लेबाजी से इतिहास रच दिया। अनूप चैंपियन की ओर से खेलते हुए उन्होंने मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर दी। मीणा ने अपनी तूफानी पारी में महज कुछ ही गेंदों पर 16 गगनचुंबी छक्के और 2 चौके जड़ते हुए 125 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। उनकी इस पारी की बदौलत अनूप चैंपियन ने 28 रनों से खिताबी जीत दर्ज की। क्रिकेट के अलावा इंडोर गेम्स में भी कड़ा मुकाबला हुआ। बैडमिंटन में शुभम जैन ने हर्ष तिखे को हराकर खिताब जीता, वहीं लूडो में अनिल सराफ और साँप-सीढ़ी में शंभु नाथ तिवारी विजेता रहे। समापन अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित सोगानी, सचिव सीए दिनेश नेमा और कोषाध्यक्ष राकेश जैन ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। आयोजन को सफल बनाने में मनीष पराशर, मनीष तिवारी, हरिओम शर्मा और गौरव अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

## 121 शालेय दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण किये वितरित

**गुना।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निदेर्शानुसार समग्र शिक्षा अभियान अंर्तगत कलेक्टर के मार्गदर्शन में शासकीय शालाओं में अध्ययनरत कक्षा एक से आठ तक के शालेय दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन जनपद शिक्षा केन्द्र गुना में किया गया। इस संबंध में बीएसी मुकेश भट्ट द्वारा शिविर में आये दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत एवं शिविर के उद्देश्य के बारे में बताया। शिविर में 121 शालेय दिव्यांग बच्चो को सहायक उपकरण जिसमें 4 ट्राय साईकल, 24 व्हील चेयर, 4 रोलेटर, 4 सी.पी. चेयर, 60 टी.एल. एम.किट, 64 कान की मशीन, 1 ब्रेल किट, 8 एल्बो क्रच, 6 ब्रेल किट का वितरण किया गया। एलिमको से अधिकृत सदस्यों में नीरज मौर्य जी ऑडियोलॉजिस्ट, दीपक कुमार जी द्वारा सहायक उपकरण के उपयोग एवं रखरखाव के बारे में बताया गया एवं लगा कर भी दिखाया। शिविर में साजिद मसूद कुरेशी सहायक परियोजना समन्वयक आई.ई.डी. द्वारा पंजीयन एवं उपकरण हेतु पात्र बच्चों की जानकारी ली गई तथा अभिभावकों से अनुरोध किया कि बच्चों को प्रदाय उपकरणों का नियमित उपयोग कराये तभी बच्चों को लाभ प्राप्त होगा।

### सार्वजनिक सूचना

आम जनसंघटन को सूचना दी जाती है कि हमारे मुवक्किल भूमि सर्वे नंबर 352/2 रकबा 0.500 हेक्टेयर, 353/2 रकबा 0.500 हेक्टेयर, 355/2 रकबा 0.850 हेक्टेयर, 355/3 रकबा 1.090 हेक्टेयर, सर्वे नं. 356/2/1 रकबा 0.190 हेक्टेयर, 356/3/1 रकबा 0.190 हेक्टेयर, सर्वे नं. 356/4/1 रकबा 0.190 हेक्टेयर स्थित ग्राम फतेहपुर, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश (विषयक सम्पत्ति) को उसके मालिक 01 रवि पिता भरत सिंह, 02 जितेद्र पिता भरत सिंह जाति जाट, निवासीगण ग्राम गुणावद, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन मध्यप्रदेश मध्यप्रदेश से लीज पर लेने के इच्छुक है।

कोई भी कम्पनी/व्यक्ति सहित कोई बैंक या वित्तीय संस्थान, विशक सम्पत्ति या उसके किसी हिस्से के सम्बंध में कोई हक, स्वामित्व, दावा मांग या अधिकार रखता हो या दावा करता हो या किसी कम्पनी / व्यक्ति सहित किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को कोई जानकारी हो या विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी विक्रय, अदला-बदली, सुपुदर्गी, दान, पट्टा, विरासत, गिरवी, भार में पक्षकार हो, लम्बित कानूनी कार्यवाही, कब्जा समझौता, विकास का अधिकार, साझेदारी, पारिवारिक समझौता, बंदोबस्त डिकी या किसी अदालत द्वारा जारी आदेश, सरकार या किसी कम्पनी द्वारा अधिग्रहण, प्रतिबन्ध या किसी अन्य बाधा में पक्षकार हो तो ऐसी कम्पनी / व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के तिथि से 07 (सात दिन) दिन की अवधि के अन्दर निम्न वर्णित पते पर लिखित में नोटरीकृत दस्तावेजी सबूतों के साथ निम्न हस्ताक्षरकर्ता को सूचित कर सकते है, जिसमें असफल होने पर यह माना जायेगा कि किसी प्रकार को कोई प्रतिकूल हक, हिस्सा, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में अस्तित्व में नहीं है और उपरोक्त वर्णित मालिकों का विशयक सम्पत्ति पर पूर्ण, स्पष्ट और बाजारयोग्य अधिकार एवं कब्जा है।

**दीपक शर्मा एडव्होकेट बड़नगर**
**मो.नं. 9826562344**

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

# गैस किल्लत की अफवाह से शाजापुर में मची अफरा-तफरी, गोदाम पर उमड़ी भारी भीड़

### प्रशासन ने कहा- पर्याप्त है स्टॉक, पैनिक न हों

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



शहर में गैस सिलेंडर खत्म होने की कोरी अफवाह ने ऐसा तूल पकड़ा कि गैस गोदामों पर ग्राहकों का सैलाब उमड़ पड़ा। लोग अपनी बारी के लिए घंटों लंबी कतारों में जद्दोजहद करते नजर आए। हालात को बिगड़ता देख आनन-फानन में जिला प्रशासन को मोर्चा संभालना पड़ा। अधिकारियों ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं है और आमजन बेवजह अफवाहों का शिकार होकर घबराहट में खरीदारी (पैनिक बाइंग) न करें।

**ट्रकों से सीधे बंटे सिलेंडर**

सुबह गैस गोदाम पर हालात यह थे कि ट्रकों से उतारकर सीधे उपभोक्ताओं को सिलेंडर बांटे जा रहे थे। गैस एजेंसी के कर्मचारियों के मुताबिक, जो भी उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर पहुंच रहा था, उसे हाथों-हाथ भरा हुआ सिलेंडर दिया जा रहा था। हालांकि, अचानक उमड़ी इस भारी भीड़ के कारण लोगों को घंटों लाइन में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा।

**जरूरत 3 हजार की, स्टॉक में 13 हजार**

गैस की कमी की बातों को पूरी तरह से नकारते हुए खाद्य विभाग के अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने स्थिति साफ की। उन्होंने बताया कि शाजापुर जिले में गैस का भरपूर स्टॉक मौजूद है। पूरे जिले में करीब 3 लाख गैस उपभोक्ता हैं और रोजाना की औसत खपत लगभग 3,000 सिलेंडर है। इसके एवज में प्रशासन के पास वर्तमान में 13,000 सिलेंडरों का सुरक्षित स्टॉक जमा है। अधिकारियों ने अपील की है कि वे घबराहट में जरूरत से ज्यादा सिलेंडर घरों में न भरें।

**व्यावसायिक सिलेंडरों पर अस्थायी रोक**

घरेलू उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन ने एक बड़ा ऐहतियाती कदम उठाया है। दुकानों और होटलों में इस्तेमाल होने वाले बड़े (कमर्शियल) सिलेंडरों की सप्लाई पर फिलहाल अस्थायी रोक लगा दी गई है। सभी दुकानदारों और होटल संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे गैस की जगह खाना पकाने के लिए वैकल्पिक इंतजाम करें, ताकि घरों की रसोइयों की आग न बुझे।

**एसडीएम ने लिया जायजा, होम डिलीवरी के सख्त निर्देश**

दोपहर के समय एसडीएम मनीषा वास्कले ने अपनी टीम के साथ सीधे गैस गोदाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। उपभोक्ताओं को इस तरह लाइनों में परेशान होते देख उन्होंने अधिकारियों और एजेंसी संचालकों को सख्त लहजे में निर्देश दिए। एसडीएम ने स्पष्ट कहा है कि लोगों को कतारों में खड़ा करके परेशान करने के बजाय, उनके घरों तक सिलेंडर पहुंचाने (होम डिलीवरी) की व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से पुख्ता किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी भीड़ जमा न हो।

## प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से संबद्ध स्व-सहायता समूहों के सदस्यों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

### विधायक पंड्या ने कुपोषित बच्चों को गोद लेने के लिए प्रोत्साहित किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर




प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से संबद्ध स्व-सहायता समूहों के सदस्यों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन को विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जनपद पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठौर, उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोवर्धनलाल मालवीय आदि उपस्थित थे।

विधायक पण्ड्या ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनाके अन्तर्गत मध्यान्ह भोजन स्वच्छ एवं पोष्टिक आहार एवं गुणवत्तापूर्ण व मेनू अनुसार वितरण करने का निर्देशित किया एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को कुपोषित बच्चों को गोद लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्वसहायता समूहों को मध्यान्ह भोजन बनाने में होने वाली कठिनाईयों सुना एवं निराकरण करने हेतु आश्वासन दिया। स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए किचन शेड की जानकारी ली गई एवं जहां किचन शेड नहीं हैं वहां नये किचन शेड एवं मरम्मत करने हेतु निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोवर्धनलाल मालवीय द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। स्वसहायता समूह की महिलओं को 14 से 15 वर्ष के मध्य की समस्त किशोरी बालिकाओं को सरवाईकल कैंसर की रोकथाम हेतु टीकाकरण अभियान 28 फरवरी से क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है यह अभियान 90 दिवस अर्थात 3 माह तक चलेगा। उक्त दिवसों में टीकाकरण का प्रचार-प्रसार करने की बात कही गई। म.प्र.डे.राज्य ग्रामीण आजीवका मिशन जनपद पंचायत के विकासखण्ड प्रबंधक राजेन्द्र पांचाल द्वारा आजीविका मिशन में पंजीयन करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। उक्त कार्यषाला में म.प्र.डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद पंचायत के सहायक विकासखण्ड धर्मेंद्रसिंह बुंदेला, जितेन्द्र नर्गेश एवं सुरेन्द्र अकोले उपस्थित रहे। अंत में आभार जनपद सीईओ गोवर्धनलाल मालवीय ने माना।

## श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ दशामाता का पूजन

**शाजापुर।** होली के दसवें दिन चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि पर शुक्रवार को शाजापुर शहर और अंचल में दशामाता का पर्व पूरी आस्था, परंपरा और उल्लास के साथ मनाया गया। घर-परिवार की दशा सुधारने और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने दशामाता का व्रत रखा और विधि-विधान से पीपल के वृक्ष की पूजा-अर्चना की। नगर के प्रमुख क्षेत्रों, कॉलोनियों और मंदिर परिसरों में सुबह से ही भक्तिमय माहौल देखा गया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों (सोलह श्रृंगार) में सज-धज कर शुभ मुहूर्त में पीपल के पेड़ के पास पहुंचकर सामूहिक रूप से पूजन किया।

**पीपल की परिक्रमा और बांधा पवित्र डोरा**

पूजन के दौरान महिलाओं ने पीपल के वृक्ष पर जल, रोली, चंदन, हल्दी, मेहंदी और अक्षत अर्पित किए। इसके बाद वृक्ष की परिक्रमा करते हुए कच्चे सूत का 10 तार वाला डोरा लपेटा और उसे अपने गले में धारण किया। मान्यता है कि दशामाता का यह पवित्र डोरा साल भर तक परिवार की हर प्रकार के संकटों से रक्षा करता है। पूजन के दौरान महिलाओं ने घर से लाए गए विशेष पकवानों और मिठाइयों का भोग भी लगाया।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में राज्य कर्मचारी महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के विरोध में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा शुक्रवार को कलेक्टोरेट कार्यालय में राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव सोनी के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर आलोक वर्मा को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष जॉय शर्मा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार वर्ष 2011 के पूर्व भर्ती प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। जबकि आरटीई एक्ट 2009 की धारा 23 एनसीटीई की अधिसूचना 29 जुलाई 2011 को शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य किया गया था, लेकिन इसके पूर्व ही शिक्षकों की भर्ती हो चुकी थी। वर्ष 2011 से पूर्व भर्ती शिक्षकों के भर्ती नियम में भी शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य नहीं थी इसलिए पूर्व के भर्ती शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा लागू नहीं होती है। शर्मा ने बताया कि ज्ञापन में मांग की गई है कि उच्चतम न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका शासन की ओर से दायर की जाए। ज्ञापन सौंपते समय संघ के मोहन किचोलिया, बनवारीलाल बैरागी, गौरव शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुशवाह, पदाधिकारी किशोर महाजन, हेमंत वेद्य आदि मौजूद थे।

## सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन

**महिदपुर रोड।** रमजान महिने आखरी जुम्मे पर 24 वें रोजे की रोजा इफ्तार पार्टी समाज के समाजसेवी शगीर भाई पठान व रशीद भाई पठान की तरफ से नगर के मुस्लिम स माज जनों की सामूहिक रोजा इफ्तार जामा मस्जिद परिसर में आयोजित की गई इस रोजा इफ्तार पार्टी में युवाओं, बच्चों, बुजुर्गों तथा महिलाओं ने शामिल होकर सामू हिक रूप से रोजा इफ्तार किया

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार सावित्रीबाई पिता रोशनलाल सोनी आयु 68 वर्ष निवासी 120 यशवंत मार्ग महिदपुर जिला उज्जैन के द्वारा नगर महिदपुर यशवंत मार्ग स्थित मकान क्रमांक 120 व खण्डहर क्रमांक 121 एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा महिदपुर के बचत खाते क्रमांक 53033312099 एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा महिदपुर में एफडी खाता कंमाक 39946607433 का वसीयत नामा पडोसी घनश्याम पांचाल पिता हुकुमचंद पांचाल जाति सुतार निवासी यशवंत मार्ग महिदपुर के पक्ष में एक रजिस्टर्ड वसीयत नामा क्रमांक MP43162023A31769839 दिनांक 26.04.2023 को निष्पादित किया गया था।

यह कि मेरी पक्षकार शारीरिक रूप से जन्म से विकलांग होने से उसके उपचार हेतु निरंतर इंदौर जाना आना होता था उक्त वसीयत नामा दिनांक 26.04.2023 को घनश्याम पांचाल के पक्ष में होने के पश्चात घनश्याम की नियत में बदयांति आ गई तथा उसका व्यवहार मेरे प्रति खिन्न हो गया तथा उसके द्वारा मेरी सेवा सुश्रा ठीक से नही की जाती थी इस कारण से उक्त वसीयत नामा दिनांक 26.04.2023 को मेरी पक्षकार के द्वारा दिनांक 28.02.2026 को निरस्त करवाया गया है, तथा वसीयत नामा निरस्ती पश्चात उक्त मकान, खण्डहर एवं बैंक संबंधी सभी संव्यवहार मेरी पक्षकार के द्वारा ही किये जावेगे तथा उक्त मकान एवं खण्डहर के संबंध में संपूर्ण संव्यवहार किये जाने की एकमात्र अधिकारिणी मेरी पक्षकार सावित्रीबाई रहेगी। तथा भविष्य में मेरी पक्षकार के द्वारा उक्त मकान एवं खण्डहर के संबंध में कोई संव्यवहार किया जाता है तो किसी भी पक्ष को कोई उज्ज आपत्ति नही होकर वसीयत नामें निरस्ती लेख के मुकाबले शुन्यवत होगी, तद् अनुसार सूचित हो- इति दिनांक 12.03.2026

**मनोज धाकड एडव्होकेट**
**मातृिका निकुंज सोगानी कालोनी नारायणा रोड महिदपुर जिला उज्जैन**
**मोबाईल नं. 9893705705**

(नोट- मेरी पक्षकार से उपलब्ध दस्तावेजो एवं प्रदत्त सूचनाओं के आधार पर जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया गया है)

### जाहिर सूचना
### माधव विहार कालोनी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार फर्म माधवश्री प्रोजेक्ट्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा विकसित कालोनी ₹माधव विहार₹ स्थित ग्राम दाउदखेडी तहसील व जिला उज्जैन में जिन भूखण्ड धारकों, निवेशकों एवं हितबद्ध पक्षकारों द्वारा मेरे पक्षकार के कई बार सूचित करने के पश्चात भी चौथी किश्त जमा नहीं करवाई है, ऐसे सभी भूखण्ड धारको को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन से 10 दिवस के अंदर मेरे पक्षकार से संपर्क कर उक्त कालोनी में स्थित कार्यालय में चौथी किश्त आवश्यक रुप से जमा करवा देवे अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड के आवांटन निरस्त कर दिये जावेगे एवं उक्त भूखण्ड धारकों को किसी भी प्रकार की आपत्ति करने का अधिकार शेष नहीं रहेगा और मेरे पक्षकार फर्म किसी अन्य पक्ष को उक्त भूखण्ड विक्रय करने हेतु स्वतंत्र रहेगी। अथवा सर्व साधारण उक्त रसीदों के संबंध में किसी भी प्रकार का अनुबंध, करार, क्रय, विक्रय, भार, भोजा, बंधक आदि संपादित नहीं करे अन्यथा उसके परिणामों के उत्तरदायी संबंधित व्यक्ति होगा। सूचित हो। दिनांक - 15/03/2026

**सौभाग्य सिंह पडिहार एडवोकेट**
**20, क्षीरसागर शॉपिंग काम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 9993167238**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री समर्थ सिंह पिता सजन सिंह के स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यवसायिक व्यपवर्तित भूमि सर्वे नंबर 265/1/1/1 जिसका कुल क्षेत्रफल 1450 वर्गमीटर स्थित ग्राम चंदेसरी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित हैं। यह की उपरोक्त वर्णित भूमि में भूमिस्वामी समर्थ सिंह पिता सजन सिंह के नाम का कोई रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र नहीं हैं। अपितु समर्थ सिंह पिता सजन सिंह का नाम राजस्व रिकार्ड. अर्थात खसरे में वर्ष 1989-90 से वर्ष 2025-26 तक भूमिस्वामी के रूप में दर्ज हैं। भूमिस्वामी के द्वारा अपने नाम का संपत्ति कर ग्राम पंचायत चंदेसरी में जमा किया जा रहा है तथा भूमिस्वामी द्वारा ग्राम पंचायत से भवन निर्माण अनुमति एवं मानचित्र भी स्वीकृत करवाया गया हैं। श्री समर्थ सिंह पिता सजन सिंह के द्वारा मेरे पक्षकार म.प्र. ग्रामीण बैंक में उपरोक्तवर्णित सम्पत्ति को बंधकग्रस्त करने का प्रस्ताव कर ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस जाहीर सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि उक्त व्यपवर्तित भूमि में कोई स्वत्व या हिस्सा रखता हों, या किसी भी राष्ट्रियकृत बैंक अथवा सरकारी, साहुकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो अथवा किसी न्यायालय में विचाराधिन कोई प्रकरण हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाषन से 3 (तीन) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहीत लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। अवधि व्यतित होने के पष्चात मेरे पक्षकार बैंक के द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा सकता है तथा उपरोक्तवर्णित सम्पत्ति को बैंक के हित में बंधकग्रस्त (लीगल मोर्टगेज) किया जा सकता है तथा उसके पष्चात किसी प्रकार की आपत्ती मान्य नहीं होगी। ना ही मेरे पक्षकार पर बंधककारक होगी। इति - दिनांक 15.03.2026, उज्जैन

**विवेक पाठक अभिभाषक**
**42, घटकरपर मार्ग मालवा होजअरी के सामने, फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 94248-92788**



## सुन्दरसी में दर्दनाक सड़क हादसा, बाइक से गिरकर 35 वर्षीय युवक की मौत

**शाजापुर।** जिले के सुंदरसी थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की जान चली गई। सीएम राइज स्कूल के सामने अपनी मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिरने के कारण युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय दिनेश पिता अमृतलाल केवट के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को दिनेश अपनी मोटरसाइकिल से कहीं जा रहा था। इसी दौरान सीएम राइज स्कूल के समीप अचानक उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया। हादसे में सड़क पर गिरने की वजह से उसे गंभीर चोटें आईं और अत्यधिक रक्तस्राव व चोटों के कारण उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर एएसआई राधेश्याम गोयल, ओमप्रकाश पटेल, अमानउल्लाह खान, माखन सिंह और पायलट संतोष देथलिया ने मोर्चा संभाला और भीड़ को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। फिलहाल मर्ग कायम कर दुर्घटना के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट खुलासा होगा।

## नि:शुल्क हृदय जांच शिविर 15 मार्च को

**महिदपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उपलब्धियों भरे ऐतिहासिक 2 वर्ष के उपलक्ष्य में पूर्णिमा श्री सेवा संगठन उज्जैन के द्वारा निःशुल्क हृदय जांच एवं निवारण शिविर 15 मार्च को स्थानीय शासकीय अस्पताल महिदपुर पर रखा जायेगा। कार्यक्रम के विधान सभा संयोजक डॉ. विपुल धाड़ीवाल ने बताया कि उज्जैन जिले में श्रृंखलाबद्ध शिविरों में मैदान्ता हास्पिटल इन्दौर की टीम के द्वारा यह शिविर आयोजित होगा जिसमें ई.सी.जी., इको, लिपीड प्रोफाइल एवं हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा। पूर्णिमा संगठन के द्वारा आम नागरिको से अपील है कि आवश्यक मरीज अधिक से अधिक मात्रा में लाभ प्राप्त करें।

## ईसर गणगौर की फूलपाती निकाली महिलाओं ने गाए पारंपरिक गीत

**शुजालपुर।** अग्रवाल महिला मंडल द्वारा 16 दिवसीय गणगौर उत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को ईसर गणगौर की फू लपाती बड़े उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ निकाली गई। कार्यक्रम में मंडल की महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर तथा पारंपरिक चुंदड़ी ओढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाएं नाचते-गाते हुए जुलूस के रूप में शामिल हुईंए जिससे पूरे मार्ग पर उत्सव जैसा माहौल बन गया। मंडल की अध्यक्ष राजकुमारी अग्रवाल, सचिव वीणा गोयल एवं कोषाध्यक्ष ज्योति गोयल ने बताया कि गणगौर पर्व सुहाग और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान से ईसर गणगौर की पूजा अर्चना की तथा मंगल गीत गाए। भव्य जुलूस के साथ महिलाएं सिर पर गणगौर की प्रतिमा धारण कर प्रमुख मार्गो से गुजरी। मार्ग में पारंपरिक गीत, झाले और लोकधुनों के बीच महिलाओं ने ईसर गणगौर को जिमाया तथा दोहों के माध्यम से अपने-अपने पतिदेव का नाम लेकर रस्म निभाते हुए जल अर्पित किया। संरक्षक उर्मिला अग्रवाल एवं राजकुमारी अशोक अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने गणगौर से जुड़े मनोरंजक खेल भी खेले, जिससे वातावरण और भी उल्लासमय हो गया।

### In The Court Of IX Civil Judge Class II, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**सुश्री ज्योति फुसकेले**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(RCS A/0000418/2025)

**श्रीमती मानकुंवर----वादी**
**Vs**
**श्रीमती मांगीबाई---- प्रतिवादी**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांक: 23/03/2026**

**प्रेषिती**
(1) उमाबाई पति छोगालाल पिता स्व कस्तुरचंद पाटीदार पता-ग्राम ताजपुर तह व जिला उज्जैन मप्र
(2) दीपमाला पिता स्व श्री कांतिलाल पाटीदार पता-ग्राम ताजपुर तह व जिला उज्जैन म.प्र.
(3) बापू बाबु पित्ता अमृतलाल पता ग्राम पाटन तह आलोट जिला रतलाम
(4) प्रेम पिता स्व श्री कस्तुरचंद पता-ग्राम ताजपुर तह व जिला उज्जैन मप्र
(5) रमेश पिता स्व श्री कस्तुरचंद पता ग्राम ताजपुर तह व जिला उज्जैन मप्र
(6) श्रीमती सपना पति स्व श्री कांतिलाल पता-ग्राम लघुना तह सीतामउ जिला मंदसौर मप्र

यह कि प्रार्थीगण क्रं. 1 श्रीमती मानकुंवर पति श्री रतनलाल, आयु 80 वर्ष, व्यवसाय कृषि, क्रं.2 रतनलाल पिता श्री नारायण, आयु-83 वर्ष, व्यवसाय-कृषि, निवासी-ग्राम ताजपुर तहसील व जिला उज्जैन म प्र ने आपके विरूद्ध एक वाद वास्ते स्वत्व घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु ग्राम ताजपुर तहसील व जिला उज्जैन म प्र में एक कृषि खाता सर्वे क्रमांक 837 रकबा 1.93 हेक्टेयर, बंदोबस्त पूर्व सर्वे क्रं.643 के संबंध में सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वांद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 11 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**सुश्री ज्योति फुसकेले**
**नवम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## तेलंगाना में 100 आवारा कुत्तों की जहरीले इंजेक्शन देकर हत्या

**हैदराबाद।** तेलंगाना में आवारा कुत्तों को मारे जाने की एक और घटना सामने आई है। मनचेरियल जिले में कथित तौर पर लगभग 100 कुत्तों को जहर देकर मार डाला गया। जनवरी से अबतक तेलंगाना में 1200 कुत्तों की हत्या की जा चुकी है। पशु कल्याण कार्यकर्ता ए. गौतम ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा कि 7-8 मार्च की दरमियानी रात को किष्टापुर गांव में कुत्तों को जहर वाला इंजेक्शन दिया गया। मार दिया गया। स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया में क्रूएल्टी प्रिवेंशन मैनेजर गौतम ने ये आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि किष्टापुर गांव के सरपंच और ग्राम पंचायत सचिव ने इसके लिए दो लोगों को काम पर रखा था। कार्यकर्ता का आरोप है कि कुत्तों को मारे जाने के बाद उन्हें एक नदी के पास दफना दिया गया। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर, जनाराम पुलिस स्टेशन में सरपंच और ग्राम पंचायत के खिलाफ और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस साल जनवरी और पिछले साल दिसंबर में तेलंगाना के अलग-अलग जिलों से आवारा कुत्तों को बड़े पैमाने पर मारे जाने की कई घटनाएं सामने आईं। इससे मरने वाले कुत्तों की संख्या 1,200 तक पहुंच गई है। संदेह है कि ये हत्याएं कुछ चुने हुए प्रतिनिधियों, जिनमें सरपंच भी शामिल हैं, ने कथित तौर पर पिछले साल दिसंबर में हुए ग्राम पंचायत चुनावों से पहले ग्रामीणों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए की हैं, ताकि आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान किया जा सके।

## एआई वकील के दिमाग की जगह नहीं ले सकता

**हैदराबाद।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस विक्रम नाथ ने शनिवार को कहा कि एआई वकील के प्रशिक्षित दिमाग और जज की नैतिक जिम्मेदारी की जगह नहीं ले सकता। उन्होंने आगे कहा कि अगर समझदारी से इस्तेमाल किया जाए, तो समय बचा सकता है और कानूनी काम के कुछ पहलुओं को ज्यादा आसान बना सकता है। जस्टिस विक्रम तेलंगाना में एक कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। जस्टिस नाथ ने आगे कहा कि टेक्नोलॉजी किसी नोट का ड्राफ्टा बनाने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि एआई के गलत इस्तेमाल की वजह से न्यायिक व्यवस्था को इस हद तक नहीं जाना चाहिए कि वह इससे पूरी तरह से दूरी बना ले। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि महज एक टूल है, और एक टूल को टूल ही रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जज, सतीश चंद्र शर्मा और तेलंगाना हाई कोर्ट के मुख्य जज, जस्टिस अपारेष कुमार सिंह ने भी बात रखी।

## अडाणी पावर प्लांट में आगजनी, गाडियों में तोड़फोड़

**सिंगरौली।** मजदूरों ने आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ की। कंपनी के एक कर्मचारी को भी पीटा। इसके बाद आग लगा दी। सिंगरौली जिले के माडा थाना क्षेत्र के बधौरा स्थित अडाणी पावर प्लांट में शनिवार सुबह मजदूर की मौत के बाद जमकर हंगामा हो गया। गुस्साए मजदूरों ने प्लांट परिसर में तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी। सामने आए वीडियो में दूर से काले धुएं का बड़ा गुबार नजर आ रहा है। प्लांट के अंदर एक साइट के नीचे भी आग लगी हुई है। हालात को काबू में करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, प्लांट में काम करने वाले मजदूर लल्लन सिंह की शुक्रवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। मृतक मूल रूप से झारखंड के गढ़वा जिले का रहने वाला था और लंबे समय से इसी प्लांट में काम कर रहा था। मजदूर की मौत की खबर फैलते ही साथी मजदूरों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने शव छिपाने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि ये अफवाह भी फैली कि मजदूर लल्लन की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हुई है। कंपनी प्रबंधन और जिला प्रशासन का दावा है कि मजदूर की मौत देर रात हार्ट अटैक से हुई। कंपनी के अंदर स्थिति तनावपूर्ण है। मजदूरों ने एक दर्जन से अधिक गाडियों को क्षतिग्रस्त किया और पलट दिया। पुलिस चौकी प्रभारी की गाड़ी में भी तोड़फोड़ कर पलटा दी।

## जमीन विवाद में अभिनेता घाटगे ने मांगी पुलिस सुरक्षा

**इंदौर।** फिल्म अभिनेता विजयेंद्र घाटगे ने जम्बूड़ी हप्सी इलाके की जमीन को लेकर चल रहे विवाद में पुलिस से सुरक्षा मांगी है। कब्जाधारियों से खतरे की आशंका जताते हुए घाटगे ने कोर्ट में याचिका भी दायर की थी। कोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है और पुलिस कमिश्नर कार्यालय में उनके बयान भी दर्ज किए गए। वकीलों के साथ पहुंचे घाटगे ने पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह को बताया कि जमीन पर जाने पर उन्हें कब्जाधारियों से खतरा महसूस होता है। उनका कहना है कि जमीन उनके मालिकाना हक की है और खेती के लिए दी गई थी, लेकिन संबंधित व्यक्ति व उसके परिवार ने कब्जा कर लिया। डीसीपी कृष्ण लालचंदानी के मुताबिक मामले की जांच एसीपी गांधीनगर को सौंपी गई है और सुरक्षा को लेकर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अभिनेता विजयेंद्र घाटगे की मां सीता राजे घाटगे, महाराजा तुकोजीराव होलकर तृतीय की बेटी थीं। इस वजह से उन्हें होलकर राजवंश का नाती माना जाता है। उनके पिता कर्नल फतेहसिंहराव घाटगे महाराष्ट्र के कगल के मराठा शाही परिवार से थे। घाटगे ने फिल्म चितचोर से करियर शुरू किया और 100 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया।

## इंदौर में 3 बसों में लगी भीषण आग, मची अफरा-तरफरी

**इंदौर।** इंदौर के भंवरकुआं थाना क्षेत्र के तीन इमली के समीप बनी प्राइवेट बसों की पार्किंग में शनिवार रात अचानक आग लग गई। आग लगने से पार्किंग में खडी तीन बसें इसकी चपेट में आ गईं। देखते ही देखते बसें आग की लपटों में घिर गई। घटना की जानकारी मिलने पर भंवरकुआं पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। काफी देर बाद आग पर काबू पाया जा सका। तीन इमली के पास लगी तीन बसों में आग। तीन इमली के पास लगी तीन बसों में आग।

# नेशनल लोक अदालत में करदाताओं का भरोसा,एक ही दिन में 6.55 करोड़ की वसूली, नगर निगम ने बनाया नया रिकार्ड

### रात 10 बजे तक 5.99 करोड़ संपत्ति कर और 55.54 लाख जलकर जमा, इसके बाद भी कई जोन पर कर जमा करने की प्रक्रिया जारी थी, पीओएस मशीन और क्यूआर कोड से डिजिटल भुगतान ने बढ़ाई रफ्तार

दैनिक अवन्तिका » उज्जैन





वित्तीय वर्ष के अंतिम चरण में आयोजित नेशनल लोक अदालत ने नगर निगम की कर वसूली को नई गति दे दी। शनिवार को शहर के सभी जोन कार्यालयों में आयोजित लोक अदालत के दौरान करदाताओं ने बकाया संपत्ति कर और जलकर जमा कर जिम्मेदारी निभाई। देर रात तक चली वसूली में नगर निगम ने कुल 6 करोड़ 55 लाख रुपये से अधिक का कर संग्रह कर अपना ही पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार शनिवार रात 10 बजे तक शहर के विभिन्न जोन कार्यालयों में 5 करोड़ 99 लाख 58 हजार 946 रुपये संपत्ति कर और 55 लाख 54 हजार 125 रुपये जलकर के रूप में जमा किए जा चुके थे। इसके बाद भी कई जोन कार्यालयों में कर जमा करने की प्रक्रिया जारी रही। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर इस बार करदाताओं की सुविधा के लिए डिजिटल भुगतान की व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी गई। सभी जोन कार्यालयों में मशीन उपलब्ध कराई गई, जिससे करदाता क्यूआर कोड स्कैन कर सीधे संपत्ति कर का भुगतान कर सके। इस सुविधा के कारण करदाताओं को लंबी प्रक्रिया से राहत मिली और समय की बचत भी हुई। लोक अदालत के दौरान बड़े बकायादारों द्वारा कर जमा करने पर जोन कार्यालयों में मौजूद अधिकारियों ने उनका पुष्पमाला पहनाकर स्वागत भी किया। डिजिटल भुगतान सुविधा और लोक अदालत के माध्यम से दी गई राहत से करदाताओं की भागीदारी बढ़ी है, जिससे राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। निगम आयुक्त मिश्रा द्वारा निरंतर जोन कार्यालयों में पहुंचकर मानीटरिंग की जा रही थी।

# गुना के बजरंगगढ़ से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुरू किया जनसुनवाई का दूसरा चरण



**गुना।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार डाइट बजरंगढ़, गुना में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएँ सुनीं और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई केंद्रीय मंत्री ने पिछले वर्ष शुरू की थी। आज दूसरे चरण की पहली जनसुनवाई के दौरान कुल 710 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से लगभग 150 आवेदनों को केंद्रीय मंत्री द्वारा स्वयं सुना गया। इनमें से 98 आवेदनों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों को नियमानुसार संबंधित विभागों को भेजते हुए समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान सिंधिया ने कई आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। इनमें बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, लाड़ली बहना योजना, स्वास्थ्य सहायता राशि, नामांकन सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामलों का समाधान अधिकारियों द्वारा मौके पर ही कर दिया गया। सभी 712 आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण किया गया है जिनमें से बच्चे 612 आवेदन 'वर्क इन प्रोग्रेस' के रूप में दर्ज किए गए हैं जिन्हें स्वयं मंत्री ने बैग में रखा।

**अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश हर आवेदन का समाधान होना चाहिए-** जनसुनवाई के दौरान सिंधिया ने जिला प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक आवेदन का समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन आवेदनों का समाधान संभव नहीं है, उनके कारण भी स्पष्ट रूप से बताए जाएँ। साथ ही जिन मामलों का संबंध केंद्र सरकार से है उन्हें उनके कार्यालय तक भेजा जाए, जबकि राज्य सरकार से जुड़े मामलों को प्रभारी मंत्री के माध्यम से आगे बढ़ाया जाए ताकि उनका समाधान शीघ्र हो सके।

**भावुक क्षण :पिता के इलाज के लिए मदद मिलने पर रो पड़ी बेटी-**जनसुनवाई के दौरान एक भावुक क्षण भी सामने आया, जब गुना की कनिका साहू ने अपने पिता के कैंसर इलाज के लिए सहायता की गुहार लगाई।

कनिका ने बताया कि उनके पिता पिछले दो वर्षों से कैंसर से पीड़ित हैं और उपचार के लिए अभी 9 इंजेक्शन लगना शेष हैं। इस पर भितरवार विधायक पन्नालाल शाक्य ने मौके पर ही 2 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की, जबकि शेष राशि केंद्रीय मंत्री द्वारा उपलब्ध कराने की सहमति दी गई। इस अवसर पर सिंधिया ने कनिका से कहा, तुम मेरे परिवार की सदस्य हो। सहायता मिलने पर कनिका भावुक होकर रो पड़ी और कहा कि अब उनके पिता का इलाज संभव हो सकेगा।

## माझी केवट समाज की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**गुना।** शहर में शनिवार शाम को माझी केवट समाज की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज की एकजुटता और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में मुख्य रूप से संगठन के विस्तार और आगामी सांगठनिक चुनावों को लेकर रणनीति तैयार की गई।

समाज के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सबसे पहले जिला स्तर पर व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।

इस अभियान के माध्यम से समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि आगामी माह में सदस्यता अभियान की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात लोकतांत्रिक तरीके से अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न कराया जाएगा।

इस दौरान समाज के प्रबुद्धजनों ने सभी स्वजातीय बंधुओं से अपील की है कि वे इस सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज के उत्थान के लिए अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में समाज के विकास और शैक्षणिक व सामाजिक सुधार के विभिन्न बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## बेटे के सामने थ्रेसर में फंस गया किसान

**बड़ौद।** आगर जिले के बड़ोद जनपद के पिपलिया चाचा गांव में शनिवार सुबह करीब 10: 30 बजे गेहूं की फसल निकालते समय थ्रेसर मशीन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। शव निकालने के पूरी थ्रेशर मशीन को खोला गया। शव को निकालने के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पूरा शरीर छलनी की तरह हो गया था। शव के टुकड़े मशीन में कई जगह फंसे हुए थे। मृतक की पहचान 60 वर्षीय मांगी लाल भुवान सिंह के रूप में हुई है। यह घटना उनके अपने खेत में हुई, जहां उनके बेटे दरबार सिंह सहित करीब छह परिजन मौजूद थे। मांगी लाल अपने खेत में गेहूं की फसल निकालने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका हाथ थ्रेसर मशीन में आ गया। उनकी चीख निकल गई। जब तक परिजन पहुंचते ऊपर का आधा धड़ मशीन के अंदर समा चुका था।

## एलपीजी सिलेंडर के दुरुपयोग पर कार्रवाई

**मंडलेश्वर।** नगर में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की टीम ने नगर के विभिन्न होटल और छोटे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर जांच करते हुए कार्रवाई की। जांच के दौरान घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने पर खिलाफ प्रकरण दर्ज किए।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**संख्या W/623/5/1/NIT** **दिनांक: 12.03.2026**

**ई-टेंडरिंग नोटिस**

मंडल रेल प्रबंधक / मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है । विवरण इस प्रकार है- **क्र.सं.: 1. ई-टेंडरिंग संख्या: RTM-2025-26-194. कार्य का नाम**: Sehore - Providing officer rest house having 05 suits in connection simhastha 2028 including with Electrical Work. **अनुमानित लागत**: रु 1,11,98,294.94. **बयाना राशि**: रु 2,06,000/-. **कार्य समापन अवधि**: 10 माह। **क्र.सं.: 2. ई-टेंडरिंग संख्या: RTM-2025-26-200. कार्य का नाम**: Maksi - Bhopal Section - Raising of platforms at Panchawan at Platform No.1, Parbati at Platform No.1 and 04 meter wide Foot Over Bridge with 02 ramp landings at Panchawan and Parbati station. **अनुमानित लागत**: रु 8,61,60,389.72. **बयाना राशि**: रु 5,80,900/-. **कार्य समापन अवधि**: 15 माह। **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि दोनों टेंडर के लिए**: 12.03.2026. **निविदा खुलने की तिथि दोनों टेंडर के लिए**: 09.04.2026. विस्तृत निविदा सूचना अर्हता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा फार्म की लागत शून्य है। **DE/5/1/510**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक - रतलाम मंडल - पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं.: PARKING-RTM -101, अनुबंध का प्रकार - पार्किंग स्टेण्ड, लॉट नं. PARKING-RTM-INDB- MX-87-26-1 ( Indore (PF 5/6 ) Side), अनुबंध की अवधि: 3 वर्ष। ई-नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक 30.03.2026 को 11:00 बजे प्रारंभ होगी।** प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है । अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। **DE/4/1/512**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक - रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं.: PARKING-RTM-100, अनुबंध का प्रकार**: पार्किंग स्टेण्ड। **लॉट नं.**: PARKING-RTM-BMI-MX-80-26-1 (Bamania TW & FW), PARKING-RTM-SEH-MX-82-26-1 (Sehore TW & FW), PARKING-RTM-KUH-MX-79-25-1 (Khachroad TW, ThW & FW) PARKING-RTM-NAD-MX-51-24-1 (Nagda Birlagram Side), PARKING-RTM-BNG-TW-86-26-1 (Barnagar). **अनुबंध की अवधि: 3 वर्ष। ई-नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक 27.03.2026 को 11:00 बजे प्रारंभ होगी।** प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है । अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। **DE/4/1/513**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक - रतलाम मंडल - पश्चिम रेलवे ने नॉन फेयर रेवेन्यू (NFR) के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को (**www.ireps.gov.in**) के (ई-ऑक्शन लीजिंग) पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं.**: एमएसएस - आईएनडीबी - 26 - 61. **अनुबंध का प्रकार**: Non Fare Revenue (NFR). **लॉट नं.**: MSS-RTM-INDB-WstMgt-59-25-1, (Misc-Static-Services-Waste Management at Station). **अनुबंध की अवधि**: 05 वर्ष। **ई-नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक 27.03.2026 को 11:00 बजे प्रारंभ होगी।** प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। **DE/4/1/511**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

## दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को 8,000 से अधिक सहायक उपकरण किए वितरित

**गुना।** दिव्यांगजन किट वितरण शिविर भावुक पलों का साक्षी बना जब एक दिव्यांग की केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने सुबह जनसुनवाई में उठाई ट्राइसाइकिल की मांग को दोपहर में पूरा कर दिया। दरअसल केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार गुना में आयोजित दिव्यांगजन किट वितरण शिविर में भाग लेकर 1929 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को 8,000 से अधिक सहायक उपकरण प्रदान किए। इनमें से एक ट्राइसाइकिल गणपत नाम के दिव्यांगजन को दी गई जिन्होंने सुबह बजरंगगढ़ में हुई जनसुनवाई में इसकी माँग की थी। कुछ ही घंटों में अपनी माँग पूर्ण होने पर गणपत भावुक हो उठे। इस अवसर पर सिंधिया ने कहा कि दिव्यांगजनों को केवल सहारा देना ही नहीं, बल्कि उन्हें सम्मान और स्वावलंबन के साथ आगे बढ़ने का अवसर देना ही सरकार का वास्तविक लक्ष्य है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह शिविर केवल औपचारिक वितरण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि इसके पीछे लंबे समय तक चला विस्तृत चिन्हांकन अभियान है। प्रत्येक दिव्यांगजन की आवश्यकता का अलग-अलग आंकलन करते हुए लगभग 9,000 उपकरणों की सूची तैयार की गई थी, जिसके आधार पर आज 1929 लाभार्थियों को 8,000 से अधिक उपकरण प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि इन उपकरणों के माध्यम से हजारों लोगों के जीवन में बदलाव आएगा और उनके सपनों को नई उड़ान मिलेगी।

उन्होंने बताया कि यह पहल केवल गुना संसदीय क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि करेरा, आरोन और राघोगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों में भी व्यापक स्तर पर संचालित की जा रही है। हाल ही में अशोकनगर में आयोजित शिविर में 1455 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को 5172 उपकरण वितरित किए गए थे। इसके अतिरिक्त शिवपुरी में आयोजित होने वाले आगामी शिविर में लगभग 25,000 उपकरण प्रदान किए जाएंगे। इस प्रकार तीनों जिलों में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल लगभग 8,500 लाभार्थियों को 30,000 से अधिक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अपने संबोधन में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि उनका परिवार केवल किसी राजनीतिक सीमा तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण ग्वालियर-चंबल अंचल के नागरिक ही उनका परिवार हैं।

## सीएम यादव और डिप्टी सीएम देवड़ा पहुंचे बैतूल, निधन पर जताई शोक संवेदना

**बैतूल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और मंत्री कृष्णा गौर शनिवार को बैतूल पहुंचे। उन्होंने गंज स्थित निवास पहुंचकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की पुत्री सुरभि के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को हेलीकॉप्टर से बैतूल पहुंचे। उन्होंने गंज स्थित खंडेलवाल निवास जाकर परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वे सुरभि के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने आए हैं। उन्होंने कहा कि खंडेलवाल जी ने सुरभि की बहुत सेवा की। वह बाल्यकाल से ही कष्ट में थी, लेकिन परिवार के किसी सदस्य के बिछड़ने का दुख तो होता ही है। उन्होंने कहा कि इस शोक की घड़ी में वे परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और बाबा महाकाल से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को मोक्ष प्रदान करें। इससे पहले प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और मंत्री कृष्णा गौर भी बैतूल पहुंचे। उन्होंने खंडेलवाल निवास जाकर परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा सड़क मार्ग से बैतूल पहुंचे थे। देवड़ा ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

## मच्छर अगरबत्ती से टाटा सूमो में जिंदा जला व्यक्ति

**जबलपुर।** जबलपुर के सिहोरा में शनिवार सुबह टाटा सूमो के अंदर सो रहा एक व्यक्ति जिंदा जल गया। आग की लपटों ने पास की एक दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते दुकान भी जलकर खाक हो गई। आशंका है कि मच्छर भगाने के लिए जलाई गई अगरबत्ती से गाड़ी के अंदर पड़े कचरे में आग भड़क गई, जिससे व्यक्ति बाहर नहीं निकल पाया। सूमो काफी पुरानी बताई जा रही है। फिलहाल, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना सिहोरा के वार्ड नंबर-3 की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक लावारिस था। कई सालों से इलाके में खड़ी एक पुरानी टाटा सूमो में ही रह रहा था। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ था। आसपास से कूड़ा-कचरा और पन्नियां इकट्ठा कर गाड़ी में भरकर रखता था। लोगों ने बताया कि वह अक्सर गाड़ी के पास ही खाना बनाता और रात में उसी गाड़ी के अंदर सो जाता था।

## हिस्ट्रीशीटर के बेटे को दौड़ा-दौड़ाकर मारी गोली, अस्पताल में भी फायरिंग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में शनिवार तड़के कुख्यात बदमाश लल्लू रईस के घर पर फायरिंग हुई। शादाब गेट और उसके गिरोह के 8-10 बदमाशों ने दौड़ा-दौड़ाकर गोलियां चलाईं। एक गोली हिस्ट्रीशीटर के बेटे के पैर में लगी है। मामला अशोका गार्डन थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक हिस्ट्रीशीटर लल्लू रईस के घायल बेटे का नाम इमरान है। गोलीबारी के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। वारदात के बाद घायल इमरान को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसकी भनक शादाब गेट गैंग को लग गई। इसके बाद शादाब गेट गैंग हथियारों से लैस होकर हमीदिया अस्पताल पहुंच गई। अस्पताल परिसर में भी फायरिंग कर दी। गोली अस्पताल की खिड़की और दीवार पर जाकर लगी, जिससे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। खिड़की में गोलियां लगने से कांच टूट गए हैं। गोली लगने से दीवारों पर भी निशान बन गए हैं।

## 1 लाख की लूट करने पर तीन आरोपी पकड़ाए, सीधी में पूरा कैश बरामद

**सीधी।** सीधी शहर में 12 मार्च को स्टेट बैंक के पास हुई 1 लाख रुपए की लूट मामले में दो लुटेरे और एक नाबालिग लड़का पकड़ाया है। सबसे खास बात यह रही कि पुलिस ने लूटी गई पूरी रकम, टैबलेट और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद कर ली है। घटना 12 मार्च की है, जब लुटेरों ने लालमणि सिंह नाम के व्यक्ति से 1 लाख रुपए लूट लिए थे। पुलिस ने बैंक और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिससे आरोपियों का सुराग हाथ लगा। पकड़े गए आरोपियों में सचिन लोनिया (20 वर्ष), आदित्य विश्वकर्मा (18 वर्ष) और एक नाबालिग शामिल है। तलाशी के दौरान इनके पास से लूटे गए पूरे 1 लाख रुपए नकद मिल गए। पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि उन्होंने चुरहट और सेमरिया इलाकों में भी झपटमारी की कई वारदातों को अंजाम दिया है। इतनी जल्दी लूट का खुलासा करने और पूरी रकम बरामद करने पर पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली टीम की सराहना की है। उन्होंने टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है।

## अभियोजन अधिकारी 1070, एमपी में कोर्ट 2400 बाकी पद खाली

**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश हैं कि हर कोर्ट में एक अभियोजन अधिकारी होना चाहिए। इसके बावजूद एमपी में 2400 कोर्ट हैं, लेकिन 1070 ही अभियोजन अधिकारी हैं। इसका मतलब यह है कि एमपी की 1400 कोर्ट बिना अभियोजन अधिकारी के चल रही हैं। एमपी में 'वन कोर्ट वन प्रोसिक्यूशन ऑफिसर' के फॉर्मूले पर काम करने का वादा करने वाली सरकार ने 610 अभियोजन अधिकारी के पद मंजूर करने के बाद सिर्फ 17 पदों के लिए भर्ती की अनुमति दी है। इसके विपरीत स्थिति यह है कि प्रदेश में 2400 कोर्ट हैं और हर कोर्ट में एक अभियोजन अधिकारी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आधार पर होना चाहिए। इसके बाद भी सरकार इसको लेकर गंभीर नहीं है। अभियोजन अधिकारी के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लोक सेवा आयोग द्वारा निकाले गए विज्ञापन पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा है कि यह युवाओं के सपनों से खिलवाड है। पता चलता है कि करीब 1400 कोर्ट में अभियोजन अधिकारी नहीं हैं जबकि सुप्रीम कोर्ट के वन कोर्ट वन प्रॉसिक्यूशन अफसर के आदेश के अंतर्गत इसे भरा जाना चाहिए।

न्यूज-कॉलम

## श्री राधा-कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर आज बैठक

**मंदसौर।** श्री क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज द्वारा नवीन देवालय में आयोजित होने वाले श्री राधा-कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों को लेकर आज 15 मार्च, रविवार को प्रातः 11 बजे पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित जैन मंदिर के पास एक बैठक रखी गई है। कार्यक्रम संयोजक श्री प्रदीप भाटी ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन 20 अप्रैल से 24 अप्रैल तक संपन्न होगा। इस महोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए समाजसेवी लक्ष्मी नारायण टॉक (पप्पू पटेल साहब) का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक में महोत्सव समिति के अध्यक्ष महेश भाटी, सचिव प्रीतम मारोठिया सहित आयोजन समिति, नवयुवक मंडल और महिला मंडल के सभी पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है ताकि अब तक की व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा सके और आगामी कार्ययोजना तैयार की जा सके।

## वाहनों में घरेलू गैस भरते हुए आरोपी पकड़ाया

**मंदसौर।** जिले के सुवासरा के नईआबादी क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से एलपीजी गैस की टंकियों से उपकरणों के माध्यम से वाहनों में फ्यूल के रूप में गैस भरते हुए एक आरोपी को पकड़ा है। मौके से तीन कंप्रेसर मशीन, एक मशीन में दो मुंह पर नोजल, एचपी कम्पनी की लाल रंग की 10 गैस टंकिया जिसमें 8 टंकिया भरी व 3 खाली व एक इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटा जब्त किया जिनकी कुल कीमत 48 हजार 280 रुपये बताई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुवासरा थना पुलिस ने 13 मार्च की शाम को यह कार्यवाही आरोपी सुमित (35) पिता अशोक सोनी निवासी नईआबादी सुवारा के घर के पीछे बाड़े में की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी सुमित को पकड़कर उसके विरूद्ध बीएनएस की धारा 287, 288, 289 व 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया।

## उद्यानिकी में एआई तकनीक के उपयोग पर दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**मन्दसौर।** स्थानीय उद्यानिकी महाविद्यालय में उद्यानिकी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की संभावनाएं एवं अनुप्रयोगज्ञ विषय पर दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आईसीएआर अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में चंडीगढ़ से आए विशेषज्ञ डॉ. दुष्यंत कुमार सिंह ने विद्यार्थियों और स्टाफ को आधुनिक तकनीक की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि एआई की मदद से फसलों की सटीक निगरानी, रोगों की पहचान और स्मार्ट सिंचाई के माध्यम से उत्पादन का बेहतर पूवार्नुमान लगाया जा सकता है। ड्रोन और सेंसर जैसी तकनीकों का उपयोग भविष्य में खेती को अधिक आधुनिक और लाभदायक बनाएगा। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दीपक हरि रानाडे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एआई के व्यावहारिक उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न भी पूछे।

## ढाई बीघा चने के ढेर पर आग लगाई, दो आरोपी पर प्रकरण दर्ज

**मंदसौर।** जिले के गरोठ थाना क्षेत्र के ग्राम धामनिया झाली में रंजिश के चलते आरोपियों ने ढाई बीघा चने के ढेर में नुकसान पहुंचाने के लिये आग लगा दी। पुलिस के अनुसार यह आगजनी की घटना 13 मार्च की रात करीब 11.30 बजे की है। जिसकी रिपोर्ट फरियादिया जोधाबाई पति बद्रीलाल मीणा उम्र 65 वर्ष निवासी धामनिया झाली ने की है कि आरोपियों रंगलाल पिता रोडूलाल और उम्मेदराम पिता रोडूलाल दोनों निवासी धामनिया झाली ने फरियादी के खेत पर ढाई बीघा चने के ढेर को नुकसान पहुंचाने की नियत से आग लगा दी। पुलिस दोनों आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया।

## प्रभारी मंत्री ने अधि-कारियों के साथ की बैठक

**नीमच।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा नीमच जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने शनिवार को नीमच जिले के अल्प प्रवास दौरान सर्किट हाउस नीमच पर जिले के जनप्रतिनिधियों, और वरिष्ठ अधि कारियों के साथ बैठक की।

सूचना
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777
7771090777

# रतलाम में पहली बार अवेक क्रेनियोटॉमी द्वारा डॉ.मिलेश नागर ने 17 वर्षीय युवती का किया दिमाग का सफल ऑपरेशन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



शहर के राघव न्यूरो ट्रॉमा केयर में 17 वर्षीय युवती प्रियंका भाभर का जटिल मस्तिष्क ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। प्रियंका रतलाम के प्रकाश नगर क्षेत्र की निवासी हैं। यह सर्जरी न्यूरोसर्जन डॉ. मिलेश नागर द्वारा की गई, जबकि एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी एनेस्थेटिस्ट डॉ. गौरव यादव ने संभाली। खास बात यह रही कि यह ऑपरेशन अवेक क्रेनियोटॉमी तकनीक से किया गया, जो रतलाम जिले में अपनी तरह का पहला मामला है।

**सिर में चोट के बाद हुई गंभीर समस्या**

जानकारी के अनुसार प्रियंका भाभर को सिर में गंभीर चोट लगने के बाद अस्पताल लाया गया। जांच और सीटी स्कैन में पता चला कि उसे डिप्रेस्ड स्कल फ्रैक्चर हो गया है, जिसमें खोपड़ी की हड्डी का एक हिस्सा अंदर की ओर धंस जाता है और मस्तिष्क पर दबाव बना सकता है। यह स्थिति समय पर उपचार न मिलने पर गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याएं पैदा कर सकती है। मरीज की स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत सर्जरी का निर्णय लिया।

**क्या होती है अवेक क्रेनियोटॉमी**

एक आधुनिक और उन्नत न्यूरोसर्जिकल तकनीक है, जिसमें ऑपरेशन के दौरान मरीज को बेहोश नहीं किया जाता। सर्जरी के महत्वपूर्ण चरणों में मरीज को जागृत रखा जाता है ताकि डॉक्टर उसके बोलने, समझने और शरीर की गतिविधियों को लगातार मॉनिटर कर सकें। इससे मस्तिष्क के संवेदनशील हिस्सों को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है।

**सफलतापूर्वक किया गया ऑपरेशन**

डॉ. मिलेश नागर और उनकी टीम ने अत्यंत सावधानी के साथ धंसी हुई खोपड़ी की हड्डी को उठाकर उसकी सही स्थिति में स्थापित किया और मस्तिष्क को सुरक्षित किया। ऑपरेशन के दौरान एनेस्थेटिस्ट डॉ. गौरव यादव ने मरीज की स्थिति और दर्द नियंत्रण की लगातार निगरानी की। पूरी सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई और किसी प्रकार की जटिलता सामने नहीं आई।

**चार दिनों में मिली छुट्टी**

सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति लगातार बेहतर होती गई और उसे केवल 4 दिनों में ही अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वर्तमान में प्रियंका भाभर पूरी तरह स्वस्थ है और सामान्य जीवन जी रही है।

**रतलाम के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि**

डॉ. मिलेश नागर के अनुसार रतलाम में पहली बार इस प्रकार की अवेक क्रेनियोटॉमी सर्जरी की गई है। यह उपलब्धि जिले में उन्नत न्यूरोसर्जिकल सुविधाओं की उपलब्धता को दशार्ती है। उन्होंने बताया कि समय पर सही उपचार मिलने से सिर की गंभीर चोट वाले मरीजों को बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

# सोने की चेन स्नेचिंग करने वाली चार महिलाओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### महाराष्ट्र की महिलाएं चेन स्नेचिंग करने कार से आई रतलाम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



दशा माता पूजा के दौरान एक वृद्धा के गले से सोने की चेन स्नेचिंग करने वाली चार महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ये महिलाएं महाराष्ट्र के जलगांव की रहने वाली हैं और वर्तमान में इंदौर में रह रही थीं। चेन स्नेचिंग करने के लिए ये इंदौर से किराए की कार से रतलाम आई थीं।

वृद्धा के गले से चेन गायब करने के बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए शहर में चार अलग-अलग स्थानों पर ऑटो बदले और फिर कार से इंदौर के लिए रवाना हो गईं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पीछा करते हुए इन्हें धार जिले में पकड़ लिया।

स्नेचिंग की घटना का खुलासा सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया और माणकचौक थाना प्रभारी पातीराम डावरे ने शनिवार दोपहर माणकचौक थाने में किया। सीएसपी ने बताया कि हरदेवलाला पिपली क्षेत्र स्थित भैरव मंदिर में शुक्रवार को पूजा के दौरान क्षेत्र की रहने वाली सावित्री देवी (74), पति जगदीश माहेश्वरी, के गले से करीब तीन तोले सोने की चेन गायब हो गई थी।

चेन में लगा करीब एक ग्राम सोने का पेंडल साड़ी में अटका हुआ मिला था। वृद्धा ने अपने साथ पूजा करने आई बहू विद्या माहेश्वरी को बताया कि उनके गले में चेन नहीं है। तब बहू ने बताया कि पूजा के दौरान चार महिलाएं उनकी सास के आसपास खड़ी थीं, जो क्षेत्र की नहीं लग रही थीं। बाद में उन महिलाओं को मैजिक वाहन में बैठते हुए भी देखा गया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद बहू ने कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्ध महिलाओं की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने शहर के विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

### महिलाओं ने पुलिस को गुमराह करने के लिए चार जगह बदले ऑटो

पुलिस ने शहर के सीसीटीवी कैमरे चेक किए। फुटेज में महिलाएं हर-देवलाला पिपली क्षेत्र से लाल मैजिक वाहन में बैठते हुए दिखाई दीं। इसके बाद वे चांदनी चौक पर उतरीं और कुछ दूर पैदल चलने के बाद ऑटो कर लिया। ऑटो से वे हाट की चौकी क्षेत्र पहुंचीं। वहां कुछ दूरी पैदल चलने के बाद उन्होंने दूसरा ऑटो किया। इसके बाद वे महू रोड बस स्टैंड के पास ऑटो से उतरीं और वहां से तीसरा ऑटो कर प्रताप नगर ब्रिज के पास पहुंचीं।

यहां से पैदल चलते हुए महिलाएं महू रोड मंडी की तरफ गईं। इसके बाद वहां से कार क्रमांक एमपी 09 एआर 0301 में सवार होकर इंदौर के लिए रवाना हो गईं। घटना के बाद से ही पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों का पीछा कर रही थी। पुलिस ने पीछा करते हुए धार जिले के धामनोद तक जाकर चारों महिलाओं को पकड़ लिया।



## नगर में पोरवाल समाज महिला मंडल ने धूमधाम से निकाली गणगौर की झेल

**मन्दसौर।** श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल द्वारा गणगौर पर्व के अवसर पर परंपरागत उत्साह के साथ च्झेलज निकाली गई। नई आबादी स्थित शिव-हनुमान मंदिर पर ईसर-गौरी और मंगल कलश की पूजा-अर्चना के बाद यह यात्रा प्रारंभ हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए दशपुर कुंज पहुंची। अध्यक्ष कुसुम सेठिया ने बताया कि यह पर्व माता पार्वती की आराधना का प्रतीक है, जिसे सुहागिन महिलाएं और कुंवारी कन्याएं श्रद्धा के साथ मनाती हैं। यात्रा के दौरान माला मोदी और निधि गुप्ता ने दूल्हा-दुल्हन का रूप धारण किया था, जिनके साथ समाज की सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक गीतों पर नृत्य करती हुई चल रही थीं। प्रवक्ता प्रिया फरक्या ने बताया कि झेल पुलिस कंट्रोल रूम नई आबादी स्थिति शिव-हनुमान मंदिर पर ईसर -गौरी व मंगल कलश की पुजा -अर्चना के बाद प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए दशपुर कुंज पर सम्पन्न हुई। झेल में विशेष श्रृंगार कर दुल्हा-दुल्हन बने माला मोदी -निधि गुप्ता के साथ समाज की सैकड़ों महिलाएं नृत्य करती चल रही थी। प्रतिभागियों ने भाग लिया प्रथम ज्योति काला, द्वितीय प्रियंका गुप्ता, तृतीय रेखा मांदलिया व प्रोत्साहन पुरस्कार संतोष मोदी, प्रीति मांदलिया, इंदु फरक्या, लीला मंडवारिया, पुष्पा गुप्ता,रेखा उदिया ने प्राप्त किया। विजेताओं को श्रीमती शांति देवी बंशीलालजी गुप्ता परिवार (चित्तौड़ वाले) द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सुजाता सेठिया, सुशीला घाटिया, हेमलता गुप्ता, सुनीता सेठिया, ललीता सेठिया, निर्मला मांदलिया, सुनीता रत्नावत, नेहा रत्नावत, अनिता पोरवाल, भावना मेहता,रीना मेहता, मनोरमा चौधरी, संतोष फरक्या, दीपिका मंडवारिया, ममता घाटिया,नीलू मुजावदिया, प्रमिला गुप्ता, जागृति सेठिया सहित अनेक महिला उपस्थित रही।

# श्रीमती बामनिया ने बघाना क्षेत्र में किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



जिला कलेक्टर द्वारा घोषित स्वच्छता का शनिवार अभियान के तहत नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने शनिवार 14 मार्च को शहर के उप नगर बघाना स्थित विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और गणेश स्कूल के यहां सफाई कार्य में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने के साथ ही चार लापरवाह कर्मचारियों को कार्य से बंद करने के निर्देश दिए।

विदित हो कि जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा जिले की सभी निकायों के अधिकारियों को प्रति शनिवार अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर स्वच्छता व्यवस्था सुधारने व नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए थे! उसी निर्देश के तहत श्रीमती बामनिया द्वारा निरंतर शनिवार के साथ ही अन्य दिनों में भी शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को सुधारा जा रहा है। शनिवार 14 मार्च को श्रीमती बामनिया ने बघाना क्षेत्र में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सफाई व्यवस्था देखी तथा कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर चेक करने के साथ ही कुछ स्थानों पर गंदगी पाए जाने पर स्वच्छता पर्यवेक्षक व स्वच्छता जनसेवकों को नालियों व सड़क की नियमित रूप से सफाई करने तथा समय पर कचरा उठाने के निर्देश दिए ।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती बामनिया बघाना स्थित गणेश स्कूल क्षेत्र में पहुंची और वहां घरों के बाहर तक तथा नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण से सफाई कार्य में आ रही बाधा को देखते हुए रहवासियों को समझाइश दी कि अगर वह अपने क्षेत्र में सफाई चाहते हैं तो अपने घर के बाहर तथा नाली के ऊपर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटा ले जिससे व्यवस्थित रूप से नालियों की सफाई व क्षेत्र में पर्याप्त साफ सफाई की जा सके। श्रीमती बामनिया ने अधीनस्थ अमले को निर्देश दिए की अगर नागरिक नालियों के ऊपर से स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करें और अपने संसाधनों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें। श्रीमती बामनिया ने निरीक्षण के दौरान लगातार अनुपस्थित रहने वाले चार लापरवाह कर्मचारियों को कार्य से बंद करने के निर्देश भी स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक, स्वच्छता निरीक्षक श्री भेरूलाल अहीर,अविनाश घेँघट भी साथ थे।

# वेलफेयर सोसायटी द्वारा सेक्टर स्तरीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था चित्रांश सामाजिक वेलफेयर सोसाइटी समिति के द्वारा शक्ति संचय अभियान अंतर्गत सेक्टर स्तरीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण ग्राम पंचायत भीमाखेड़ी में आयोजित किया गया ।

इस मोके पर विकासखंड समन्वयक युवराज सिंह पंवार ने कहां की संपूर्ण प्रदेश में प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन करना है इस हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहा है। इस प्रशिक्षण से न केवल समितियो में सक्रियता आएगी बल्कि कार्यकर्ताओ में नेतृत्व और क्षमता में भी वृद्धि होगी ।जिससे कि आने वाले समय में शासन की योजनाओं का बेहतर ढंग से प्रचार प्रसार एवं क्रियान्वयन करने में सहयोग कर सके।। इसी के साथ जल संरक्षण नशा मुक्ति , पर्यावरण एवं आदर्शग्राम की कार्य योजना बताई गई ।

प्रशिक्षण में सरपंच विष्णुबाई मौर्य ने भीअपने विचार रखते हुए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से सभी को अवगत कराया साथ ही प्रदेश में सरकार द्वारा किसान हितेषी एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

स्वयंसेवी संस्था गठन एवं प्रबंधन विषय पर शिवेंद्र माथुर ने स्वैच्छिक संस्थाओं का गठन एवं प्रबंधन प्रस्फुटन समितियो का दस्तावेजीकरण बोर्ड, बैनर जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रशिक्षण दिया।

परामर्शदाता सुनील जमडा द्वारा सभी समितियां को बताया गया कि मुख्य मंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास अंतर्गत सामाजिक क्षेत्र का कोर्स जन अभियान द्वारा करवाया जा रहा हे। सभी अपने दस्तावेजों का ठीक प्रकार से संधारण करें प्रत्येक गतिविधि के लिए अलग-अलग पंजी बनाएं और लेखा-जोखा व्यवस्थित रखें इसी के आधार पर हमारी समिति भविष्य में एक बेहतर स्वयंसेवी संस्था के रूप में समाज के मध्य कार्य करने के लिए सुदृढ़ होगी।

प्रशिक्षण में चर्चात्मक विषय युवाओं के लिए चलाई जा रही योजना के बारे में चर्चा की गई। प्रस्फुटन समिति भीमाखेड़ी के सचिव अर्जुन प्रजापत ने आभार व्यक्त किया । उक्त प्रशिक्षण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, उपलाई, बोरदा ,रोजाना, भीमाखेड़ी एवं नगर विकास समिति के पदाधिकारीयो आदि उपस्थित थे। प्रशिक्षण के अंत में सभी को पक्षियों के लिए सकोरे बांटे गए।



## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विधिक जागरूकता व्याख्यान

**पिपलिया मंडी।** पंडित अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय पिपलिया मंडी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में ग्राम बरखेड़ा पंथ में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत आज का दिवस स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विधिक जागरूकता विषय को समर्पित रहा। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने भाग लेते हुए स्वास्थ्य, स्वच्छता और कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के सांसद प्रतिनिधि श्री इंद्रजीत भट्ट ने स्वास्थ्य सुरक्षा के विषय में विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने युवाओं को स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित योग के महत्व के बारे में बताया। अपने व्याख्यान में उन्होंने महान विचारक स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि मजबूत शरीर और दृढ़ मन के बिना जीवन में बड़े कार्य संभव नहीं होते। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ और अनुशासित जीवन ही सफलता की कुंजी है। वहीं विधिक जागरूकता विषय पर एल.एल.बी. की छात्रा सुश्री ज्योति बाला सोनी ने स्वयंसेवकों को कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं को बताया कि विपरीत परिस्थितियों में महिलाएं अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कानून का किस प्रकार उपयोग कर सकती हैं और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन भावना माली ने किया तथा अंत में कविता माली ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कन्हैया लाल लोहार, शिविर प्रभारी प्रो. अरुण नरगावे तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज में स्वास्थ्य तथा विधिक जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## चारा एवं भूसे के अवैध परिवहन पर प्रशासन की कड़ी कार्रवाई, चार ट्रक जब्त



**मन्दसौर।** जिले में पशु चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन ने इसके जिले से बाहर निर्यात पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अदिती गर्ग द्वारा जारी आदेश के तहत पशु आहार जैसे चारा, भूसा, घास और ज्वार आदि का उपयोग ईंट भट्टों या फैक्ट्रियों में जलाने और जिले की सीमा से बाहर भेजने पर 31 मई 2026 तक रोक लगाई गई है। मंदसौर एसडीएम ग्रामीण शुभम पाटीदार ने बताया कि इस आदेश के पालन में प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। इसी कड़ी में भावगढ़ से दलौदा मार्ग पर कार्रवाई करते हुए चार ओवरलोड ट्रकों को जब्त किया गया, जो अवैध रूप से भूसा लेकर जावरा की ओर जा रहे थे। तहसीलदार दलौदा ने पटवारी दल के साथ मौके पर पहुंचकर इन ट्रकों को जब्त कर थाना भावगढ़ की सुपुर्दगी में दे दिया है। जब्त किए गए ट्रकों के क्र. एमपी 09 केडी 0127, एमपी 09 केसी 8605, एमपी 14 एच 2519 एवं एमपी 09 जीई 7620 हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंध की अवधि के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति अवैध परिवहन या भंडारण में संलिप्त पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मंदसौर जिले में घरेलू गैस के 11492 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक

**मंदसौर।** जिले में घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता पूरी तरह सुचारू है और आपूर्ति व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी दी है कि वर्तमान में जिले में कुल 42 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं तथा 3 लाख 64 हजार 518 घरेलू उपभोक्ता गैस कनेक्शन से जुड़े हुए हैं। आज की स्थिति में 3 हजार 523 गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को वितरित किए गए हैं। तथा गैस एजेंसियों के पास कुल 11 हजार 492 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। मंदसौर शहर में औसतन 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 45 दिन के अंतराल में गैस बुकिंग की डिलीवरी की जा रही है। उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं और डिपो से लगातार वाहनों को भरकर एजेंसियों की ओर रवाना किया जा रहा है। अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे गैस की कमी को लेकर फैल रही किसी भी प्रकार की अफवाहों पर विश्वास न करें। आपूर्ति व्यवस्था को निरंतर बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। साथ ही कल तक प्राप्त सभी बुकिंग आदेशों के अनुसार डिपो से वाहनों को सिलेंडर भरकर एजेंसियों के लिए रवाना कर दिया गया है।

## राष्ट्रीय मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में दो छात्रों ने प्रदेश स्तर रैकिंग हांसिल की

**साबाखेड़ा।** स्थानीय सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय मेरिट कम मींस स्कॉलरशिप परीक्षा सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के छात्र शिवराज सिंह ने पूरे मध्य प्रदेश में 56वीं रैंक हासिल की है, वहीं यशवीर सिंह ने प्रदेश की मेरिट सूची में 98वां स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है और एक विशेष समारोह आयोजित कर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। परीक्षा प्रभारी मनीष बैरागी ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम और गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। विद्यालय के प्राचार्य विनीत अग्रवाल एवं प्रधानाध्यापक रजनी जाटव ने छात्रों को बधाई दी है।

## 50 लाख रुपये की अवैध शराब पकड़ी

**मन्दसौर।** जिले के नाहरगढ़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध अंग्रेजी शराब की एक बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने ग्राम फतेहगढ़ के पास रूपनी-कचनारा रोड पुलिया पर लावारिस हालत में खड़े एक ट्रक की तलाशी ली। ट्रक क्रमांक जीजे 16 एसी 7576 की जांच करने पर उसमें सोयाबड़ी के बोरों की आड़ में छिपाई गई 350 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जब्त की गई शराब की अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है, जबकि ट्रक की कीमत करीब 10 लाख रु. है। पुलिस ने आबकारी एक्ट में विवेचना शुरू कर दी।




## एकता रथ यात्रा का भव्य स्वागत

**तराना।** सरदार वल्लभभाई पटेल एकता रथ यात्रा का समाजजनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। गुरुवार को 5 बजे यात्रा का आगमन मंडी गेट पर हुआ, जहाँ समाजजनों ने पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए उमिया धाम पहुँची, जहाँ पूजन एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गुजरात से पधारे अतिथियों में एकता यात्रा के मार्गदर्शक एवं प्रायोजक अध्यक्ष सतीश भाई पटेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनुभाई पटेल, महासचिव जी.बी. पटेल, उप महासचिव रमेश भाई पटेल, रामभाई पटेल तथा संयोजक बाबू भाई पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक समाजजन उपस्थित रहे, जिनमें कैलाश पाटीदार, ईश्वर सिंह पाटीदार,माखन सिंह पाटीदार,मदनलाल पाटीदार, लक्ष्मीनारायण पाटीदार, कैलाश पाटीदार, लखनलाल पाटीदार, रामबाबू बद्रीलाल अमृतिया,रामबाबू सरपंच, दिनेश अध्यापक, गौरीशंकर अध्यापक, राजेश डडानिया, लक्ष्मीनारायण अमृतिया, विष्णुप्रसाद, रामजी ओरा एवं आशीष सरिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर मदनलाल जी पाटीदार को उनके समाज सेवा एवं योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।अंत में जगदीश दाड़ी अमृतिया ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की जानकारी समाजसेवी बलराम पाटीदार ने दी।

## 16 दिवसीय गणगौर पर्व की शुरुआत, महिलाओं ने निकाला बाना



**भौरासा।** नगर की माहेश्वरी समाज की महिलाओं द्वारा 16 दिवासी गणगौर उत्सव में फूल पाती का चल समारोह निकाला जाता है जिसमें बालिकाओं को ईशर गणगौर स्वरूप में दूल्हा-दुल्हन भी बनाए जाते हैं नगर की महेश्वरी समाज की महिलाओं द्वारा माहेश्वरी धर्मशाला से फूलपाती का चल समारोह निकाला गया व झाले लिए गए चल समारोह में सभी महिलाएं 16 श्रंगार कर नृत्य करती हुई ईशर गणगौर की आराधना करती हुई शामिल रही। नगर मे गणगौर पर्व मनाने की परंपरा है महिलाए इस पर्व को श्रद्धा पूर्वक मनाती है इस त्योहार की शुरूआत होली के दूसरे दिन से हो जाति है और अगले 16 दिनों तक इसे मनाया जाता है इस गणगौर पर्व को शादीशुदा महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सौभाग्य के लिए व्रत रख कर करती हैं तो वही कुंवारी बालिका मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए यह व्रत रखती है गणगौर तीज को सौभाग्य तृतीया के नाम से भी जाना जाता है इस अवसर पर समस्त माहेश्वरी समाज की सभी महिलाए उपस्थित थी।

## तहसील कार्यालय में ठंडे जल की पियाऊ का शुभारंभ गर्मी में आमजन को मिलेगी राहत



**महिदपुर।** भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आमजन की सुविधा हेतु तहसील कार्यालय परिसर में शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की पियाऊ का भव्य शुभारंभ किया गया। इस पियाऊ का उद्घाटन एसडीएम अजय हिंगे, तहसीलदार संतुष्टि पाल एवं पटवारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से विधि-विधान के साथ किया गया। उद्घाटन के दौरान एसडीएम अजय हिंगे ने कहा कि तहसील कार्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और शहरवासी अपने कार्यों के लिए आते हैं। बढ़ते तापमान और लू के मौसम में पानी की समुचित व्यवस्था होना अत्यंत आवश्यक है। यह पियाऊ न केवल आगंतुकों की प्यास बुझाएगी, बल्कि उन्हें गर्मी से राहत भी प्रदान करेगी। तहसीलदार संतुष्टि पाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनसेवा के कार्यों में प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों का यह समन्वय सराहनीय है। पटवारी संघ ने इस व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने और पानी की शुद्धता सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर पटवारी संघ के सदस्य और तहसील स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यालय आने वाले नागरिकों ने भी इस पहल का स्वागत किया है, क्योंकि अब उन्हें पीने के पानी के लिए कार्यालय परिसर से बाहर नहीं भटकना पड़ेगा।

## राष्ट्रीय मीन्स कम मेधा छात्रवृत्ति में चयन शिक्षकों ने दी शुभकामनाएं



**शुजालपुर।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी की छात्रा करुणा मेवाड़ा ने राष्ट्रीय मीन्स कम मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। करुणा मेवाड़ा पिता अजब सिंह मेवाड़ा की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य अल्पना राणा ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ ने भी करुणा को शुभकामनाएँ दीं और उसकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# सुख-समृद्धि की कामना के साथ महिलाओं ने किया दशा माता का पूजन







दैनिक अवन्तिका ▸▸ कायथा

हिन्दू धर्म में कई ऐसे व्रत और परंपराए है जिन्हें परिवार की खुश हाली और सम्रद्धि के लिए किया जाता है उन्ही मे से एक व्रत है दशामाता वृत यह व्रत खास तौर से सुहागिन महिलाएं करती है । होली के दस दिन बाद नवरात्रि से पांच दिन पहले चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की दसमी तिथि पर औंकारेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण मे शुक्रवार को महिलाओं ने पीपल के पेड़ की पूजा कर घर की आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने एवं परिवार में सुख शांति के लिए श्रद्धा विश्वास से दशामाता का वृत किया धार्मिक मान्यता अनुसार दशामाता व्रत करने से उनके जीवन में आने वाली बाधाएं धीरे धीरे दूर होने लगती है जीवन में सकारात्मक बदलाव आते है पीपल के पेड़ मे भगवान विष्णु का और देवी लक्ष्मी का वास माना जाता है यह व्रत जीवन की खराब परिस्थितियों को सुधारने के लिए किया जाता है अगर किसी व्यक्ति के जीवन में लगातार समस्याएं आ रही है या काम बिगड़ रहे हो तो दशामाता व्रत करने से स्थिति बेहतर हो सकती है तथा ग्रहों की खराब स्थिति का प्रभाव कम होता है इस कारण परिवार की सुख शांति और उन्नति के लिए महिलाएं इस व्रत को श्रद्धां विश्वास के साथ करती है तथा पीपल के पेड़ के निचे बैठ कर सामुहिक रुप से राजा नल एवं रानी दमयन्ती की कथा सुनते हैं घर आकार मुख्य द्वार पर हल्दी कुंम कुंम के छापे लगाये जाते है कच्चे सुत के डोरे में गाठ लगाकर गले मे पहनती है एवं परिवार के बड़े बुजुर्गो के चरण स्पर्श कर अखंड सोभाग्य का आर्शिवाद लिये जाते है।

**बड़नगर**

शीतलासप्तमी पर्व के तीसरे दिन शुक्रवार को महिलाओं ने दशा माता का विधि-विधान से पूजन कर परिवार में मंगल की कामना की। इसके लिए महिलाओं ने व्रत रखकर दशा माता की कहानी भी सुनी। परिवार की सुख-समृद्धि के लिए आज महिलाओं ने उपवास रखकर दशामाता की पूजा अर्चना की। पूजन का दौर दिनभर चलता रहा। इस मौके पर महिलाओं ने भजन कीर्तन भी किए। महिलाओं ने पीपल के पेड़ पर सूत का धागा लपेटकर सुहाग के लंबी उम्र की कामना की और घर पहुंचकर दरवाजे के दोनों ओर हाथों में हल्दी लेकर पांच-पांच छापे लगाए। दशा माता की पूजन के बाद महिलाएं घर के दरवाजे पर हल्दी का छापा या रेखाचित्र बनाती है, मान्यता है कि ऐसा करते हुए महिलाएं अपने घर को बुराई और नकारात्मकता से बचाने के लिए देवी-देवताओं से प्रार्थना करती हैं।

**महिदपुर**

शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में दशा माता का पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाने वाला यह व्रत घर की बिगड़ी हुई 'दशा' को सुधारने और परिवार में खुशहाली लाने के उद्देश्य से किया जाता है। सुबह से ही सुहागिन महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर सामूहिक रूप से मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर स्थित पीपल के वृक्ष के पास एकत्रित हुईं। महिलाओं ने पीपल की जड़ में जल अर्पित कर रोली, कुमकुम, अक्षत और पुष्प से विधिवत पूजन किया। पूजन के दौरान महिलाओं ने पीपल के चारों ओर 10 सूती धागे (डोरा) लपेटकर परिक्रमा की और अपने परिवार की सुख-शांति की कामना की। पूजन के पश्चात महिलाओं ने बैठकर दशा माता और राजा नल-रानी दमयंती की कथा सुनी। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने और कथा सुनने से घर की दरिद्रता दूर होती है और माता की कृपा से जीवन के कष्ट मिट जाते हैं। कई महिलाओं ने इस अवसर पर गले में विशेष 'दशा माता का डोरा' भी धारण किया, जिसमें दस गांठें लगाई गई थीं।

पूजन के बाद कच्चा सूत गले में धारण कर घर की रक्षा का संकल्प लिया। उपवास रखकर सात्विक भोजन ग्रहण किया गया। शाम के समय घरों में विशेष पकवान बनाए गए और दान-पुण्य के कार्य भी किए गए। इस धार्मिक आयोजन से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

**महिदपुर रोड**

शुक्रवार को नगर के हिंदू समाज की महिलाओं ने दशा माता का पूजन किया। महिलाओं ने सुबह स्नान कर नये परिधान पहन कर पूजा करने वाले स्थान पर पहुंचकर विधिवत दशा माता की पूजा अर्चना की इससे पूर्व पूजा करने वाले स्थान स्थित पीपल के वृक्ष पर कच्चे सूत के धागे को पंडितों ने पीपल के वृक्ष को धारण करवाया इसके उपरांत महिलाओं ने पूजा अर्चना की । नगर के पोरवाल मंदिर, रेल्वे परिसर स्थित त्रिभुवन नाथ मंदिर सहित अनेक स्थानों पर महिलाओं ने पहुंचकर शीतला माता का पीपल के वृक्ष में उनका निवास मानकर उनकी पूजा अर्चना की महिलाओं ने विगत वर्ष में पूजा कर पहनी सूत की माला डोरे को चढ़ाकर नया सूत की माला गले में पहनी।

**खातेगांव**

खातेगांव में चैत्र कृष्ण पक्ष की दशमी पर महिलाओं ने दशा माता का पूजन किया। होलिका दहन के दसवें दिन मनाए जाने वाले इस व्रत में सुहागिन महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि, धन-संपत्ति और कष्टों से मुक्ति की कामना करती हैं। सुबह से ही शहर में धार्मिक वातावरण देखा गया। खेड़ापति मंदिर और दुर्गा मंदिर परिसर स्थित पीपल के वृक्ष के पास बड़ी संख्या में महिलाएं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचीं। उन्होंने सोलह श्रृंगार कर थालियों में पूरी, पकवान और अन्य पूजा सामग्री सजाकर विधि-विधान से दशा माता की आराधना की।

# टोल नाके के पास दर्दनाक हादसा : ट्रक के नीचे आने से महिला की मौत, बच्ची सुरक्षित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

प्राप्त जानकारी के अनुसार नजदीकी ग्राम जाडम ऊ के पास निमार्णाधीन टोल नाके के समीप सड़क पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक युवक बाइक से जीरापुर की ओर से छापीहेड़ा की ओर जा रहा था। उसके पीछे बाइक पर एक महिला अपनी छोटी बच्ची के साथ बैठी हुई थी।

इसी दौरान रास्ते में बने ब्रेकर पर बाइक उछलने या किसी अन्य कारण से महिला असंतुलित होकर नीचे गिर गई। दुर्भाग्यवश उसी समय सामने से छापीहेड़ा की ओर से आ रहा ट्रक महिला के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने बच्ची को सुरक्षित संभाल लिया। वहीं बाइक चला रहा युवक बाइक सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की।

**इनका कहना है**

अभी महिला की पहचान नहीं हो पाई है। बच्ची का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। लोगों से अपील की जा रही है कि जो भी पहचानता हो वह पुलिस को सूचना दें। फिलहाल शव पुलिस की कस्टडी में है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बच्ची का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर उसकी पहचान कराने का प्रयास शुरू किया है, ताकि परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके।



## अवैध रूप से सट्टा अंक पर्ची लिखते दो आरोपियों को पकड़ा

**बड़नगर।** पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के कुशल निर्देशन में जिले में अपराधियों की धरपकड हेतु विशेष प्राथमिकता दी जा रही है । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) अभिषेक रंजन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेन्द्र सिंह परमार के मार्गदर्शन मे थाना बडनगर के थाना प्रभारी निरी. अशोक पाटीदार व टीम व्दारा ग्राम पिपलु से आरोपी संतोष पिता दामोदर परमार जाति माली उम्र 28 साल निवासी ग्राम पिपलू एवं आरोपी राकेश पिता दामोदर परमार जाति माली उम्र 35 साल निवासी ग्राम पिपलू को सटटा अंक पर्ची लिखते पकडा गया आरोपी संतोष से सट्टा अंक लिखी पर्ची नगदी 680 रुपये नगदी एवं आरोपी राकेश से सट्टा अंक लिखी पर्ची नगदी 650 रुपये नगदी जप्त की गई।

थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि मुखबिर व्दारा सुचना मिली की ग्राम पिपलु में दो अलग अलग स्थानों पर दो व्यक्ति सटटा अंक पर्ची लिख रहे है जिसकी व्दारा मौके पर पुलिस टीम भेजकर दबीश दी गई । पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी संतोष पिता दामोदर परमार जाति माली उम्र 28 साल निवासी ग्राम पिपलू को पकड कर सट्टा अंक लिखी पर्ची नगदी 680 रुपये नगदी एवं आरोपी राकेश पिता दामोदर परमार जाति माली उम्र 35 साल निवासी ग्राम पिपलू को पकड कर सट्टा अंक लिखी पर्ची नगदी 650 रुपये नगदी जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा- 4(क) सट्टा अधिनियम का प्रकरण पंजीबध्द किया गया। उक्त पकार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाटीदार, उनि सुरेन्द्र सिंह गरवाल , प्रआर प्रदीप डामोर, आर महेश मोर्य, सैनिक भुपेन्द्र, गोवर्धन डाबी की सराहनीय भुमिका रही।

## सघन वसूली अभियान के तहत बिजली बकायादारों के सामान कुर्क

**महिदपुर।** बिजली बिल बकायादारों से वसूली के लिए विद्युत कंपनी द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। विद्युत कंपनी महिदपुर के कार्यपालन यंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत गत दो दिनों में महिदपुर ग्रामीण वितरण केंद्र के विभिन्न गांवों में कार्रवाई करते हुए 12 उपभोक्ताओं के यहां से 9 मोटरसाइकिल, 1 कूलर, 1 साइकिल और 1 सिलाई मशीन जब्त की गई। इन उपभोक्ताओं पर कुल 1,53,362 रुपये का बिजली बिल बकाया था। इसी प्रकार घोंसला वितरण केंद्र के विभिन्न गांवों में भी कार्रवाई करते हुए 7 उपभोक्ताओं की मोटरसाइकिल जब्त की गई, जिन पर कुल 1,05,000 रुपये की बकाया राशि थी। कार्यपालन यंत्री ने क्षेत्र के सभी बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर अपनी बकाया राशि जमा कराएं और बिजली का उपयोग नियमानुसार करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि संभाग के अन्य वितरण केंद्रों के गांवों में भी यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## समाजसेवी देवपुरी गोस्वामी का हुआ सम्मान



**बड़नगर।** दशनाम गोस्वामी समाज का सामूहिक विवाह बुम तलई माताजी शाजापुर में 11 मार्च को आयोजित हुआ। इसमें पधारे सभी संत महंतो का सम्मान किया गया । इस दौरान शाजापुर विवाह समिति की और से अध्यक्ष चरण गिरी ने सामूहिक विवाह समिति बड़नगर के अध्यक्ष देवपुरी गोस्वामी एवं किशोर गिरी, भेरू गिरी को शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## मा भारती के सेवकों के लिए बनेगी क्षेत्र में लाइब्रेली-डॉ सोनकर

# शहीद मीणा की याद में शहीद द्वार,स्मारक का भूमि पूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौरासा

भौरासा से लगे ग्राम पंचायत संवरसी मे शहीद द्वारा और स्मारक निर्माण का भूमि पूजन किया गया

ज्ञात हो कि नवंबर 2025 में ग्राम के युवा 2013 में भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे इसी दौरान वे वीरगति को प्राप्त होकर शहीद हो गए थे जिसमें उनके पार्थिव शरीर को नगर से होकर अपने गृह ग्राम संवरसी लेजाया गया था जहां जहां से पार्थिव शरीर लेजाया का रहा था समस्त वासियों ने पुष्पांजलि कर शाहिद को सलामी दी थी।

इसी के चलते अंत्येष्टि पर सोनकच्छ विधायक डॉक्टर सोनकर ने कहा था कि शहीद याद में जो भी ग्राम वासी चाहते हो समस्त मान स्वीकार हे जो भी नियम अनुसार होगा शहीद परिवार की हरसंभव मदद की जाएगी साथ ही भाजपा की केंद्र ओर प्रदेश की सरकार हमेशा शहीद परिवार वालों के साथ रही हे हमने हमारी भारतीय जनता पार्टी सरकार की तरफ से जो वादा किया था वह पूरा किया संवरसी के रहने वाले मां भारती के सपूत अमर शहीद संजय मीणा ग्रेनेडियस) अरुणाचल प्रदेश में अपने कर्तव्य निभाते हमने देश के एक सच्चे नायक को खो दिया है संजय मीणा जी ने यूनिट 11 ग्रेनेडियस में रहते हुए मातृभूमि की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है वे शहीद हो गए थे ऐसे वीर देश के लिए अपना बलिदान देने वाले,शहिद संजय मीणा के याद किया जाएगा इसी को ध्यान में रखते हुए इस इस वीर सपूत की याद में ग्राम पंचायत संवरसी में शहीद द्वार और चबूतरा स्मारक निर्माण का भूमि पूजन किया गया साथ अपने उद्बोधन में कहा कि विधानसभा में क्षेत्र के समस्त वर्तमान,रिटायर,ओर शहीद हुए मा भारती के सपूतों की जानकारी एकत्रित कर एक सुसज्जित लाइब्रेली बनवाई जाएगी जिसमें हमारे युवा उक्त स्थान पर बैठ कर लाइब्रेली उनके कठोर,परिश्रम देश के प्रति अपने कर्तव्य को जान सके ओर सेना में भर्ती होने मंशा क्षेत्र के युवाओं में बड़े जिससे हमारे देश की सेन्य शक्ति और बलशाली हो सके।

कार्यक्रम के अवसर पर उनके साथ मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत भोरासा नगर पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार जोशी मौजूद रहे।

## जैन पब्लिक स्कूल की छात्रा राधा का इंसपायर अवॉर्ड मनक में चयन



**बड़नगर।** जेजीआई ग्रुप बेंगलोर द्वारा संचालित जैन पब्लिक स्कूल, बड़नगर (ढोलाना) शिक्षण नवाचार एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिए कटिबद्ध है और इस संदर्भ में संस्था छात्रों को समय-समय पर प्रेरित करती रहती है। इसी श्रृंखला में संस्था की कक्षा-11वीं की छात्रा राधा ,लोकेन्द्र पिंकी राठौर का चयन केन्द्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी से संबद्ध राष्ट्रीय स्तर के विख्यात इंसपायर अवॉर्ड मनक के लिए हुआ है। इसमें छात्रा को डिपार्टमेंट से 10,000 रू. की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है। उक्त चयन के पश्चात छात्रा राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय देगी । छात्रा की इस अभूतपूर्व सफलता पर संस्था निदेशक श्री अंकित वोहरा, प्राचार्या श्रीमती सपना बेस्टीयन ने विशेष रुप से बधाई एवं शुभकामना प्रदान की है। यह ज्ञातव्य हो कि विद्यार्थी साइंस से संबंधित मार्गदर्शन विज्ञान शिक्षक श्री संदीप कुमार व श्रीमती माधुरी शर्मा से प्राप्त करते है। छात्रा की इस उपलब्धि पर संस्था में हर्ष का माहौल व्याप्त है। उक्त आशय की जानकारी शिक्षक इन्द्रजीत उपाध्याय द्वारा दी गई।

# शुजालपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का समारोह संपन्न

**विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मध्यप्रदेश भोज ओपन यूनिवर्सिटी, भोपाल के कुलसचिव डॉ. सुशील मंडेरिया एवं बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल के डॉ. जितेंद्र मालवीय उपस्थित रहे। समारोह में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष आलोक खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि डॉ. बी के त्यागी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम समन्वयक एवं प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अंतर्गत साइंस रंगोली, साइंस क्विज, पोस्टर, बैनर, मॉडल, निबंध, भाषण और डॉक्यूमेंट्री सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा विशिष्ट व्याख्यानों का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य वक्ता डॉ. सुशील मंडेरिया ने अपने व्याख्यान में भारतीय ज्ञान परंपरा की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों में प्रकृति, स्वास्थ्य और जीवन के संतुलन का गहरा वैज्ञानिक आधार है। उन्होंने औषधीय वनस्पतियों के महत्व और विज्ञान के विकास में मातृशक्ति के योगदान को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को शोध एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया। वहीं डॉ. जितेंद्र मालवीय ने आधुनिक विज्ञान के उभरते क्षेत्रों पर चर्चा करते हुए आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस, न्यूरोसाइंस और माइक्रोबायोलॉजी जैसे विषयों की उपयोगिता बताई। उन्होंने विद्यार्थियों से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और नई तकनीकों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर आलोक खन्ना ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई वैज्ञानिक रंगोलियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विज्ञान को सरल और रोचक बनाती हैं। डॉ. बी. के त्यागी ने भी वैज्ञानिक नवाचार और अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक एवं तार्किक सोच विकसित करते हैं और उन्हें नई खोजों के लिए प्रेरित करते हैं। प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और ट्रॉफ ी प्रदान की गई। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. आनंद अजनोदिया ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। संचालन पूनम राठौर एवं आभार डॉ. सुनील कुमार मित्तल ने माना। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## हंसिका के तलाक पर मुस्कान ने किया तंज, बोलीं- 'किसी की झूठी दुनिया..'



हंसिका मोटवानी और सोहेल कथूरिया का तीन साल की शादी के बाद तलाक हो गया है। इस मामले को कई सोशल मीडिया यूजर्स हंसिका के भाई प्रशांत और उनकी पूर्व पत्नी मुस्कान नैंसी जेम्स की शादी टूटने से जोड़ रहे थे। अब मुस्कान ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा कर खुद को इन सब से दूर रखने की बात कही। जानें उन्होंने क्या कहा?

### हंसिका मोटवानी को किया टारगेट

शुक्रवार को मुस्कान नैंसी जेम्स ने सोशल मीडिया पर अपनी ननद हंसिका पर निशाना साधते हुए एक स्टोरी शेयर की। पहले तो उन्होंने लोगों से अपील की उन्हें किसी और के निजी जीवन के ड्रामे में न घसीटा जाए। फिर आगे उन्होंने लिखा, 'किसी की सरासर झूठी दुनिया से मुझे न जोड़ें। इंतजार करें, हर सच का खुलासा हो जाएगा। सब समय का खेल है।'

### हंसिका ने किया था क्रिप्टिक पोस्ट

हाल ही में हंसिका ने भी अपने तलाक के बाद एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की थी। उन्होंने लिखा, 'हमेशा चढ़दी कला'। इसका मतलब मुश्किल समय में भी हौसला, आशा और सकारात्मक रहना चाहिए होता है। अभी तक हंसिका और सोहेल ने अपने तलाक पर कोई बयान जारी नहीं किया है।

### सहमति से हुआ तलाक

हंसिका और सोहेल ने 4 दिसंबर 2022 में शादी की थी। मगर कुछ समय बाद ही कपल के बीच अनबन की खबरें आने लगीं। महज तीन साल की शादी में हुई उथल-पुथल के बाद जोड़े ने अपने रास्ते अलग कर लिए। हंसिका की जहां यह पहली शादी थी, वही सोहेल की यह दूसरी थी। अब तक दोनों के तलाक की कोई ठोस वजह सामने नहीं आई।

उन्होंने कहा, "मैं 'सरकार 4' बना रहा हूं। इसकी शूटिंग मैं अगले महीने से शुरू करने वाला हूं।" उन्होंने अपने एक और प्रोजेक्ट 'द सिंडिकेट' के बारे में भी बात की। इस पर मजाक करते हुए राम गोपाल वर्मा ने कहा कि यह फिल्म मेरे सारे पाप धो देगी। राम गोपाल वर्मा ने यह जानकारी रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन के दौरान दी। जानिए उन्होंने क्या कुछ कहा।

# 'फिल्म मेरे सारे पाप धो देगी'

## राम गोपाल वर्मा ने 'सरकार 4' का किया ऐलान

पॉपुलर पॉलिटिकल-क्राइम फिल्म सीरीज 'सरकार' के तीन पार्ट आ चुके हैं, जिसमें अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन, ऐश्वर्या राय बच्चन और मनोज बाजपेयी जैसे कलाकार नजर आ चुके हैं। अब फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने इस फिल्म को लेकर बड़ा ऐलान किया है।



### 'मैं 'सरकार 4' बना रहा हूं

फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने अपनी पॉपुलर पॉलिटिकल-क्राइम फिल्म सीरीज 'सरकार' की अगली फिल्म 'सरकार 4' का ऐलान कर दिया है। निर्देशक ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग अगले महीने से शुरू होने वाली है।

उन्होंने कहा, 'मैं 'सरकार 4' बना रहा हूं। इसकी शूटिंग मैं अगले महीने से शुरू करने वाला हूं।' उन्होंने अपने एक और प्रोजेक्ट 'द सिंडिकेट' के बारे में भी बात की। इस पर मजाक करते हुए राम गोपाल वर्मा ने कहा कि यह फिल्म मेरे सारे पाप धो देगी। राम गोपाल वर्मा ने यह जानकारी रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन के दौरान दी।

### 'सरकार' फ्रेंचाइजी के बारे में

'सरकार' सीरीज की शुरूआत साल 2005 में हुई थी, जिसमें अमिताभ बच्चन ने सुभाष नागरे का दमदार किरदार निभाया था। फिल्म में उनके साथ अभिषेक बच्चन भी नजर आए थे, जिन्होंने इस फिल्म में अमिताभ के बेटे 'शंकर' के किरदार निभाया था।

इसके बाद इस फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म 'सरकार राज' 2008 में रिलीज हुई, जिसमें ऐश्वर्या राय बच्चन भी अहम भूमिका में थीं। फिर 2017 में 'सरकार 3' आई, जिसमें अमिताभ और अभिषेक के अलावा यामी गौतम, मनोज बाजपेयी और अमित साध जैसे कलाकार दिखाई दिए थे।

अब 'सरकार 4' की घोषणा के बाद फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। हालांकि फिल्म की कास्ट और कहानी को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।



## आदित्य धर के साथ काम करना चाहती हैं भूमि पेडनेकर

### इस एक्टर की हैं बड़ी फैन; कहा- 'उन्हें देखकर ऑब्सेस्ड हो गई'



धुरंधर के पहले पार्ट को दर्शकों ने खूब पसंद किया था और फिल्म देखने के बाद लोग इसके अगले पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। सिर्फ फैंस ही नहीं, कई सेलेब्स ने भी इस स्पाई-एक्शन थ्रिलर की तारीफ की। अब इस लिस्ट में एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर का नाम भी जुड़ गया है।

### मुझे 'धुरंधर' का पहला पार्ट बहुत पसंद आया

हाल ही में द राइट एंगल विद सोनल कालरा के नए एपिसोड में भूमि ने माना कि 'धुरंधर' देखने के बाद वह आदित्य धर और रणवीर सिंह के साथ काम करना चाहती हैं। इंटरव्यू के दौरान सोनल कालरा ने उनसे पूछा, 'भूमि, आपने कई शानदार लोगों के साथ काम किया है, लेकिन ऐसा कौन-सा एक डायरेक्टर और एक एक्टर है जो अभी भी आपकी बकेट लिस्ट में है?'

इस पर भूमि पेडनेकर ने जवाब दिया, 'एक डायरेक्टर चुनना मेरे लिए मुश्किल है, क्योंकि कई लोग हैं जिनके साथ मैं काम करना चाहती हूं। मैं जरूर संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हूं। किसी भी तरह से उनके साथ काम करना मेरा सपना है। मुझे उम्मीद है कि मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिलेगा, क्योंकि वह एक जीनियस हैं। इसके अलावा राजकुमार हिरानी के साथ भी काम करना चाहती हूं। और अब मैं आदित्य धर के साथ भी काम करना चाहती हूं, क्योंकि मुझे 'धुरंधर' का पहला पार्ट बहुत पसंद आया।'

भूमि ने आगे कहा, 'मैं आमतौर पर बहुत ज्यादा मस्कुलिन फिल्मों की ऑडियंस नहीं हूं। ऐसी फिल्मों में मुझे नींद आने लगती है और मैं उनसे कनेक्ट नहीं कर पाती। लेकिन 'धुरंधर' मुझे बहुत पसंद आई। अगर एक्टर्स की बात करूं तो मैं रणवीर सिंह की बहुत बड़ी फैन हूं। उनके साथ काम करने का मौका जरूर चाहूंगी। मुझे नहीं लगता कि उनकी कोई भी परफॉर्मेंस ऐसा रहा हो जिससे मैं, एक फैन के तौर पर, निराश हुई हूं। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में तो मैं उन्हें देखकर पूरी तरह ऑब्सेस्ड हो गई थी।'



आईपीएल की 28 मार्च से शुरूआत होनी है। इससे पहले धोनी के भविष्य को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। इरफान पठान ने सीएसके के पूर्व कप्तान को लेकर बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि धोनी आखिरी बार सीएसके की जर्सी में नजर आ सकते हैं।

## क्या आखिरी बार चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में दिखेंगे महेंद्र सिंह धोनी? इरफान पठान का बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** महेंद्र सिंह धोनी के आईपीएल में भविष्य को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि आईपीएल के आगामी सत्र में प्रशंसकों को शायद आखिरी बार धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में खेलते देखने का मौका मिले।

### आखिरी बार आईपीएल में दिखेंगे धोनी?

आईपीएल 2026 के शुरू होने से पहले धोनी के संन्यास को लेकर अटकलें फिर से बढ़ गई हैं। खासकर तब, जब सीएसके ने संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स से ट्रेड कर अपनी टीम में शामिल किया। कई लोगों का मानना है कि इस कदम से धोनी मैदान पर कम भूमिका निभाते हुए टीम के मेंटर के रूप में ज्यादा योगदान दे सकते हैं।

### इरफान पठान ने क्या कहा?

जियोहॉटस्टार के शो 'गेम प्लान' में इरफान पठान ने कहा, 'सीएसके बिना धोनी के अधूरी है। यह सीजन शायद आखिरी बार हो सकता है जब हम उन्हें पीली जर्सी में खेलते देखें। सीएसके और आईपीएल को उनके बिना सोच पाना मुश्किल है।' उन्होंने यह भी कहा कि हर साल आईपीएल आते ही धोनी पूरी तैयारी के साथ नजर आते हैं और इस बार भी वह काफी फिट दिख रहे हैं।



### धोनी का आईपीएल रिकॉर्ड

धोनी ने आईपीएल में अब तक 278 मैच खेले हैं। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स और राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स के लिए खेलते हुए 5439 रन बनाए हैं। पिछले सीजन में वह अधिकतर डेथ ओवरों में छोटे लेकिन प्रभावी कैमियो करते नजर आए थे और 13 पारियों में 196 रन बनाए थे। हालांकि, सीएसके के सीईओ के. विश्वनाथन ने कहा है कि धोनी आईपीएल 2026 के पूरे सीजन के लिए उपलब्ध रहेंगे और सभी मैच खेलने की उम्मीद है।

### टीम में मेंटर की भूमिका निभा सकते हैं धोनी

44 वर्षीय धोनी इस महीने की शुरूआत में ही चेन्नई में टीम कैंप से जुड़ चुके हैं और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। पठान के मुताबिक इस सीजन में धोनी की भूमिका युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने की हो सकती है। उन्होंने कहा कि टीम में नेतृत्व समूह तैयार किया जा रहा है, जिसमें संजू सैमसन के साथ-साथ अन्य खिलाड़ी भी शामिल होंगे।

### युवाओं को जिम्मेदारी लेने का समय

पठान का मानना है कि अब टीम में युवा खिलाड़ियों को आगे आकर जिम्मेदारी संभालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आयुष म्हात्रे, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ जैसे खिलाड़ियों को भविष्य की कमान संभालने के लिए तैयार किया जा रहा है।

## पीएसएल को नजरअंदाज करने पर बौखलाया पाकिस्तान

**कराची।** जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी ने आईपीएल को तवज्जो देते हुए पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में खेलने से इनकार कर दिया था। अब पाकिस्तान मुजरबानी के इस फैसले से बौखला गया है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। दरअसल, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुजरबानी को अपनी टीम में शामिल किया था, जिसके बाद जिम्बाब्वे के इस तेज गेंदबाज ने पीएसएल की फ्रेंचाइजी इस्लामाबाद यूनाइटेड को अपनी अनुपलब्धता के बारे में सूचित कर दिया था।

मुजरबानी इससे पहले पीएसएल में मुल्तान सुल्तान को खिताब दिला चुके हैं। उन्हें 11 फरवरी को पीएसएल की नीलामी में किसी ने नहीं खरीदा था, लेकिन बाद में इस्लामाबाद फ्रेंचाइजी ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ की जगह मुजरबानी के साथ करार किया था। हालांकि, केकेआर के साथ करार करने के बाद मुजरबानी ने आईपीएल में ही खेलने का फैसला किया।

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की, पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की, पैकिंग हेतु महिलाओं की, हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड, प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

## गिल-मंधाना वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी: आज होगा सम्मान

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने नमन अवॉर्ड 2026 की घोषणा कर दी है। यह समारोह 15 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित होगा। इस दौरान भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई के प्रतिष्ठित 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार को 'पॉली उमरीगर क्रिकेट ऑफ द ईयर' अवॉर्ड भी कहा जाता है। वहीं, महिलाओं में स्मृति मंधाना को उनके करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया जाएगा।

### सचिन-अश्विन की बराबरी करेंगे गिल

शुभमन ने दूसरी बार यह पुरस्कार जीता है। इससे पहले साल 2023 में भी उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। दूसरी बार यह अवॉर्ड जीतने के साथ ही शुभमन सचिन तेंदुलकर और रविचंद्रन अश्विन की बराबरी कर लेंगे। इन दोनों ने भी यह अवॉर्ड दो-दो बार जीता था। इन तीनों से ज्यादा बार इस अवॉर्ड से विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह ही सम्मानित हुए हैं। कोहली पांच बार बीसीसीआई के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर रहे हैं, वहीं बुमराह ने तीन बार यह अवॉर्ड जीता है।



### टेस्ट क्रिकेट में किया शानदार प्रदर्शन

26 वर्षीय शुभमन ने पिछले साल यानी 2025 टेस्ट और वनडे क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, उन्हें हाल ही में टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी, लेकिन बाकी दो फॉर्मेट में उनका प्रदर्शन बेहद दमदार रहा। शुभमन ने 2025 में टेस्ट क्रिकेट में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 983 रन बनाए। इसमें इंग्लैंड के खिलाफ उसकी सरजमीं पर खेली गई सीरीज में 754 रन शामिल रहे, जो उनकी बेहतरीन फॉर्म को दशार्ता है। इंग्लैंड से टेस्ट सीरीज में उनका औसत 70 से अधिक रहा और उन्होंने कई महत्वपूर्ण पारियां खेलीं।

### वनडे और आईपीएल में भी दमदार फॉर्म

वनडे क्रिकेट में भी गिल ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कुल 490 रन बनाए, जिसमें भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली मुहिम में बनाए गए 188 रन भी शामिल हैं। अगर सभी फॉर्मेट को मिलाकर देखा जाए तो गिल ने पिछले साल कुल 1,764 रन बनाए, जिनमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे। उनका औसत करीब 49 का रहा। इसके अलावा आईपीएल में भी गिल का बल्ला खूब चला। गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हुए और टीम की कप्तानी करते हुए उन्होंने 650 रन बनाए और लगभग 50 के औसत से बल्लेबाजी की।

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### एमआईजी थाना क्षेत्र के तीन बदमाश 3 से 6 महीने के लिए जिलाबदर

**इंदौर।** शहर में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में एमआईजी थाना पुलिस ने क्षेत्र के तीन आदतन बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की है। कार्रवाई के बाद पुलिस टीम आरोपियों के इलाकों में पहुंची और लाउड स्पीकर से मुनादी कर लोगों को इसकी जानकारी दी। थाना प्रभारी सी.बी. सिंह ने बताया कि एमआईजी थाना पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने और क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों पर सख्ती बरतते हुए तीन चिन्हित बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसमें सुदीप उर्फ सुमित पिता रमाकांत मिश्रा निवासी नरसिंह की चाल, साजिद (28) पिता इस्लाम खान निवासी कृष्णबाग कॉलोनी और अतीत (29) पिता अशोक बौरासी निवासी पाटनीपुरा शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा था। रिकॉर्ड के आधार पर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने तीनों के खिलाफ जिलाबदर के आदेश जारी किए। आदेश के तहत सुदीप उर्फ सुमित मिश्रा को 6 महीने के लिए, साजिद खान को 3 महीने के लिए और अतीत बौरासी को 6 महीने के लिए इंदौर जिले के साथ ही आसपास के सीमावर्ती जिलों उज्जैन, देवास, धार और खरगौन की राजस्व सीमा से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को आदेश तामील कराए और उनके मोहल्लों में पहुंचकर मुनादी कराई, ताकि क्षेत्र के लोगों को कार्रवाई की जानकारी मिल सके।

### शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म 1.50 लाख रुपये भी ऐंठ लिए

**इंदौर।** किराना दुकान पर काम करने वाले युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी न केवल युवती का शारीरिक शोषण किया, बल्कि कर्ज उतारने के नाम पर पीड़िता से 1.50 लाख रुपए भी ऐंठ लिए। पुलिस ने शुक्रवार को पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। एमआईजी टीआई सी.बी.सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर प्रवेश मंडलोई निवासी शिव शक्ति नगर के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में कायमी की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह एक किराना दुकान पर चार साल से काम करती आ रही है। वहीं पर आरोपी प्रवेश मंडलोई हम्माली की काम करता है। उससे जान पहचान होने के बाद दोनों दोस्त बन गए थे। फोन पर बात भी होने लगी थी। टीआई ने बताया कि 3 नवंबर 2024 को प्रवेश युवती को मां से मिलवाने का बोलकर अपने घर ले गया। उसने कहा कि वह मां से उनकी शादी की बात करने के लिए उसे लेकर आया है, मगर जब वह घर पहुंचे तो घर पर कोई नहीं था। युवती के पूछने पर प्रवेश ने कहा कि 10-15 मिनट रुको मां आने वाली है, लेकिन वहां कोई नहीं आया। इसका फायदा उठाकर प्रवेश ने युवती की मर्जी के खिलाफ उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और कहने लगा कि वे जल्दी शादी कर लेंगे। उसके बाद प्रवेश शादी का झांसा देकर लगातार संबंध बनाता रहा। इसके बाद युवती जब भी प्रवेश को शादी का बोलती वह उसके ऊपर कर्जा होने और 1.50 लाख रुपए की जरूरत होने की बात कहता। इस पर युवती ने लोन लेकर आरोपी को 1.50 लाख रुपए दे दिए। उसके बाद भी युवती ने उसे शादी का बोला तो वह टालने लगा। आरोपी युवती से ना तो शादी कर रहा है ना ही उसके पैसे लौटा रहा है। इसकी जानकारी युवती ने अपने परिवार के लोगों को दी और थाने में युवक के खिलाफ शिकायत की। पुलिस ने मामले में कायमी कर जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेस नेता राकेश सिंह यादव ने पुलिस कमिश्नर को लिखा पत्र

**इंदौर।** शहर में आयोजित की जा रही सनातन प्रीमियर लीग को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस नेता राकेश सिंह यादव ने इस आयोजन पर रोक लगाने की मांग करते हुए पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है। उनका कहना है कि क्रिकेट जैसे खेल को धर्म से जोड़ना राष्ट्रीय खेल नीति और संविधान की भावना के खिलाफ है। राकेश सिंह यादव ने अपने पत्र में कहा कि खेल समाज को जोड़ने का माध्यम होता है, न कि उसे धर्म के आधार पर बांटने का। उन्होंने आशंका जताई कि सनातनी क्रिकेट लीग जैसे आयोजनों से समाज में धार्मिक आधार पर विभाजन की भावना पैदा हो सकती है, जो सामाजिक सौहार्द के लिए ठीक नहीं है। यादव ने अपने पत्र में पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि इस आयोजन की प्रकृति और उद्देश्य की जांच की जाए और यदि यह कार्यक्रम किसी भी प्रकार से धार्मिक आधार पर लोगों को बांटने का प्रयास करता है तो इसे तत्काल प्रभाव से रोका जाए। बता दें कि इंदौर में गुरुवार से सनातन प्रीमियर लीग का चार दिवसीय आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कई स्थानीय टीमें हिस्सा ले रही हैं। आयोजन को लेकर शहर में चर्चा का माहौल है। वहीं कांग्रेस की ओर से उठाई गई आपत्ति के बाद यह मामला अब प्रशासन के संज्ञान में आ गया है। फिलहाल पुलिस प्रशासन की ओर से इस मामले में अभी कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि पत्र मिलने के बाद प्रशासन आयोजन से जुड़े पहलुओं की जानकारी जुटा रहा है। इधर, राजनीतिक हलकों में भी इस मुद्दे को लेकर बहस शुरू हो गई है। कांग्रेस जहां इसे संविधान और राष्ट्रीय खेल नीति के विपरीत बता रही है, वहीं आयोजन से जुड़े लोग इसे सांस्कृतिक पहचान से जोड़कर देख रहे हैं। आने वाले दिनों में प्रशासन के रुख पर सभी की नजर बनी हुई है।

### बिना हेलमेट टूव्हीलर चलाने वाले 1636 पर कार्रवाई, ट्रैफिक पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

**इंदौर।** इंदौर में बिना हेलमेट के शहर की सड़कों पर टूव्हीलर चलाने वालों को लेकर ट्रैफिक पुलिस का एक्शन मोड़ जारी है। पुलिस अब केवल चालान ही नहीं काट रही, बल्कि सड़कों पर बकायदा अनाउंसमेंट कर समझा भी रही है कि सिर पर हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाएं। शुक्रवार को पुलिस ने सुबह से लेकर रात तक विशेष अभियान चलाया और 1636 टूव्हीलर चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। ट्रैफिक पुलिस ने पलासिया चौराहा, विजय नगर चौराहा, महूनाका चौराहा, चाणक्यपुरी चौराहा, भंवरकुआं चौराहा सहित अन्य चौराहों पर बिना हेलमेट के टूव्हीलर चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई की। इसके साथ ही पुलिस अनाउंसमेंट कर यह भी बता रही है कि यह कार्रवाई आपके हित में है, ताकि आप हेलमेट के महत्व को समझें। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और सड़क हादसों में होने वाले दुष्परिणामों से खुद को और दूसरों को बचा सकें। ट्रैफिक पुलिस की चारों जोन के लिए बनाई गई विशेष पेट्रोलिंग टीमें लगातार कार्रवाई कर रही है। शहर के व्यवस्थतम रास्तों, बाजारों और ट्रैफिक के दबाव वाले इलाकों में ये टीमें पेट्रोलिंग कर ट्रैफिक को सुगम बनाने में लगी है। इसी कड़ी में टीम ने 137 वाहन चालकों के खिलाफ व्हील लॉक लगाकर नो-पार्किंग की वैधानिक कार्रवाई की।

### एमओएस पर प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर सियासत तेज, कांग्रेस ने किया विरोध

**इंदौर।** इंदौर में मार्जिन ऑफ स्पेस पर संपत्ति कर लगाए जाने को लेकर सियासत तेज हो गई है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने इस फैसले का विरोध करते हुए इसे जनता पर अत्याचार बताया है। कांग्रेस का आरोप है कि नगर निगम वर्ष 2020 से लागू इस टैक्स को एक साथ पांच साल की अवधि का वसूलने की तैयारी कर रहा है, जिससे शहर के लाखों संपत्ति मालिक प्रभावित होंगे। दरअसल, इंदौर नगर निगम ने एमओएस पर प्रॉपर्टी टैक्स वसूलने की प्रक्रिया शुरू की है। कांग्रेस का कहना है कि हर प्लॉट में लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा मार्जिन ऑफ स्पेस के रूप में होता है और अब उसी हिस्से पर टैक्स लगाकर निगम अपने खाली खजाने को भरने की कोशिश कर रहा है। कांग्रेस के अनुसार इस फैसले का असर शहर के करीब 8 लाख संपत्ति मालिकों पर पड़ेगा और छोटे प्लॉट के मालिकों को भी हर साल करीब 800 से 3 हजार रुपए तक का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ सकता है। कांग्रेस ने इस निर्णय को मनमाना बताते हुए चेतावनी दी है कि यदि इसे वापस नहीं लिया गया तो पार्टी शहरभर में आंदोलन करेगी। वहीं इस मामले पर इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव का कहना है कि नगर निगम की एमआईसी में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं लाया गया है। यह मध्य प्रदेश सरकार का निर्णय है, जिसे लागू किया जा रहा है और इस पर नगर निगम ने अलग से कोई विचार नहीं किया है।

#### गैस संकट गहराया, सराफा बाजार में रौनक घटी, चौपाटी में इंडक्शन पर तले जा रहे भजिए

# इलेक्ट्रिक ग्रिल में बन रहे सैंडविच

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर की चमक-दमक वाली सराफा चौपाटी और मशहूर फूड हब्स पर अब कमर्शियल एलपीजी गैस संकट का साया गहरा गया है। मिडिल ईस्ट (ईरान-अमेरिका तनाव) से उपजे वैश्विक ईंधन संकट के चलते कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई पर प्रशासनिक रोक लग गई है, जिससे शहर के स्ट्रीट फूड और रेस्तरां कारोबार प्रभावित हो रहा है। पहले जहां सराफा बाजार की रातें गरमागरम भुट्टे, गराडू, भजिए और पोहा-जलेबी की खुशबू से महकती थीं, अब वहां की रौनक फीकी पड़ गई है।



सराफ बाजार के कई दुकानदारों ने गैस की कमी से जूझते हुए इंडक्शन चूल्हे और इलेक्ट्रिक ग्रिल का सहारा ले लिया है। चौपाटी पर अब पारंपरिक गैस पर तले जाने वाले कुरकुरे भजिए इंडक्शन पर तलकर परोसे जा रहे हैं, जबकि सैंडविच और ग्रिल्ड आइटम्स इलेक्ट्रिक ग्रिल पर बनाए जा रहे हैं। एक स्थानीय दुकानदार ने बताया कि गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा तो क्या करें? ग्राहक आएंगे तो कुछ तो परोसना पड़ेगा।

**स्वाद में आया फर्क**

इंडक्शन पर भजिए तल रहे हैं, स्वाद में थोड़ा फर्क है लेकिन काम चल रहा है। छप्पन दुकान जैसे लोकप्रिय स्पॉट्स पर भी यही हाल है। व्यापारी जुगाड़ कर रहे हैं, लेकिन भीड़ पहले जितनी नहीं दिख रही। बता दें कि शहर में कमर्शियल गैस की आपूर्ति पिछले कुछ दिनों से ठप है, जबकि घरेलू सिलेंडरों पर भी बुकिंग में देरी और 25 दिनों का नियम लागू होने से आमजन परेशान हैं। होटल-कैटरिंग सेक्टर पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है, कई जगह शादियों-समारोहों में भी खाने-पीने की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। प्रशासन का कहना है कि स्थिति अस्थायी है और जल्द सुधार होगा, लेकिन फिलहाल इंदौर की स्वादिष्ट गलियों में इंडक्शन क्रांति छा गई है। कमर्शियल सिलेंडर पर रोक लगाने के कंपनियों के फैसले का सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट, छोटे खान-पान कारोबारी, छोटे-छोटे उद्योगों व शादियों पर दिखने भी लगा है।

## इंदौर-खंडवा रेल लाइन को पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर-खंडवा के बीच बनने वाली नई ब्रॉडगेज रेल लाइन के लिए पर्यावरण और वन मंत्रालय से प्रारंभिक अनुमति मिल गई है। इससे लंबे समय से अटकी परियोजना का रास्ता साफ हो गया है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। परियोजना के तहत 454 हेक्टेयर वनभूमि पर रेल लाइन बिछेगी और करीब 20 किमी क्षेत्र में 16 सुरंगें भी बनाई जाएंगी। यह रेल परियोजना इंदौर सहित पूरे मालवा और निमाड़ क्षेत्र के विकास के लिए अहम मानी जा रही है। परियोजना के तहत 10 मार्च 2026 से 9 जून 2026 तक निर्माण कार्य शुरू करने की अस्थायी अनुमति दी गई है। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि वन भूमि उपयोग से जुड़ी आवश्यक सैद्धांतिक स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे काम को तेजी से आगे बढ़ाया जा सकेगा।

## भागीरथपुरा जलकांड- 22 परिवार अस्थियां लेकर प्रयागराज रवाना

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के भागीरथपुरा दूषित जलकांड में अपने परिजनों को खो चुके 22 परिवार शनिवार को अस्थियां लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हुए। कांग्रेस सेवादल की ओर से यात्रा और धार्मिक कार्यक्रम का पूरा खर्च उठाया जा रहा है।

शनिवार सुबह मामाजी की धर्मशाला से भागीरथपुरा चौराहे तक ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार के साथ अस्थियों को विदाई दी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव और शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे मौजूद रहे। सेवादल के शहर अध्यक्ष मुकेश यादव ने बताया कि प्रयागराज पहुंचने के बाद सनातन परंपरा के अनुसार विद्वान पंडितों द्वारा अस्थि विसर्जन, पिंडदान, तर्पण और दान की विधियां कराई जाएंगी। गंगा तट पर ये धार्मिक संस्कार बनारस के पंडितों द्वारा संपन्न कराए जाएंगे। प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस सचिव सत्यनारायण पटेल, उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय भी मौजूद रहेंगे। वार्ड प्रमुख रानू मलोरिया के साथ 10 कांग्रेसी कार्यकर्ता व्यवस्थाएं संभालने के लिए पहले ही प्रयागराज पहुंच चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भागीरथपुरा बस्ती मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विधानसभा क्षेत्र में आती है। नगर निगम की लापरवाही के कारण बस्ती में दूषित पानी की सप्लाई हुई, जिससे डायरिया फैला और 36 लोगों की मौत हो गई।

## रविवार को भी खुली रहेंगी गैस एजेंसियां

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर जिले में गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कलेक्टर शिवम वर्मा के सख्त निर्देशों के तहत रविवार को भी सभी गैस एजेंसियों के कार्यालय खुले रहेंगे तथा गैस बुकिंग और रिफिल का कार्य सामान्य दिनों की तरह किया जाएगा। जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी सेल्स ऑफिसरों को निर्देशित किया गया है कि वे सुनिश्चित करें कि रविवार को कोई भी गैस एजेंसी बंद न रहे। एजेंसी संचालकों और उनकी टीमों को पूर्ण क्षमता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए आवश्यक मानव संसाधन, वाहनों और अन्य व्यवस्थाओं की योजना आज ही तैयार करने को कहा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रविवार को भी गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी आपात स्थिति में सामान्य दिनों की तरह जारी रहेगी, ताकि सोमवार को अत्यधिक बैकलॉग की स्थिति न बने और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com